आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“आज
* रामदेव जयंती
(रामदेवरा)”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 241 | उज्जैन, रविवार 13 सितम्बर, 2026 | भाद्रपद शुक्ल 2 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### मनोज जरांगे मराठा आरक्षण के लिए अब मुंबई कूच करेंगे

**जालना।** महाराष्ट्र में मराठा आंदोलनकारी मनोज जरांगे ने अंतरवाली सराटी से मुंबई मार्च को लेकर एक बड़ा ऐलान किया है। शनिवार को जालना जिले के अंतरवाली सराटी में मराठा समाज की एक बेहद अहम और निर्णायक बैठक हुई। मनोज जरांगे के नेतृत्व में हुई इस बैठक में मुंबई की ओर कूच करने का फैसला लिया गया, जिसकी घोषणा उन्होंने इस मौके पर की। मनोज जरांगे द्वारा बुलाई गई इस बैठक के लिए अंतरवाली सराटी में बड़ी संख्या में मराठा समाज के लोग इकट्ठा हुए थे। बता दें कि शनिवार को मनोज जरांगे की भूख हड़ताल का 15वां दिन है। इस कार्यक्रम के दौरान मनोज जरांगे ने राज्य सरकार की आलोचना करते हुए कहा, जब तक नाक नहीं दबाई जाएगी, तब तक वे अपना मुंह नहीं खोलेंगे, अब प्रदर्शनकारी मुंबई की ओर कूच करेंगे।

### प्रज्वल रेवन्ना के मोबाइल में पोर्न वीडियो की पुष्टि

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु की जेल में बंद पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना के मोबाइल में कई पोर्न वीडियो और पेन ड्राइव में वेब सीरीज मिलने की बात सामने आई है। शनिवार को फोन और अन्य डिवाइस की फोरेंसिक जांच में इसका पता चला। क्राइम ब्रांच ने 11 अगस्त को परप्पना अग्रहारा सेंट्रल जेल में छापा मारा था। इस दौरान रेवन्ना को जेल की कोठरी में मोबाइल इस्तेमाल करते पकड़ा गया। अधिकारियों ने मोबाइल, चार्जर, पेन ड्राइव और नोटबुक जब्त की थी। प्रज्वल, जेडीएस विधायक एचडी रेवन्ना के बेटे और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते हैं। वह नौकरानी से रेप केस में उम्रकैद की सजा काट रहे हैं। जेल में मोबाइल, पेन ड्राइव या नशीली चीजें मिलने पर कैदी की सुविधाएं कम की जा सकती हैं या उसे अलग सेल में रखा जा सकता है।

### 40 की उम्र में बिन ब्याही मां बनीं एक्ट्रेस लेडी गागा

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर सिंगर और एक्ट्रेस लेडी गागा के घर पहली बार किलकारी गूंजी है। 40 वर्षीय लेडी गागा ने अपने मंगेतर माइकल पोलान्स्की के साथ अपने पहले बच्चे का स्वागत किया है। 'पेज सिक्स' की रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों को हाल ही में उत्तरी कैलिफोर्निया में अपने नवजात बच्चे के साथ स्पॉट किया गया। हालांकि, कपल ने अभी तक शादी नहीं की है और फिलहाल मंगेतर के रूप में साथ हैं। सामने आई तस्वीरों में लेडी गागा अपने नवजात बच्चे को बेबी कैरियर के जरिए सीने से लगाए नजर आईं, जबकि उनके मंगेतर माइकल पोलान्स्की भी उनके साथ बेहद कैजुअल लुक में दिखाई दिए। कपल ने इस पल को बेहद निजी रखा है।

### हनुमान अंश ने बजट से 100 गुना ज्यादा कमाई की



**200 करोड़ का आंकड़ा पार किया, शुक्रवार के कलेक्शन में मिर्जापुर को पछाड़ा**

**मुंबई।** फिल्म हनुमान अंश ने शुक्रवार को हैवान और मिर्जापुर द मूवी से ज्यादा कमाई की। साथ ही ह्यहनुमान अंश फिल्म भारत में 200 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर चुकी है। जिसके बाद महज 2 करोड़ रुपए के बजट में बनकर फिल्म ने अपने बजट से 100 गुना से ज्यादा मुनाफा कमा लिया है। सैकनिल्क के मुताबिक, हनुमान अंश ने 36वें दिन भारत में 10.50 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया। फिल्म का भारत में कुल नेट कलेक्शन 173.63 करोड़ और ग्रॉस कलेक्शन 205.15 करोड़ रुपए हो गया है। दूसरी ओर, हैवान की शुरूआत बॉक्स ऑफिस पर धीमी रही है। 7 हजार से ज्यादा स्क्रीन पर रिलीज हुई फिल्म ने पहले दिन भारत में 3 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया। भारत में इसका ग्रॉस कलेक्शन 3.60 करोड़ रुपए रहा, जबकि विदेशों में फिल्म ने 1 करोड़ रुपए का ग्रॉस कलेक्शन किया। इसका वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन 4.60 करोड़ रुपए रहा। वहीं, मिर्जापुर द मूवी ने 8वें दिन 6,763 शो के साथ 9.50 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया। भारत में फिल्म का कुल ग्रॉस कलेक्शन 188.19 करोड़ रुपए हो गया है। विदेशों से फिल्म ने 38 करोड़ रुपए कमाए हैं।

### नैनो न्यूज

- **मुंबई** : जोमैटो पर कैश ऑन डिलीवरी हुई महंगी, 'पे ऑन डिलीवरी' के नाम से लगेगा 5 से 20 रु. तक अतिरिक्त शुल्क।
- **रायपुर** : इंस्टाग्राम रील देखकर शेयर ट्रेडिंग के जाल में फंसा कारोबारी, 94.50 लाख रुपये गंवाए।
- **ग्वालियर** : डबरा में 50 बच्चों से भरी स्कूल बस पर बदमाशों ने की फायरिंग, ड्राइवर हुआ घायल।
- **नई दिल्ली** : जिनपिंग के दौरे से पहले बड़ा ऐलान, 6 साल बाद फिर शुरू होगी भारत-चीन के बीच सीधी उड़ान।
- **इजराईल** : पीएम के मेकअप पर 4 करोड़ खर्च, तीन प्रधानमंत्रियों में नेतन्याहू के मेकअप का बिल सबसे ज्यादा, हेयर स्टाइलिस्ट के नाम छिपाए।
- **नई दिल्ली** : उत्तराखंड में 170 फीट लंबा ब्रिज बहा, छत्तीसगढ़ में 2 कॉलेज स्टूडेंट्स नदी में लापता, बिहार में 47 लाख लोग बाढ़ प्रभावित, मप्र-राजस्थान में बारिश।
- **इटली** : नेता और पूर्व विदेश मंत्री बोनिनो का निधन, महिलाओं के हक पर पोप से टकरा गई थीं एमा, 48 साल पुराना एबॉर्शन कानून बदलवाया।

डॉ. यादव ने दिल्ली में केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराजसिंह और केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा कार्य खेल मंत्री मांडविया से की भेंट

## मुख्यमंत्री आज आगर मालवा से देंगे लाड़ली बहना योजना की 40वीं किस्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन/आगर मालवा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार 13 सितंबर को आगर मालवा से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की सितंबर माह की 40वीं किस्त का अंतरण करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख 10 हजार 150 पात्र महिलाओं के बैंक खातों में 1,835 करोड़ 09 लाख 22 हजार 450 रुपये की मासिक आर्थिक सहायता सीधे अंतरित की जाएगी। सितंबर की किस्त के साथ ही योजना के प्रारंभ से अब तक महिलाओं को नियमित मासिक सहायता के रूप में अंतरित राशि 65,395.99 करोड़ रुपये हो जाएगी।

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की शुरूआत जून 2023 में हुई थी। उस समय पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 1,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती थी। अक्टूबर 2023 से इसमें 250 रुपये की वृद्धि कर सहायता राशि 1,250 रुपये प्रतिमाह की गई। नवंबर 2025 से एक बार फिर 250 रुपये की वृद्धि के बाद पात्र महिला हितग्राहियों को वर्तमान में 1,500 रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता दी जा रही है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को नई दिल्ली में केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह से भेंट की। इस दौरान मध्यप्रदेश में वस्त्र एवं टेक्सटाइल क्षेत्र के विस्तार, निवेश की संभावनाओं, औद्योगिक विकास तथा रोजगार सृजन से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा हुई।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली में केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया से सौजन्य भेंट की। इस अवसरपर मध्यप्रदेश के विकास, रोजगार सृजन, युवाओं के कौशल विकास तथा प्रदेश में रोजगार के नए अवसरों के विस्तार से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा हुई।

### 23,882.81 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया

- योजना में ऐसी पात्र लाभार्थी महिलाओं को भी प्रावधान के अनुसार लाभ दिया जा रहा है, जिन्हें सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना से प्रतिमाह 900 रुपये प्राप्त हो रहे हैं। इस व्यवस्था के तहत उन्हें अंतर की राशि उपलब्ध कराई जा रही है ।
- जून 2023 से अगस्त 2026 तक लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत 39 नियमित मासिक किस्तों का भुगतान किया जा चुका है। अब सितंबर में 40वीं किस्त अंतरित की जाएगी। इसके अतिरिक्त रक्षाबंधन के अवसर पर अगस्त 2023, अगस्त 2024, अगस्त 2025 और अगस्त 2026 में लाभार्थी महिलाओं को 250 रुपये की विशेष आर्थिक सहायता भी दी गई है।

#### 65 हजार करोड़ से अधिक की राशि

जून 2023 से अगस्त 2026 तक 63,560.90 करोड़ रुपये की राशि महिलाओं के खातों में अंतरित की जा चुकी है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में सितंबर 2026 तक योजना के अंतर्गत 11,300 करोड़ रुपये व्यय होने का अनुमान है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत 23,882.81 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया है। मुख्यमंत्री इसके अलावा आगर मालवा में 225 करोड़ रुपये से अधिक के कुल 33 विकास कार्यों का भूमि-पूजन और 28 करोड़ से अधिक के17 कार्यों का लोकार्पण भी करेंगे।

प्रमुख हाईवे परियोजनाओं की गुणवत्ता पर सांसद ने खोला मोर्चा

## उज्जैन में सिंहस्थ के कार्यों में भारी भ्रष्टाचार!

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ-2028 से पहले उज्जैन को आधुनिक और बेहतर कनेक्टिविटी देने के लिए हजारों करोड़ रुपए के निर्माण कार्य चल रहे हैं। शहर को राजस्थान और दिल्ली से जोड़ने वाले मार्गों के साथ प्रमुख हाईवे परियोजनाओं पर भी काम किया जा रहा है। इसी बीच निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठने लगे हैं। सांसद अनिल फिरोजिया ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर खराब गुणवत्ता वाले निर्माण कार्यों की जांच और जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

सांसद फिरोजिया ने बताया कि करीब 4 हजार करोड़ रुपए की लागत से देवास-बदनावर और उज्जैन-गरोठ हाईवे सहित विभिन्न सड़क परियोजनाएं विकसित की जा रही हैं। सिंहस्थ के मद्देनजर इन परियोजनाओं का समय पर और गुणवत्तापूर्ण पूरा होना शहर की यातायात व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### गडकरी के सामने रखी निर्माण की शिकायत

दिल्ली में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात के दौरान सांसद ने करीब 2600 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे उज्जैन-गरोठ हाईवे और लगभग 1400 करोड़ रुपए की लागत वाले देवास-बदनावर हाईवे में निर्माण गुणवत्ता से जुड़ी शिकायतें सामने रखीं। सांसद ने कहा कि दोनों परियोजनाओं में कुछ स्थानों पर निर्माण की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े हुए हैं और मामले की तकनीकी जांच जरूरी है। सांसद के अनुसार, केंद्रीय मंत्री को दोनों हाईवे की स्थिति से अवगत कराया गया है। उन्होंने अधिकारियों से उच्चस्तरीय जांच करवाकर कमियों को चिन्हित करने और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

### अमित शाह को फिर करना होगा हस्तक्षेप!

सिंहस्थ को लेकर केंद्र और राज्य सरकार की प्राथमिकताओं के बावजूद उज्जैन में तैयारियों की रफ्तार और व्यवस्थाओं को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। शहर में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों के बीच सिंहस्थ मेला क्षेत्र के लेआउट का अब तक अंतिम रूप से तय नहीं होना प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा रहा है। लैंडपुलिंग योजना के खिलाफ किसानों के आंदोलन के समय अमित शाह के हस्तक्षेप के बाद ही स्थिति सुधर पाई थी।

- **आला अधिकारियों की लापरवाही उजागर-** सिंहस्थ जैसे विराट धार्मिक आयोजन की तैयारियों में लंबे समय से लिए जाने वाले निर्णयों में देरी और विभागों के बीच समन्वय की कमी सामने आने की बात कही जा रही है। ऐसे में यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या उज्जैन में सिंहस्थ की तैयारियां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अपेक्षित प्राथमिकताओं और मंशा के अनुरूप आगे बढ़ रही हैं?
- **भ्रष्टाचार के आरोपों से भाजपा की साख पर असर-** निर्माण एवं व्यवस्थाओं को लेकर उठ रहे सवालों के बीच भ्रष्टाचार के आरोप भी चर्चा में हैं। विपक्ष और आलोचकों का कहना है कि यदि अनियमितताओं पर समय रहते अंकुश नहीं लगाया गया तो भ्रष्टाचार के लिए जिम्मेदार लोग भाजपा सरकार की साख को भी दांव पर लगा सकते हैं। हालांकि, इन आरोपों की पुष्टि संबंधित जांच के बाद ही हो सकेगी।
- **बड़े परिवर्तन की दरकार-** सिंहस्थ की विशालता को देखते हुए प्रशासनिक स्तर पर बड़े बदलाव और अधिक जवाबदेही की जरूरत महसूस की जा रही है। मेला क्षेत्र का लेआउट, भूमि आवंटन, सड़क, यातायात, पार्किंग और श्रद्धालुओं की सुविधाओं से जुड़े काम समयबद्ध तरीके से पूरे करना चुनौती है।
- **सिंहस्थ से पहले उठे सवाल-** क्या जिम्मेदार अधिकारी समय रहते चेतेंगे? क्या निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की स्वतंत्र जांच होगी? और अगर लापरवाही साबित होती है, तो श्रद्धालुओं की सुरक्षा की जवाबदेही कौन लेगा?

### देवास-बदनावर हाईवे को 1 साल में नुकसान

सांसद ने विशेष रूप से देवास-बदनावर हाईवे का मुद्दा उठाते हुए बताया कि इस हाईवे को बने अभी करीब तीन वर्ष ही हुए हैं, लेकिन पिछले एक वर्ष से इसके कुछ हिस्सों में लगातार नुकसान की स्थिति सामने आ रही है। ऐसे में निर्माण की गुणवत्ता और सड़क की मजबूती को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है। वहीं उज्जैन-गरोठ हाईवे अभी निर्माणाधीन है, लेकिन सांसद का कहना है कि लोकार्पण से पहले ही इसके कुछ हिस्सों में सड़क संबंधी समस्याएं दिखाई देने लगी हैं। उन्होंने मांग की कि निर्माण पूरा होने से पहले ही इसकी गुणवत्ता की स्वतंत्र और उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, ताकि भविष्य में यात्रियों को परेशानी न हो और सरकारी धन का सही उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।

### सिंहस्थ से पहले गुणवत्ता सुधारने पर जोर

सिंहस्थ-2028 में देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के उज्जैन पहुंचने की संभावना है। ऐसे में शहर को जोड़ने वाली प्रमुख सड़कों और हाईवे की स्थिति सीधे यातायात व्यवस्था से जुड़ी होगी। सांसद ने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया कि सिंहस्थ से पहले सभी प्रमुख परियोजनाओं की गुणवत्ता, सुरक्षा और निर्माण प्रगति की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए, ताकि आयोजन के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो।

### भ्रष्टाचारियों की लापरवाही : कौन लेगा श्रद्धालुओं की जान की जवाबदेही?



सिंहस्थ-2028 जैसे विशाल धार्मिक आयोजन की तैयारियों के बीच निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और व्यवस्थाओं में कथित लापरवाही को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। करोड़ों रुपए की लागत से तैयार हो रहे मार्गों और अन्य अधोसंरचना कार्यों में यदि गुणवत्ता से समझौता हुआ, तो इसका सीधा असर सिंहस्थ के दौरान उज्जैन आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर पड़ सकता है। सवाल सिर्फ सड़क और निर्माण की गुणवत्ता का नहीं, जवाबदेही का है। यदि किसी निर्माण में मानकों की अनदेखी होती है और भविष्य में कोई दुर्घटना घटती है, तो उसकी जिम्मेदारी आखिर किसकी होगी? निर्माण एजेंसियां, संबंधित अधिकारी या निगरानी करने वाले विभाग-जवाबदेही पहले तय होनी चाहिए। सिंहस्थ के दौरान देशभर से श्रद्धालु उज्जैन पहुंचेंगे। ऐसे में प्रशासन की पहली प्राथमिकता मजबूत, सुरक्षित और मानकों के अनुरूप निर्माण होना चाहिए। कथित भ्रष्टाचार और लापरवाही के आरोपों की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने वालों पर कार्रवाई जरूरी है, ताकि सरकारी धन के साथ-साथ श्रद्धालुओं की सुरक्षा से भी कोई समझौता न हो।



मोदी-जिनपिंग के बीच द्विपक्षीय बातचीत

## ब्रिक्स सम्मेलन के बीच दुनिया की नजरें टिकी हुई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच द्विपक्षीय बातचीत शुरू हो गई है। दोनों नेताओं की यह मुलाकात भारत-चीन संबंधों के लिहाज से बेहद अहम मानी जा रही है। हाल के वर्षों में सीमा विवाद के कारण रिश्तों में आए तनाव के बाद दोनों देश संबंधों में सुधार की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे में इस बातचीत से निकलने वाले संदेश पर देश और दुनिया की नजर टिकी हुई है।

मोदी और जिनपिंग की बैठक में वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी की स्थिति अहम मुद्दा हो सकती है। सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखने के साथ दोनों देशों के बीच बने सकारात्मक माहौल को आगे बढ़ाने पर चर्चा की उम्मीद है। भारत लगातार कहता रहा है कि सीमा पर शांति और सामान्य स्थिति दोनों देशों के व्यापक संबंधों के लिए जरूरी है।



### आतंकियों को पनाह देने वालों पर मिलकर एक्शन लेंगे

रूस और चीन समेत ब्रिक्स देशों ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की है। देशों ने कहा कि आतंकियों को पनाह देने वालों के खिलाफ मिलकर कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही, आतंकियों तक पहुंचने वाली फंडिंग रोकने और उन्हें सुरक्षित ठिकाने देने वालों पर कार्रवाई करने पर भी सहमति बनी है। ब्रिक्स देशों के बीच संयुक्त बयान जारी करने पर सहमति ऐसे समय में बनी है, जब पश्चिम एशिया में तनाव है और ईरान, सऊदी अरब और यूएई के कई मुद्दों पर अलग-अलग रुख हैं।

## इंदौर के नेहरू स्टेडियम में राहुल गांधी के प्रोग्राम को नहीं मिली अनुमति

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के आगामी 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम को लेकर मध्य प्रदेश के इंदौर में सियासी पारा पूरी तरह चढ़ गया है। शुरूआत में इस मेगा इवेंट के लिए जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजन की तैयारी थी, लेकिन प्रशासन से परमिशन न मिलने के बाद कांग्रेस को नया विकल्प तलाशना पड़ा। आखिरकार, इंदौर डेवलपमेंट अथॉरिटी से जमीन का अस्थायी पट्टा लेकर नया वेन्यू फाइनल कर दिया गया है।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया है कि बीजेपी सरकार राहुल गांधी के इस दौरे से बुरी तरह घबराई हुई है, जिसके चलते जानबूझकर अनुमति में देरी की गई। इंदौर सिटी कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि पार्टी ने रीजनल पार्क के सामने 12 हजार वर्ग मीटर जमीन के अस्थायी पट्टे के लिए 10.08 लाख रुपये जमा कर दिए हैं।

## ट्रक की टक्कर में कार सवार 5 युवकों की दर्दनाक मौत के बाद ड्राइवर फरार

एजेंसी ▸▸ तेजपुर

असम के सोनितपुर जिले के बालीपारा में शुक्रवार देर रात को एक सड़क हादसे में पांच युवकों की मौत हो गई। यह दुर्घटना रंगापारा पुलिस स्टेशन के बालीपारा के पास मीट चापली में एक पेट्रोल पंप के पास हुई। यहां एक कार और ट्रक के बीच आमने-सामने की भीषण टक्कर हो गई। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, अरुणाचल प्रदेश के नंबर वाले ट्रक ने असम के नंबर वाली गाड़ी को टक्कर मारी। टक्कर इतनी भयानक थी कि कार में सवार पांचों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शवों को बरामद किया।

## उत्तराखंड के पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा- कांग्रेस के सारे पद छोड़ दूंगा

एजेंसी ▸▸ देहरादून

उत्तराखंड में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने पार्टी के सभी पदों को छोड़ने की पेशकश की है। इसको लेकर रावत ने सोशल मीडिया पर लंबी पोस्ट लिखी है। रावत फिलहाल कांग्रेस प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य और कांग्रेस कार्यसमिति के स्थायी आमंत्रित सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ रही है। ऐसे समय में मेरे किसी मामले से अगर पार्टी के संघर्ष को नुकसान पहुंचता है तो मैं ऐसा नहीं चाहूंगा। इसलिए मैं पार्टी में मिली दोनों जिम्मेदारियों से हटना चाहता हूं। 10 सितंबर को रावत के पूर्व ओएसडी चंदन सिंह जीना के घर प्रवर्तन निदेशालय की रेड हुई थी। इसमें 1.28 करोड़ की संपत्तियां जब्त की गई थीं।

बिना परमिट और रूट के बेकाबू दौड़ रहे

## ई-रिक्शा अब ‘राष्ट्रीय समस्या’ : हाईकोर्ट

### केंद्र सरकार को दिया 60 दिन में नीति बनाने का निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ग्वालियर

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने सड़कों पर धड़ल्ले से दौड़ रहे और ट्रैफिक व्यवस्था बिगाड़ रहे ई-रिक्शों के संचालन पर गहरी चिंता जताई है। अदालत ने साफ शब्दों में कहा है कि बिना उचित परमिट, लाइसेंस और तय रूट के सड़कों पर घूम रहे ई-रिक्शा अब एक 'राष्ट्रीय समस्या' बन चुके हैं। ग्वालियर बेंच में एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस विवेक अग्रवाल और जस्टिस अवैंद्र कुमार सिंह की खंडपीठ ने केंद्र सरकार को इस संबंध में एक प्रभावी और व्यापक नीति तैयार करने का सख्त निर्देश दिया है।



### केंद्र और राज्य सरकारों के लिए समय-सीमा तय

अदालत ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया है कि वह आगामी 60 दिनों के भीतर एक ऐसी राष्ट्रीय नीति का प्रारूप तैयार करे जो देश के सभी शहरों में ई-रिक्शों की संख्या और उनके मूवमेंट को सुव्यवस्थित कर सके। इस नीति के तहत रूट परमिट जारी करने के कड़े नियम बनाए जाएंगे। केंद्र द्वारा नीति तैयार किए जाने के बाद इसे सभी राज्यों को भेजा जाएगा, जिसके बाद मध्य प्रदेश सरकार को भी इस नीति का अध्ययन कर इसे लागू करने के लिए 60 दिन का अतिरिक्त समय दिया गया है।




## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शनिवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

### शराब के खिलाफ उठा समाज

शराब और शराबी को समाज में बुराई की नजर से ही देखा जाता है। अच्छी नजरों से नहीं देखा जाता है, महिलाएं हमेशा ही इसके विरोध में रही हैं। शराब से जुड़े व्यक्ति को लेकर महिलाएं हमेशा ही दूरी बनाकर रखती हैं। उसकी वजह अब तक सामने आए मामलों में शराब से घरों की बबार्दी का संबंध ही रहा है आबादी की स्थिति का नहीं। घर को संवारने में महिलाओं का ही योगदान होता है। ऐसे में महिलाओं को यह घर बबार्दी का ही मूल कारण दिखाई देता है। पूर्व में पास के प्रदेश में पिंक गैंग ने इसके खिलाफ खासी स्थिति में जंग छेड़ी थी। यह स्थिति धीरे-धीरे कई प्रदेशों में फैली और महिलाएं विरोध में उतरी थी। जैसे तैसे यह मामले ठंडे पड़े ही थे और जहरीली शराब से मरने के मामले धड़ाधड़ होने लगे ऐसे में महिलाओं के क्रोध की स्थिति देखने में आने लगी है। प्रदेश में पिछले कुछ सालों में इस तरह के मामलों को लेकर अब महिलाएं आंदोलनात्मक स्थिति में आने लगी है। हाल ही में हुए सागर के मामले को लेकर शिवपुरी में महिलाओं ने अपना आक्रोश जताते हुए बहुत कुछ गुस्से में किया है। निश्चित तौर पर यह घर बबार्दी से उत्पन्न स्थिति को देखते हुए महिलाएं आंदोलित हो रही है। खुसूर-फुसूर है कि जहरीली शराब से उत्पन्न स्थिति एवं उसके बाद के हालातों को देखते हुए इसके लिए पूरी तरह से एक सामाजिक सेल बनाई जाना चाहिए। सामाजिक न्याय विभाग के तहत इसमें निरंतर सामाजिक सुधार के तहत इसमें विभागों को पहल करते हुए शराब के लतियों का उपचार और निरंतर सामाजिक रूप से उन्हें इससे परे रहने जैसी व्यवस्थाएं रहें। इसके साथ ही उन्हें व्यस्त रखने के लिए भी कार्य होना चाहिए। विभागों के संयुक्त रूप से दुकानों के सैंपल और कार्रवाई से नियंत्रण की स्थिति में बदलाव भी लाया जाना चाहिए। वर्तमान स्थिति में नियंत्रण में मात्र वर्दी की भूमिका के कारण सागर जैसी गड़बड़ की स्थिति बनी है। इसमें अगर एक से अधिक नियंत्रण के माध्यम होते तो इसका राज खुलने की स्थिति बन सकती थी।

## न्यूज कॉलम

### नेशनल लोक अदालत में नागरिकों ने लिया छूट का लाभ

**उज्जैन।** नेशनल लोक अदालत के अंतर्गत नगर निगम के समस्त जोन कार्यालयों में विशेष व्यवस्था की गई। लोक अदालत के माध्यम से संपत्ति कर एवं जलकर सहित विभिन्न करों में नियमानुसार दी जा रही छूट का लाभ लेने के लिए सुबह से ही बड़ी संख्या में नागरिक निगम के जोन कार्यालयों में पहुंचे। लोक अदालत के दौरान करदाताओं ने अपनी बकाया कर राशि का निर्धारण करवाते हुए संपत्ति कर एवं जलकर की राशि जमा की। नागरिकों को लोक अदालत में उपलब्ध छूट की जानकारी देते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा कर राशि का गणना एवं निर्धारण कर मौके पर ही भुगतान की प्रक्रिया पूरी कराई गई।

## नैनो न्यूज

- **भगवान के जन्म पर** छाई खुशियां आराधना में दो बंपर गिफ्ट खुले, लगातार 18वें वर्ष आयोजित नौ दिवसीय नवकार जाप एवं धार्मिक आराधना के छठे दिन ऐसा ही भक्तिमय नजारा देखने को मिला।
- **इस्कॉन में आज** से होगा श्रील प्रभुपाद मेमोरियल फेस्टिवल, 10 से अधिक देशों के 2000 श्रद्धालु होंगे शामिल, फेस्टिवल रहेगा भक्तों का आंतरिक अनुष्ठान
- **मनोहर बड़ोदिया** का निरीक्षक पद पर प्रमोशन, भोपाल पुलिस मुख्यालय में मिली नई पदस्थापना, नीलगंगा थाने में टीआई तरुण कुरील सहित पुलिस स्टाफ ने दी उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं
- **पर्यावरण संरक्षण** का संदेश देते हुए बांटे जाएंगे निशुल्क मिट्टी के गणपति, हरि आध्यात्मिक सनातन सेवा संस्था का आयोजन, सात वर्षों से चल रहा अभियान, 14 सितंबर को इंदिरा नगर में होगा वितरण
- **महाकाल सवारी** की परंपरा से छेड़छाड़, अनाधिकृत पंचमुखौटों की झांकी पर एसपी से शिकायत, पुजारी महासंघ ने लगाए धोखाधड़ी के आरोप, विग्रह जब्त कर महाकाल संग्रहालय में रखने की मांग
- **घर-घर विराजेंगे** मिट्टी के श्रीगणेश, बच्चों ने सीखे इको-फ्रेंडली प्रतिमा बनाने के गुर, दीप ज्योति सेवा उद्यान में कार्यशाला आयोजित, विधायक अनिल जैन रहे मुख्य अतिथि

## ट्रेंडिंग




आस्था के साथ पर्यावरण को सहेजने के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण महिला आजीविका मिशन अंतर्गत


# महिलाओं ने गोबर से तैयार की गणेश जी की प्रतिमाएं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पर्यावरण को सहेजने में महिलाएं यदि आगे आ रही हैं तो ये सराहनीय है किन्तु यदि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं पर्यावरण के महत्व को समझते हुए पर्यावरण संरक्षण के पावन यज्ञ में अपनी समिधा अर्पित करती नजर आएं तो ये बदलते नए भारत की उज्जवल तस्वीर ही कही जा सकती है। आगर मालवा के पास स्थित ग्राम आवर की महिलाओं ने राष्ट्रीय ग्रामीण महिला आजीविका मिशन द्वारा आयोजित गोबर से तैयार उत्पाद की कार्यशाला व प्रशिक्षण मे बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी की और गणेशोत्सव के पूर्व उनकी कला निखर कर सभी के सामने आ रही है। गणेश चतुर्थी के पूर्व आगर के पुराने नगरनिगम के समीप ही गोबर से निर्मित सुन्दर गणेश प्रतिमाओं का स्टाल सभी को आकर्षित कर रहा है। इस स्टाल को चला रही हैं ग्रामीण महिला रंभाबाई।

**पूरा परिवार हाथ बटाता है-** रंभाबाई ने चर्चा मे बताया कि उनके घर मे पांच गौमाता व बछड़े हैं। गोबर से कण्डे बनाने से कोई विशेष आय नहीं हो पा रही थी। इसी बीच जिला पंचायत के माध्यम से ग्रामीण महिला आजीविका मिशन के प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी मिली जिसमे माटी कला बोर्ड भी सहआयोजक था। इस प्रशिक्षण से गोबर द्वारा उत्पाद बनाने की कला सिखाई गई जो मेरे परिवार के उन्नयन मे सहायक सिद्ध हुई। उनका कहना है कि देशी गोवंश के गोबर से निर्मित गणेशजी की प्रतिमा बहुत शुभ मानी जाती है इसलिए उन्होने सभी उत्पाद में से गणेशजी की मूर्तियां बनाना चुना और इसमें उनका साथ पूरा परिवार दे रहा है।





- **लंबे समय बाद मिलता फल-** रंभाबाई ने चर्चा में बताया कि गणेशजी की मूर्ति आसानी से नहीं तैयार हो पाती है इसके लिए एक लंबी प्रक्रिया होती है। पहले गोबर को धूप में सुखाया जाता है फिर उसको ग्राइंडर में महीन पिसा जाता है। इस पिसे हुए गोबर पाउडर में सूखे हुए गेंदे के फूल कूटकर मिश्रण बनाया जाता है फिर ग्वारगम का पेस्ट मिलाकर इसे सांचे में डाला जाता है। सांचे से बाहर निकालकर गणेश प्रतिमाओं को फिर सूखने रखा जाता है और अंत मे चटक रंगों से इनकी आंख, तिलक आदि बनाया जाता है। उनकी बनाई गणेश प्रतिमाओं की डिमांड शहरों से आ रही थी किन्तु घर मे सीमित मात्रा में गोबर होने से उन्होंने कुछ ही प्रतिमाएं बनाई हैं।
- **गोबर निर्मित गणेश लुभा रहे-** रंभाबाई व उनके परिवार ने गोबर से विभिन्न आकार के सुन्दर गणेश बनाए हैं जो आगर के बाजार मे सभी को लुभा रहे हैं। सबसे अच्छी बात ये है कि गोबर की प्रतिमा ज्यादा महंगी भी नहीं है। रंभाबाई की बनाई सबसे छोटी मूर्ति की कीमत जहां रू 50 है, वहीं सबसे बड़े आकार की मूर्ति की कीमत रू 500 है।

- **गोबर के गणेश विसर्जन से नुकसान नहीं-** गोबर के गणेश पर्यावरण के लिए अनुकूल हैं। इनका विसर्जन पानी मे करने से जल प्रदूषण संकट उत्पन्न नहीं होता। इन्हें गमले या क्यारी में भी विसर्जित किया जा सकता है। गोबर, पौधों के लिए अच्छा प्राकृतिक खाद है।
- **पर्यावरण सहेजना नैतिक जिम्मेदारी-** रंभाबाई बेबाक अंदाज में कहती हैं कि अभी भी जागरूक होकर, यदि पर्यावरण संरक्षण के वारे में गंभीरता नहीं रखी तो फिर नदियों का अस्तित्व ही खत्म हो जाएगा। एक कम पढ़ी ग्रामीण महिला यदि पारिस्थितिकीय संतुलन को लेकर गंभीर है तो ये एक नए भारत की उजली तस्वीर ही है।

### बेरोकटोक बिक रही पीओपी से बनी मूर्तियां

शहर व आसपास के क्षेत्रों में प्लास्टर आफ पेरिस ( पीओपी) से बनी हुई गणेशजी की मूर्तियां बेरोकटोक बिक रही हैं। इस वर्ष पीओपी की प्रतिमाओं को आकर्षक बनाने के लिए विशेष प्रयास विक्रेताओं ने किए हैं। इन मूर्तियों को जरी व मोती लगी पगड़ी व परिधान पहनाकर बेचा जा रहा है। पीओपी की तुलना में मिट्टी व गोबर से निर्मित मूर्तियां कमतर सुन्दर लगती हैं। ग्राहक तुलनात्मक दृष्टि से देखता तो उसे पीओपी की मूर्ति लुभावनी व मोहक लगती है। ऊपर से उनको आकर्षक परिधान व आभूषण से सजाकर बेचा जा रहा है।

### पर्यावरण अनुकूल नहीं

भले ही पीओपी की मूर्तियां पर्यावरण अनुकूल नहीं हैं और विसर्जन करने पर ये आसानी से नहीं गलती और जल को प्रदूषित करती हैं किन्तु विक्रेताओं को पीओपी की मूर्तियां बेचने पर भारी मुनाफा नजर आ रहा है इसलिए सभी दुकानों पर पीओपी की गणेश प्रतिमाएं बहुत ज्यादा दिख रही हैं।

श्री महाकालेश्वर भक्ति के साथ तकनीक का अनूठा संगम

# भस्म आरती के अब 3डी पर होंगे निःशुल्क दर्शन

## भस्मआरती बुकिंग से छुटने वाले श्रद्धालुओं को चलित दर्शन के साथ सुविधा मिलेगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

अब भस्म आरती में प्रत्यक्ष रूप से सम्मिलित हो पाने से वंचित रहने वाले वाले श्रद्धालु 3डी तकनीक के माध्यम से भस्म आरती के लाइव दर्शन कर सकेंगे। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा बाबा महाकाल की भस्म आरती के दर्शन को श्रद्धालुओं के लिए और अधिक सजीव एवं विशेष अनुभव बनाने की दिशा में एक अभिनव सुविधा प्रारंभ की जा चुकी है।

मंदिर प्रबंध समिति के जनसंपर्क अधिकारी एवं नायब तहसीलदार आशीष फलवाडिया के अनुसार आधुनिक तकनीक के माध्यम से श्रद्धालुओं को बाबा महाकाल की भस्म आरती के दिव्य एवं अलौकिक स्वरूप का अनुभव प्रदान किया जाएगा। 3डी तकनीक के माध्यम से भस्म आरती की धार्मिक एवं आध्यात्मिक अनुभूति को और अधिक सजीव रूप में अनुभव करने का अवसर श्रद्धालुओं को प्राप्त होगा।



इस विशेष सुविधा का लाभ चलित दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को प्राप्त हो सकेगा। श्रद्धालु प्रातः 4:30 बजे से 6:30 बजे तक मानसरोवर स्थित दुर्लभ दर्शन केंद्र पर जाकर निःशुल्क 3डी भस्म आरती के दर्शन कर सकेंगे। 3डी भस्म आरती दर्शन के पश्चात श्रद्धालुओं को सामान्य दर्शन की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन उपलब्ध कराने तथा आस्था के साथ आधुनिक तकनीक का समन्वय स्थापित करने की दिशा में श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की यह एक महत्वपूर्ण पहल है। इस अभिनव सुविधा के माध्यम से देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को बाबा महाकाल की भस्म आरती के दिव्य एवं सजीव दर्शन 3डी तकनीक के माध्यम से एक विशेष और भावपूर्ण अनुभव के रूप में प्राप्त होंगे।

### अतिथि निवासों की आनलाइन बुकिंग

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए श्री महाकालेश्वर मंदिर के दोनों अतिथि निवासों की ऑनलाइन बुकिंग 14 सितंबर से प्रारंभ की जा रही है। मंदिर समिति द्वारा संचालित पंडित सूर्य नारायण व्यास अतिथि निवास एवं श्री महाकालेश्वर अतिथि निवास की ऑनलाइन बुकिंग सुविधा प्रारंभ की जा रही है। दोनों अतिथि निवासों के कमरों की ऑनलाइन बुकिंग सोमवार, 14 सितंबर 2026 से श्री महाकालेश्वर मंदिर की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ही करें।

### साइकिल चोरी का आरोपी पकड़ा

श्री महाकालेश्वर मंदिर की सरफेस पार्किंग क्षेत्र में साइकिल चोरी का प्रयास कर रहे एक युवक को सुरक्षा सुपरवाइजरों की सतर्कता से पकड़ा गया। सुरक्षा सुपरवाइजर किशन परमार एवं रोहित कलाहरिया ने संदिग्ध युवक को पकड़कर तत्काल पुलिस बल के सहयोग से संबंधित पुलिस चौकी पहुंचाया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम चंदन कोरी, निवासी इंदौर तथा उम्र 23 वर्ष बताई है।

मयूर पर बैठकर किया सिंधुर का वध

# गौरीनंदन का वाहन रहा मोर त्रेतायुग में

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सामान्यतः गौरीनंदन गणेश को मूषक पर आसीन ही देखा जाता है किन्तु गणेशजी का वाहन शेर व मोर भी रहे हैं। त्रेतायुग मे गणेशजी का वाहन था मयूर। गणेशपुराण में वर्णित कथानुसार त्रेतायुग में एक महाबली दैत्य हुआ सिंधुर जो सभी ऋषियों और देवताओं को परेशान कर रहा था। सिंधुर ने तपस्या कर-के अमृत का कलश पा लिया था और उसे अपने पेट में छुपा लिया। जब सभी देवता उसके अत्याचार से तंग होकर भगवान शिव की शरण मे पहुचें तो शिव ने गौरीनंदन को सिंधुर से लड़ने भेजा। गणेशजी का ये रूप बहुत ही निराला व तेजस्वी था। श्वेत वर्ण के बालगणेश की छः भुजाएं थीं और सभी भुजाओं मे भिन्न आयुध थे। मयूर पर सवार होकर गणेशजी ने अपने परशु से। सभी देवताओं ने गणेशजी की जयजयकार की और गणेशजी का ये स्वरूप कहलाया मोरेश्वर।





**पुणे के पास मोरगांव मे मंदिर-** महाराष्ट्र के पुणे शहर से लगभग 65 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है मोरेगांव। इस गांव मे मोरेश्वर गणेश का अतिप्राचीन मंदिर है। जनश्रुति है कि इसी स्थान पर मयूर पर बैठकर गणेशजी ने सिंधुर दानव को मारा था। अतिपुरातन विग्रह मे गणेश मोर पर आरूढ़ हैं। ये पवित्र अष्टविनायक यात्रा के प्रथम गणेश हैं।

# पूर्व विधायक मोरवाल ने विद्यालयों का किया दौरा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

पूर्व विधायक मुरली मोरवाल ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आह्वान पर बड़नगर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सांदीपनी सीएम राइज स्कूल, विद्यांजलि हाई स्कूल, श्रवण गुरुकुल स्कूल, ग्राम खरसोद कला के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय और चामलेश्वर स्थित फ्यूचर साइन एकेडमी में छात्र-छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने 19 सितंबर को आयोजित



होने वाले छात्रों की गूँज आवाज आपकी, मुद्दे आपके कार्यक्रम की रूपरेखा साझा करते हुए युवाओं को शिक्षा, रोजगार और भविष्य के मुद्दों पर मुखर होने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में युवाओं को सीधे राष्ट्रीय स्तर पर अपनी आवाज उठाने का अवसर मिलेगा। यह महासम्मेलन 19 सितंबर को शाम 5 बजे से इंदौर के राजीव गांधी सर्किल के पास, रीजनल पार्क के सामने स्थित भारत जोड़ो मैदान में संपन्न होगा। इस अवसर पर ब्लॉक सेवादल अध्यक्ष निलेश शर्मा, शहर सेवादल अध्यक्ष वानिश राज कटारिया, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण बिलाला, दिनेश सलोनिया, सुरेश पटेल पार्षद पति अमित जाट सहित बड़ी संख्या में छात्र -छात्राएं उपस्थित रहे।

# उपवन में कुत्तों के झुंड से आमजन को खतरा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

इस्कॉन मंदिर के पीछे स्थित राजीव गाँधी उपवन में प्रतिदिन व्यायाम एवं चहल कदमी करने आने वाले वरिष्ठ नागरिक, महिलाएं एवं बच्चो को खुद को सुरक्षित रखने के लिए विशेष सावधानी रखनी पड रही है। दरअसल उपवन मे 10-12 कुत्ते यहाँ पिछले कुछ दिनो से यहां पर डेरा डाले हुए हैं और यहाँ लगी कुर्सियों पर बैठने के साथ वो बगीचे में घूमते फिरते रहते है इसके अलावा भी इस क्षेत्र में कुछ स्थानो पर कुत्ते बड़ी संख्या में विचरण करते है जिससे आमजन के साथ कोई घटना घटित हो उसके पूर्व जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह कर लोगो को हो रही समस्या से राहत दिलावे।



# बिग बॉस फेम शेफाली बग्गा ने जूना महाकाल में किया अभिषेक



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

भारतीय टेलीविजन एंकर, पत्रकार और रियलिटी शो स्टार शेफाली बग्गा ने उज्जैन पहुंचकर बाबा महाकाल के दर्शन किए। उन्होंने जूना महाकाल मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और भगवान शिव का अभिषेक किया। मंदिर में पंडित आकाश रावल ने उन्हें अभिषेक कराया तथा धार्मिक विधि-विधान से पूजन संपन्न कराया। इस दौरान शेफाली बग्गा ने बाबा महाकाल से आशीर्वाद लिया और मंदिर की धार्मिक परंपराओं से जुड़कर आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त किया। शेफाली बग्गा को वर्ष 2019 में प्रसारित लोकप्रिय रियलिटी शो बिग बॉस 13 की कंटेस्टेंट के रूप में विशेष पहचान मिली थी। उनकी उज्जैन यात्रा के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं और प्रशंसकों में भी उत्साह देखने को मिला।

केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय निदेशक ने मक्सी रोड पर निर्माणाधीन चार्जिंग स्टेशन देखा

# 10 करोड़ी चार्जिंग स्टेशन ले रहा आकार

## 100 से अधिक बसों की क्षमता,अत्याधुनिक सुविधाओं से होगा सुसज्जित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

करीब 10 करोड़ की लागत से निर्मित किए जा रहे चार्जिंग स्टेशन जिसमें 100 से अधिक बसों की क्षमता होगी आकार ले रहा है। यह अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा। केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय में निदेशक (अर्बन ट्रांसपोर्ट/शहरी परिवहन) भानु प्रताप सिंह भदौरिया ने शनिवार को इसका निरीक्षण किया है।

उज्जैन नगर निगम द्वारा मक्सी रोड स्थित सिटी बस डिपो परिसर में अत्याधुनिक चार्जिंग स्टेशन आकार ले रहा है। निरीक्षण के दौरान भदौरिया ने नगर निगम द्वारा शहरी परिवहन व्यवस्था को बेहतर एवं आधुनिक बनाने की दिशा में किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली तथा प्रचलित निर्माण कार्य का अवलोकन किया। इस चार्जिंग स्टेशन का उद्देश्य शहर में संचालित होने वाली इलेक्ट्रिक बसों के लिए आधुनिक एवं व्यवस्थित चार्जिंग सुविधा उपलब्ध कराना है। निरीक्षण के दौरान निगम अधिकारियों द्वारा परियोजना की प्रगति, निर्माण की वर्तमान स्थिति तथा प्रस्तावित सुविधाओं की विस्तार से जानकारी दी गई।



### भवन बना, फ्लोरिंग एवं इलेक्ट्रिक कार्य प्रगति पर

नगर निगम अपर आयुक्त संतोष टैगोर ने बताया कि वर्तमान में परियोजना के अंतर्गत वर्कशॉप बिल्डिंग एवं ऑफिस निर्माण एवं सिविल वर्क से संबंधित कार्य पूर्णता की ओर है। फ्लोरिंग एवं इलेक्ट्रिक वर्क का कार्य प्रचलित है। चार्जिंग स्टेशन पूर्ण होने के पश्चात यहां 100 से अधिक बसों को व्यवस्थित रूप से संचालित एवं चार्ज करने की क्षमता विकसित होगी।

### सभी आवश्यक सुविधाएं रहेंगी

परियोजना के अंतर्गत बस संचालन एवं प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए विभिन्न आवश्यक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। इनमें मीटिंग रूम, डिपो मैनेजर रूम, ऑफिस रूम, गार्ड रूम, वॉश एरिया एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं शामिल हैं। इससे बस संचालन, रखरखाव तथा डिपो की व्यवस्थाओं को एक ही परिसर में अधिक व्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से संचालित करने में सहायता मिलेगी।

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | उज्जैन | रविवार, 13 सितंबर, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

**इंदौर।** संभागायुक्त भास्कर लाक्षाकार की अध्यक्षता में आज पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में श्री लाक्षाकार ने विभाग द्वारा किए गए दस्तावेजों के पंजीयन की जानकारी प्राप्त की। बैठक में उप महानिरीक्षक पंजीयक यू.एस. वाजपेयी, जिला पंजीयक डॉ. अमरेश नायडू, मंजुलता पटेल एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में संभागायुक्त श्री भास्कर लाक्षाकार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग द्वारा शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करें। लंबित सी.एम. हेल्पलाईन शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता के साथ किया जाए बैठक में पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग के उप महानिरीक्षक पंजीयक श्री वाजपेयी ने बताया कि संभाग के अंतर्गत समस्त वरिष्ठ जिला पंजीयक/जिला पंजीयकों के स्वीकृत पदों की तुलना में अधिकारियों/कर्मचारियों की पदस्थापना ना होने के कारण पद रिक्त है।

### 22 कार्यपालन अभियंताओं को ड्यूडेट के अगले ही दिन मिला उच्चतर वेतनमान

**इंदौर।** मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के मानव संसाधन एवं प्रशासन कार्यालय द्वारा कंपनी कैडर के 22 कार्यपालन अभियंताओं को उनकी ड्यू डेट के अगले ही दिन उच्चतर वेतनमान का लाभ प्रदान कर त्वरित प्रशासनिक प्रक्रिया का अनुपम उदाहरण पेश किया है। यह लाभ 18 वर्ष नियम के अंतर्गत द्वितीय विकल्प के तहत प्रदान किया गया। एम पी ट्रांसको के मुख्य अभियंता मानव संसाधन एवं प्रशासन धीरेंद्र सिंह ने बताया कि कंपनी में ईआरपी सिस्टम के सफल क्रियान्वयन के बाद यह पहला अवसर है, जब किसी कैडर के कार्मिकों को उनकी पात्रता तिथि के अगले दिन ही उच्चतर वेतनमान का लाभ प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि ईआरपी प्रणाली के माध्यम से कार्मिकों से संबंधित प्रक्रियाओं को अधिक सुव्यवस्थित और समयबद्ध बनाने में सहायता मिल रही है।

### धार में कृषि विभाग के कार्यालय एवं कृषि प्रक्षेत्र का निरीक्षण

**इंदौर।** धार जिले में उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग एवं परियोजना संचालक आत्मा समिति कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के पश्चात अधिकारियों एवं शाखा प्रभारियों से विभागीय कार्यों की प्रगति की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रक्षेत्र अधीक्षक को फसलों के बेहतर प्रबंधन के संबंध में आवश्यक तकनीकी सलाह दी गई। धार जिले के विकासखंड तिरला के ग्राम सलकनपुर में प्रगतिशील कृषक तेजराम जाट के फार्म पर आत्मा परियोजना के माध्यम से राष्ट्रीय प्राकृतिक मिशन अंतर्गत स्थापित बायो रिसोर्स सेंटर का अवलोकन किया गया। यहां विभिन्न प्राकृतिक उत्पादों, जैसे जीवामृत एवं घन जीवामृत आदि के उपयोग के संबंध में उपस्थित कृषकों से चर्चा की गई।

### 13 साल बाद हुआ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्धार



**इंदौर।** कलेक्टर शिवम लगातार महिलाओं से जुड़े मुद्दे को लेकर अपनी बैठकों में लगातार दिशा निर्देश देते रहते है। इसी संदर्भ में राऊ एसडीएम लोकेंद्र सरल ने कलेक्टर शिवम वर्मा की उपस्थिति में धन्नड़ में प्रसव केंद्र का शुभारंभ किया। अब 13 साल बाद जिस तरह से प्रशासन ने इसको शुरू करवाया है। उससे आस पास अन्य जगह महिलाओं को प्रसव से संबन्धित परेशानी और प्रेग्नेंसी के लिए भटकना भी नहीं पड़ रहा है। इस स्वास्थ्य केंद्र में सड़क, बिजली और पानी के साथ अन्य व्यवस्थाएं भी प्रशासन ने करवाई है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव हसानी, डीआईओ डॉ. तरुण गुप्ता, बीएमओ डॉ. विभा नागर एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री शिवराज सिंह चौहान, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रीना कामदार, जनपद सदस्य श्रीमती कविता कमल भोपाली, सरपंच श्रीमती ललिता आनंदीलाल सेठ सहित जनप्रतिनिधिगण एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रसव केंद्र शुरू होने से धन्नड़ एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की गर्भवती महिलाओं को स्थानीय स्तर पर सुरक्षित एवं बेहतर प्रसव सेवाएं उपलब्ध होंगी। यह क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं सहयोग के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।


## नैनो न्यूज

- **बारिश को लेकर प्रशासन अलर्ट-**मौसम विभाग के बारिश पूर्वानुमान के बीच देवास में प्रशासन ने निचले इलाकों और जलभराव वाले क्षेत्रों पर निगरानी बढ़ाई है।
- **लोक अदालत में बिजली मामलों राहत-** आगर-मालवा में आज राष्ट्रीय लोक अदालत में बिजली चोरी और बकाया से जुड़े मामलों के निराकरण पर उपभोक्ताओं को राहत मिलने की उम्मीद है।
- **मंडी में प्याज की आवक बढ़ी-** शाजापुर कृषि मंडी में प्याज की आवक और भाव को लेकर कारोबारियों तथा किसानों की गतिविधियां बढ़ीं, बाजार में खरीदी जारी रही।
- **बारिश से यातायात व्यवस्था प्रभावित-** रतलाम जिले में बारिश के चलते कई सड़कों और निचले क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति पर प्रशासन लगातार नजर बनाए हुए है।
- **मौसम बदलने से किसान चिंतित-** मंदसौर जिले में बारिश की संभावना के बीच किसानों की चिंता बढ़ी है। खेतों में तैयार फसलों को लेकर निगरानी बढ़ाई गई।
- **बारिश से मंडी कारोबार पर असर-** नीमच में मौसम बदलने के कारण कृषि उपज मंडियों में आवक और परिवहन प्रभावित होने की संभावना से व्यापारियों की चिंता बढ़ी है।

नई आवक पर टिकी किसानों की नजर

# सोयाबीन के भाव में उतार-चढ़ाव, जुलाई की तेजी के बाद सितंबर में नरमी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**



सोयाबीन के बाजार में पिछले करीब डेढ़-दो माह के दौरान उतार-चढ़ाव का दौर देखने को मिला है। जुलाई में जहां इंदौर मंडी में सोयाबीन के भाव 7,000 रुपये प्रति क्विंटल से ऊपर चल रहे थे, वहीं अगस्त में धीरे-धीरे बाजार कमजोर हुआ और सितंबर में भाव करीब 6,000 रुपये के आसपास आ गया। अब नई फसल की आवक शुरू होने के साथ बाजार की अगली दिशा को लेकर किसानों और व्यापारियों की निगाहें मंडियों पर टिकी हैं।

उपलब्ध मंडी आंकड़ों के अनुसार जुलाई के मध्य से अंत तक इंदौर में सोयाबीन का भाव करीब 7,200 से 7,400 रुपये प्रति क्विंटल के आसपास रहा। इसके बाद अगस्त में भाव में नरमी दिखाई दी। अगस्त के मध्य में भाव करीब 6,800 रुपये और 19 अगस्त के आसपास 6,650 रुपये तक पहुंच गया। 21 अगस्त को यह करीब 6,300 रुपये तथा माह के अंत तक करीब 6,000 रुपये के स्तर पर आ गया। सितंबर में भी बाजार में बहुत बड़ी तेजी देखने को नहीं मिली। 1 सितंबर को भाव करीब 6,018 रुपये, 8 सितंबर को 6,045 रुपये और 9 सितंबर को करीब 6,090 रुपये रहा। 10 सितंबर को उपलब्ध आंकड़ों में भाव करीब 5,993 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज हुआ। यानी जुलाई के ऊंचे स्तर की तुलना में सितंबर में सोयाबीन के भाव में लगभग 1,400 रुपये प्रति क्विंटल तक की कमी दिखाई दे रही है।

### भाव की चाल पर नजर

| अवधि | भाव -/क्विंटल |
|---|---|
| 16-24 जुलाई | 7,260-7,365 |
| 29-31 जुलाई | 7,146-7,244 |
| 13 अगस्त | 6,835 |
| 19 अगस्त | 6,652 |
| 21 अगस्त | 6,286 |
| 31 अगस्त | 6,074 |
| 1 सितंबर | 6,018 |
| 8 सितंबर | 6,045 |
| 9 सितंबर | 6,090 |
| 10 सितंबर | 5,993 |

### नई फसल से बन सकता है दबाव

अब बाजार की सबसे बड़ी चिंता नई सोयाबीन की आवक को लेकर है। जैसे-जैसे नई फसल मंडियों में पहुंचने लगेगी, आवक बढ़ने पर भाव पर दबाव बनने की संभावना रहेगी। खासकर यदि एक साथ बड़ी मात्रा में माल मंडियों में पहुंचता है तो किसानों को तत्काल बिक्री के लिए कम भाव का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि दूसरी ओर खाद्य तेल की मांग, सोया खली की कीमत, अंतरराष्ट्रीय बाजार की स्थिति तथा सरकार की आयात-निर्यात नीति भी सोयाबीन के भाव को प्रभावित करेगी। अच्छी गुणवत्ता, कम नमी और बेहतर दाने वाली सोयाबीन को सामान्य माल की तुलना में बेहतर भाव मिलने की संभावना रहती है।

### एमएसपी से ऊपर, लेकिन जुलाई की तेजी गायब

सोयाबीन का केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य 2025-26 के लिए 5,328 रुपये प्रति क्विंटल था। मौजूदा मंडी भाव इस स्तर से ऊपर दिखाई दे रहा है, लेकिन किसानों की तुलना जुलाई के भाव से है। जुलाई में 7 हजार रुपये से ऊपर का भाव मिलने के बाद अब करीब 6 हजार रुपये का बाजार किसानों के लिए निश्चित रूप से कमजोर माना जा रहा है।

**किसानों की रणनीति पर भी असर-** भाव में गिरावट के चलते किसान नई फसल की बिक्री को लेकर रणनीति बनाने लगे हैं। बाजार जानकारों के अनुसार फसल की गुणवत्ता और स्थानीय मंडी के भाव को देखते हुए बिक्री का निर्णय लेना महत्वपूर्ण होगा। यदि आवक के शुरूआती दौर में भाव अपेक्षाकृत बेहतर रहते हैं तो किसान कुछ मात्रा बेचकर शेष उपज को रोकने की रणनीति अपना सकते हैं। वहीं भाव में लगातार कमजोरी रहने पर भंडारण की लागत और जोखिम भी ध्यान में रखना होगा। फिलहाल सोयाबीन बाजार के सामने नई आवक बनाम मांग सबसे बड़ा समीकरण है। जुलाई की तेजी के बाद अगस्त और सितंबर में आई नरमी के बीच अब किसानों को उम्मीद है कि नई फसल की आवक के बावजूद भाव पूरी तरह दबाव में नहीं आएं और बाजार उन्हें लागत के मुकाबले बेहतर मूल्य दे। आने वाले कुछ सप्ताह सोयाबीन के भाव की दिशा तय करने के लिहाज से महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं।

नगर निगम की खुदाई ने बढ़ाई मुसीबत

# अरे भिया, कोई है क्या सुनने वाला?

## पाइपलाइन फूटी तो 500 परिवारों की गैस सप्लाई बंद

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

शहर में विकास और निर्माण कार्यों के नाम पर लगातार हो रही खुदाई अब नगरवासियों के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही है। सुभाष नगर क्षेत्र में नगर निगम की सतत खुदाई ने रहवासियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। स्थिति यह है कि पिछले दो दिनों से सुभाष नगर कॉलोनी से भीतर की अन्य कॉलोनियों की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर इतने बड़े-बड़े गड्ढे कर दिए गए हैं कि वाहन चालकों के लिए निकलना मुश्किल हो गया है। रहवासियों का कहना है कि गड्ढे करने के दौरान भूमिगत पीएनजी गैस पाइपलाइन भी क्षतिग्रस्त कर दी गई, जिसके चलते शाम से ही कई कॉलोनियों में गैस आपूर्ति बंद हो गई।

बताया गया कि सुभाष नगर, स्नेह नगर, परवाना नगर, बादशाह नगर, श्रीराम नगर और मानसरोवर कॉलोनी सहित आसपास के क्षेत्रों के करीब 500 परिवार इस समस्या से प्रभावित हैं। गैस आपूर्ति बंद होने से घरों में खाना बनाने तक का संकट खड़ा हो गया है। शाम का भोजन, सुबह की चाय और पानी गर्म करने से लेकर बच्चों के टिफिन तक की चिंता परिवारों को सताने लगी है। लंबे समय तक गैस सप्लाई बहाल नहीं हुई तो लोगों को वैकल्पिक व्यवस्था के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

### पाइपलाइन फूटी तो जिम्मेदारी से किनारा

रहवासियों के अनुसार सड़क पर खुदाई के दौरान पीएनजी पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हुई, लेकिन जिम्मेदार विभागों के बीच समन्वय की कमी का खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। गैस आपूर्ति बाधित होने की सूचना अवंतिका गैस को दी गई तो वहां से भी रहवासियों को संतोषजनक जवाब नहीं मिला। बताया गया कि पाइपलाइन नगर निगम की खुदाई के दौरान क्षतिग्रस्त हुई है तो इसमें गैस कंपनी क्या कर सकती है। सप्लाई कब तक शुरू होगी, इस सवाल पर भी सुबह करीब 10 बजे तक प्रयास करने की बात कही गई।

### दो दिन से सड़क खुदी, अब घरों में चूल्हे बंद

रहवासियों का कहना है कि सड़क की खुदाई दो दिन से चल रही है। पहले ही बड़े-बड़े गड्ढों के कारण आवागमन प्रभावित था। अब पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से समस्या घरों के भीतर तक पहुंच गई है। लोगों का सवाल है कि यदि खुदाई के दौरान भूमिगत पाइपलाइन और अन्य सुविधाओं की जानकारी संबंधित विभागों के पास नहीं है तो बिना समुचित व्यवस्था के खुदाई क्यों की जा रही है? निर्माण कार्य जरूरी है, लेकिन इसके कारण आम नागरिकों को मूलभूत सुविधा से वंचित करना किस व्यवस्था का हिस्सा है।

**जिम्मेदारों से रहवासियों का सीधा सवाल-** करीब 500 परिवारों के सामने अचानक खड़ी हुई इस समस्या को लेकर रहवासियों में नाराजगी है। उनका कहना है कि जिम्मेदार अधिकारी मौके की स्थिति स्पष्ट करें और यह बताएं कि गैस आपूर्ति कब तक बहाल होगी। यदि सुबह तक सप्लाई शुरू नहीं होती है तो इतने परिवारों के भोजन और बच्चों के टिफिन की व्यवस्था कौन करेगा? रहवासियों ने मांग की है कि पाइपलाइन की मरम्मत तत्काल कराकर गैस आपूर्ति बहाल की जाए तथा सड़क की खुदाई के दौरान भूमिगत पाइपलाइन और अन्य आवश्यक सेवाओं को नुकसान न पहुंचे।

# कथावाचक पं. कमल किशोर नागर को धमकी भरे पत्र पर नागर समाज ने जताई चिंता

## पुलिस प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

सुप्रसिद्ध कथावाचक पंडित कमल किशोर जी नागर को प्राप्त धमकी भरे पत्र के मामले में नागर समाज इंदौर ने गंभीर चिंता जताते हुए पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष एवं त्वरित जांच की मांग की है। मामले में दोषियों की पहचान कर उनके विरुद्ध शीघ्र कानूनी कार्रवाई की मांग को लेकर मध्य प्रदेश नागर ब्राह्मण परिषद, शाखा इंदौर के तत्वावधान में पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। समाज के प्रतिनिधिमंडल ने एसीपी पूर्ति तिवारी से मुलाकात कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि पंडित कमल किशोर नागर को धमकी भरा पत्र मिलना गंभीर विषय है। ऐसे मामलों में समय रहते जांच कर वास्तविकता सामने लाना और दोषियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करना आवश्यक है। उल्लेखनीय है की प्रदेश अध्यक्ष केदार रावल ने प्रदेश भर के समाजजनों से स्थानीय प्रशासन को ज्ञापन देने का आह्वान किया है.

नागर समाज ने पुलिस प्रशासन से मांग की कि मामले की जांच निष्पक्षता के साथ जल्द पूरी की जाए तथा धमकी देने वाले व्यक्ति या व्यक्तियों को शीघ्र चिन्हित कर उनके विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब नहीं हो।

# पार्षद और भजन गायक गन्नू महाराज के बीच विवाद

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

वार्ड 9 के पार्षद राहुल जायसवाल और भजन गायक गन्नू महाराज के बीच हुए विवाद ने तूल पकड़ लिया है। दोनों के बीच कहासुनी के बाद मामला तीखी बयानबाजी तक पहुंच गया। विवाद के दौरान गन्नू महाराज ने पार्षद पर जमकर निशाना साधा और तल्ख अंदाज में कहा कि कई आए कई गए तेरे जैसे भी कई आए और चले गए।

बताया जा रहा है कि बातचीत के दौरान गन्नू महाराज पार्षद राहुल जायसवाल के बीच सरकारी जमीन पर कब्जे लेकर विवाद हुआ था। हालांकि, सरकारी जमीन पर कब्जे से जुड़े आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। विवाद के दौरान गन्नू महाराज के तेवर काफी आक्रामक नजर आए। उन्होंने पार्षद को यह भी संदेश देने की कोशिश की कि पद या राजनीतिक प्रभाव स्थाई नहीं होता और समय के साथ कई लोग आते-जाते रहते हैं। दोनों के बीच हुई इस तीखी नोकझोंक के बाद मामला अब शहर में चर्चा का विषय बन गया है।फिलहाल विवाद की असल वजह और दोनों पक्षों की पूरी स्थिति सामने आना बाकी है

# सीएम हेल्पलाइन में शिकायत के बाद भी 16 दिन से सुनवाई नहीं

## कभी शिकायत के नाम से अधिकारी-कर्मचारी रहते थे खौफ में, अब आम आदमी की फरियाद सुनने वाला कोई नहीं : नीरज राठौर

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

एक समय था जब सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायत को लेकर अधिकारी और कर्मचारी गंभीरता बरतते थे। शिकायत दर्ज होने के बाद शिकायतकर्ता से फीडबैक लिया जाता था और संबंधित विभाग पर समस्या के निराकरण का दबाव रहता था। लेकिन अब व्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठ रहे हैं। उज्जैन में एक शिकायतकर्ता का कहना है कि पहले स्थानीय स्तर के एप पर शिकायत दर्ज कराने के बावजूद जब आठ दिन तक कोई कार्रवाई नहीं हुई तो उसने सीएम हेल्पलाइन का सहारा लिया, लेकिन वहां शिकायत दर्ज कराने के बाद भी 16 दिन बीत गए और समस्या जस की तस बनी हुई है। नीरज राठौर के अनुसार उन्होंने 25 अगस्त को UMC Seva App पर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में उन्होंने बताया था कि टाटा कंपनी द्वारा कार्य के दौरान उनके घर तक आने वाली नल की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त कर दी गई है। उन्होंने पाइपलाइन दुरुस्त कराने का अनुरोध किया था। उनका कहना है कि आठ दिन तक शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने 3 सितंबर को सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई।

राठौर के मुताबिक सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराने के बाद भी अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। उनके अनुसार शिकायत किए हुए 16 दिन बीत चुके हैं, लेकिन संबंधित अधिकारियों की ओर से समस्या के निराकरण की दिशा में कोई प्रभावी कार्रवाई नजर नहीं आई।

### दो बार आता था फीडबैक

नीरज राठौर ने व्यवस्था में आए बदलाव पर सवाल उठाते हुए कहा कि एक समय सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज होने के बाद अधिकारी-कर्मचारी तक शिकायत को लेकर गंभीर रहते थे। शिकायतकर्ता को दिन में दो बार तक फोन कर फीडबैक लिया जाता था और शिकायत के निराकरण की निगरानी होती थी। उनका कहना है कि अब छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए भी आम आदमी को लगातार शिकायतें दर्ज कराने और इंतजार करने को मजबूर होना पड़ रहा है।

### 'विकास' में व्यस्त व्यवस्था पर तंज

राठौर ने मौजूदा व्यवस्था पर तंज कसते हुए कहा कि नीचे से ऊपर तक अधिकारी, कर्मचारी, नेता और मंत्री सभी विकास कार्यों में व्यस्त हैं, लेकिन आम आदमी की रोजमर्रा की समस्याओं को सुनने और उनका समाधान करने के लिए किसी के पास समय नहीं है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब छोटी समस्या के समाधान से किसी का 'विकास' नहीं होता तो शायद ऐसी शिकायतों की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा।राठौर ने राजनीतिक व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किए। उनका कहना है कि स्थानीय पार्षद से लेकर प्रदेश और केंद्र तक एक ही राजनीतिक दल की सरकार होने के बावजूद यदि एक नागरिक की घरेलू जल पाइपलाइन जैसी बुनियादी समस्या का समाधान 16 दिन में नहीं हो पा रहा है तो जवाबदेही आखिर किसकी है।

# नेतृत्व परिवर्तन की चर्चाओं से गरमाई सियासत

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

मध्यप्रदेश की सियासत में एक बार फिर मुख्यमंत्री बदलने की चचाओं ने जोर पकड़ लिया है। राजनीतिक गलियारों में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व को लेकर तरह-तरह की अटकलें सामने आ रही हैं। हालांकि फिलहाल मुख्यमंत्री बदलने को लेकर न तो भाजपा की ओर से कोई आधिकारिक संकेत दिया गया है और न ही ऐसा कोई निर्णय सामने आया है। इसके बावजूद संगठन और सरकार से जुड़े घटनाक्रमों को जोड़कर नेतृत्व परिवर्तन की संभावनाओं पर चर्चा तेज हो गई है।

राजनीतिक हलकों में मुख्यमंत्री परिवर्तन की चर्चा का एक आधार पिछले कुछ समय में सरकार और संगठन स्तर पर हुए बदलावों को माना जा रहा है। मंत्रियों के कामकाज की समीक्षा, विभागों में फेरबदल और अधिकारियों की जिम्मेदारियों में बदलाव को भी इसी व्यापक प्रक्रिया से जोड़कर देखा जा रहा है। जुलाई में राज्य मंत्री लखन पटेल से पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग वापस लेकर मुख्यमंत्री के पास दिए जाने के बाद मंत्रिमंडल में बड़े फेरबदल की अटकलें तेज हुई थीं। सितंबर में भी सरकार ने बड़े स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल किया। कई अधिकारियों के विभाग और जिम्मेदारियां बदली गईं। उज्जैन समेत कुछ महत्वपूर्ण स्थानों पर हुए बदलावों को सिंहस्थ की तैयारियों से भी जोड़कर देखा गया।

### वरिष्ठ नेताओं के नामों पर भी चर्चा

मुख्यमंत्री बदलने की चचाओं के साथ भाजपा के कुछ वरिष्ठ नेताओं के नाम भी राजनीतिक चचाओं में सामने आ रहे हैं। हालांकि इन नामों को लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं है। राजनीतिक विश्लेषणों में कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल, राकेश सिंह, नरोत्तम मिश्रा और नरेंद्र सिंह तोमर जैसे वरिष्ठ नेताओं के नाम संभावित विकल्पों की चर्चा में लिए गए हैं।

हालांकि नेताओं की मुख्यमंत्री से मुलाकात या राजनीतिक गतिविधियों को सीधे नेतृत्व परिवर्तन का संकेत मानना उचित नहीं होगा। मसलन, मुख्यमंत्री के भोपाल लौटने पर प्रहलाद पटेल की उनसे मुलाकात राजनीतिक चचाओं में रही, लेकिन इससे किसी बदलाव का आधिकारिक संकेत नहीं निकलता।

**दूसरी तरफ मुख्यमंत्री लगातार सक्रिय-** मुख्यमंत्री परिवर्तन की चचाओं के बीच डॉ. मोहन यादव सरकार और पार्टी के कार्यक्रमों में लगातार सक्रिय नजर आ रहे हैं। 11 सितंबर को मुख्यमंत्री ने भोपाल में छह नए एक्सप्रेसवे विकसित करने की घोषणा की। इसी दौरान भाजपा के सेवा संकल्प अभियान की शुरूआत की तैयारियां भी सामने आईं। 11-12 सितंबर को इंदौर में आयोजित यात्री परिवहन विजन समिट में भी मुख्यमंत्री की सक्रिय भूमिका रही। इससे संकेत मिलता है कि फिलहाल सरकार का कामकाज मुख्यमंत्री यादव के नेतृत्व में सामान्य रूप से जारी है।

**सिंहस्थ 2028 भी बड़ा राजनीतिक मुद्दा-** मध्यप्रदेश में आगामी सिंहस्थ 2028 को देखते हुए सरकार के सामने बड़ी प्रशासनिक और राजनीतिक चुनौती है। उज्जैन में जमीन आवंटन, अधोसंरचना, सड़क, यातायात और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर लगातार फैसले किए जा रहे हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री पद में बदलाव की चर्चा राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण जरूर है, लेकिन इसे सिंहस्थ की तैयारियों से जोड़कर देखना फिलहाल अनुमान ही होगा।

**अभी अटकल ज्यादा, पुष्टि नहीं-** राजनीतिक जानकारों के बीच चल रही चचाओं का सार यही है कि मध्यप्रदेश में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलें जरूर तेज हुई हैं, लेकिन मुख्यमंत्री बदलने का फैसला अभी सामने नहीं आया है। उलटे, मुख्यमंत्री यादव लगातार सरकारी और भाजपा के कार्यक्रमों में सक्रिय हैं तथा 11 सितंबर को उन्होंने रोजगार, विकास और कानून-व्यवस्था सहित सरकार की प्राथमिकताओं पर खुलकर बात की।

Avantika Elite Tea

AWANTIKA ALITE TEA


गुड़ वाली चाय का मसाला होलसेल रेट पर मिलता है।

यहां गुड़ वाली चाय के 53 शानदार फ्लेवर उपलब्ध है।

पता - दीदी की रसोई के सामने पीपलीनाका, तिलकेश्वर मार्ग उज्जैन

7804917592
9907517201

## न्यूज कालम



## एसडीएम ने अधिकारियों के साथ किया पर्यटन स्थल का निरीक्षण

**मंडलेश्वर**।जिले की सीमा पर स्थित प्रसिद्ध पर्यटन स्थल जाम गेट पर पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने कदम तेज कर दिए हैं। एसडीएम पूर्वा मंडलोई ने एसडीओपी श्वेता शुक्ला, थाना प्रभारी पंकज तिवारी और नायब तहसीलदार संजय बावेल के साथ पर्यटन स्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने पर्यटकों की आवाजाही और दुर्घटना की आशंका वाले संवेदनशील स्थानों का जायजा लिया।जाम गेट क्षेत्र में गहरी खाई को देखते हुए ग्राम पंचायत बागदरा के माध्यम से करीब 5 फीट ऊंची और 150 मीटर लंबी सुरक्षा जाली लगाई गई है। इसी क्षेत्र में करीब 100 मीटर और जाली लगाई जाएगी। यह कार्य एसडीएम के निर्देशन में कराया जा रहा है। सुरक्षा जाली लगने से पर्यटकों को खाई वाले संवेदनशील क्षेत्र में सुरक्षित सीमा का पता रहेगा। इससे अनजाने में पर्यटकों के खतरनाक स्थान तक पहुंचने और संभावित दुर्घटनाओं को रोकने में मदद मिलेगी। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने संबंधित कर्मचारियों और ग्राम पंचायत को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।जाम गेट अपनी प्राकृतिक सुंदरता के कारण क्षेत्र का प्रमुख पर्यटन स्थल है। यहां बड़ी संख्या में इंदौर, महू सहित आसपास के क्षेत्रों से पर्यटक पहुंचते हैं। ऐसे में सुरक्षा जाली लगाने की पहल से पर्यटन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होने की उम्मीद है।

## बुरहानपुर में बच्चों को सिखाए आपदा से बचने के गुर



**बुरहानपुर।** आपदा कभी बताकर नहीं आती, लेकिन तैयारी पहले से हो तो जान बचाई जा सकती है। इसी सोच के साथ बुरहानपुर में शुक्रवार को स्कूली बच्चों के लिए विशेष आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। श्रीराम गुरुकुल एवं गौलोक धाम, खड़कोद में प्लाटून कमांडर जितेंद्र सिंह तोमर के नेतृत्व में स्ष्ठक्रस्न टीम ने लगभग 80 विद्यार्थियों को आपदा तैयारी एवं क्षमतावर्धन कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण दिया। टीम ने बच्चों को भूकंप और आगजनी जैसी आपात स्थिति में क्या करें और क्या न करें, इसका प्रैक्टिकल डेमो देकर समझाया। सुरक्षित बचाव के तरीके, खुद को और दूसरों को सुरक्षित स्थान तक कैसे पहुंचाएं और राहत-बचाव दल से समन्वय कैसे करें, इसकी जानकारी दी गई। सबसे अहम रहा ष्टक्कक्र का प्रशिक्षण। बच्चों को सिखाया गया कि आपात स्थिति में घबराने के बजाय धैर्य से कैसे जीवन रक्षक प्राथमिक उपाय किए जाएं। अधिकारियों ने कहा कि कार्यक्रम का मकसद बच्चों में डर नहीं, बल्कि आपदा से लड़ने की क्षमता और जागरूकता पैदा करना है।

## सीएम हेल्पलाइन पर लापरवाही बरतने पर कलेक्टर ने सख्त हिदायत दी




**बुरहानपुर।** सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों को लेकर कलेक्टर हर्ष सिंह ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों की क्लास लगा दी। कलेक्टर ने एक-एक विभाग की शिकायतों की बारी-बारी से समीक्षा की और निराकरण की धीमी रफ्तार पर कड़ी नाराजगी जताई। बैठक में शिक्षा, श्रम, लोक निर्माण विभाग, ट्राइबल और नगर निगम सहित अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतों की गहन पड़ताल की गई। कई विभागों में शिकायतों की संख्या अधिक और निराकरण कम मिलने पर कलेक्टर ने अधिकारियों को दो टूक कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को गंभीरता और प्राथमिकता से लें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि हर शिकायत का निर्धारित समय-सीमा में संतुष्टिपूर्ण निराकरण होना चाहिए। सिर्फ खानापूर्ति के लिए शिकायत बंद न करें। यदि शिकायत अपात्र है या नियमानुसार नहीं है, तो विभागीय निदेर्शों के अनुसार ही उसे क्लोज किया जाए। बैठक में सभी विभागों के प्रमुख अधिकारी मौजूद रहे।

## सांदीपनी एकेडमी के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में जीता रजत पदक



**मंडलेश्वर।** सांदीपनी एकेडमी, मंडलेश्वर के लिए यह अत्यंत गौरव एवं हर्ष का विषय है कि विद्यालय के चार प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने एन-एस-एस-सी-के इंटर-स्कूल साइंस डिलिबरेशन कॉम्पिटिशन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए कक्षा 10वीं की छात्राएँ प्रकृति शर्मा एवं स्नेही गुजर तथा कक्षा 11वीं के छात्र भव्य पाटीदार एवं विनय शास्त्री ने अपनी वैज्ञानिक समझ, तार्किक क्षमता एवं प्रभावी प्रस्तुति से निर्णायकों को प्रभावित किया।इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।विद्यार्थियों की इस सफलता में उनके मार्गदर्शकों श्री गगन पुराणिक, एच.ओ.डी. झ्र विज्ञान एवं श्री संजय वर्मा ए.टी.एल. प्रभारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनके कुशल मार्गदर्शन एवं निरंतर प्रोत्साहन ने विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों एवं उनके मार्गदर्शकों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसी उपलब्धियाँ विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, आत्मविश्वास, तार्किक चिंतन एवं नवाचार की भावना को और मजबूत करती हैं।

# टांडा में महावीर जन्म वाचन समारोह धूमधाम से मनाया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ टांडा( धार )



जैन धर्म के सबसे बड़े पर्व पर्युषण पर्व स्थानीय जैन समाज द्वारा हर्षोल्लास से मनाए जा रहे है। अहिंसा के प्रणेता चौवीसवे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म वाचन समारोह शनिवार को आराधना भवन में धूमधाम से मनाया गया। जिसमे समाजजनों ने उत्साह से भाग लिया।

जैन समाज द्वारा प्रति वषार्नुसार इस वर्ष भी पर्युषण पर्व बड़े धुमधाम से मनाया जा रहा है द्य मंगलवार से प्रारंभ हुए पर्व के चौथे दिन शुक्रवार को कल्पसूत्र का वाचन प्रारंभ हुआ। वाचन कल्पसुत्र वाचक श्रीसंघ के सदस्य श्री गौतम श्रीश्रीमाल द्वारा किया गया बताया जाता हे कि कल्पसूत्र शास्त्र के पूरा श्रवण करने से कई जन्मों के पापकर्मो का क्षय हो जाता है तथा आठवे भव में मोक्ष मिलता है। इस दिन पहले महिलाओं द्वारा सुहाग की रक्षा एवं संघ , परिवार की सुख शांति के लिए चुंदड़ी का उपवास किया गया। पर्व के पाँचवे दिन शनिवार को कल्पसूत्र के वाचन के दौरान गौतम श्रीश्रीमाल द्वारा भगवान श्री महावीर के जन्म का वाचन संपन्न किया वातावरण पूरा जयकारों से गुंजायमान हो गया। श्रद्धालुओं ने अक्षत वर्षा कर श्रीफल बदार कर एक दुसरो को बधाई दी।

इसके पूर्व दोपहर 2 बजे से भगवान श्री महावीर का जन्मवाचन समारोह प्रारम्भ हुआ। इसमें सर्व प्रथम भगवान महावीर की माता त्रिशला को आए चौदह स्वप्नों के सपनाजी, वर बेड़ा, पुष्प वर्षा, जन्म आरती एवं अन्य कई चढ़ावे बोले गए। जिसमे समाजजनों ने बढ़चढ़ कर चढ़ावा बोलकर लाभ. लिया। जिसमे प्रथम वरबेड़ा का चढ़ावा श्रीमती घीसी बाई हीराचंद जी चौहान परिवार एवं दूसरा वरबेडा संतोष कुमार उम्मेदमल जी बाफना परिवार ने लिया। भगवान के जन्म का पालना बाँधने की बोली प्रकाशचंद पन्नालाल जी लोढ़ा परिवार ने तथा पालना झुलाने का चढ़ावा अशोक कुमार शांतिलाल जी बाठिया परिवार द्वारा लिया गया। जन्म वाचन का पाना आनन्दी लाल जी डूंगरवाल परिवार द्वारा बोली का लाभ लेकर वोहराया गया। प्रमुख चौथा सपना लक्ष्मीजी श्रीमती सूरज बाई शोभागमल लोढ़ा परिवार ने लिया। कल्पवृक्ष चढ़ावे का लाभ पारस कुमार जी तलेसरा परिवार द्वारा लिया गया. त्रिशला माँ का फोटो पालने में विराजमान करने का लाभ संतोष कुमार उम्मेदमाल जी बाफना परिवार द्वारा लिया गया

# डॉ. प्रकृति अलंसे मेडिकल आफिसर के पद पर नियुक्त

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा

रतलाम मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त करने के पश्चात मध्यप्रदेश शासन से जारी एक आदेश के तहत डॉ. प्रकृति अलंसे को मेडिकल आफिसर के पद पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देवजरी जिला झाबुआ नियुक्ति प्रदान की गई है। डॉ. प्रकृति अलंसे की इस उपलब्धि पर समाज जनों, उनके पूरे परिवार सहित इष्ट मित्रों में खुशी की लहर दौड़ गई है और बधाई संदेश और उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी ।

. डॉ अलंसे के पिता डॉ. प्रकाश अलंसे शासकीय कन्या कालेज झाबुआ में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं और माता प्रतिभा अलंसे हायर सेकंडरी स्कूल झाबुआ में शिक्षिका के पद पर कार्यरत हैं।

डॉ. अलंसे की इस उपलब्धि पर एम. एल. फुलपगारे , प्रवीण कुमार फुलपगारे , धर्मेंद्र फुल पगारे, डॉ. राजेंद्र अलंसे , कविता अलंसे , डॉ. रमेश चंद्र पांटेल, गीता पांटेल, श्रीचंद अलंसे , नरेंद्र कोचले, कमल अलंसे, विजय गोयल, चंपालाल उपाध्याय, संजय कुमार कवारे, गणेश कवारे, कमल गोयल, सतीश गोयल, पंकज जर्मा , प्रोफेसर तरुण गर्ग, रवि गोयल, राहुल अलंसे, संजय अलंसे , रश्मि अलंसे , प्रकाश अलंसे ,प्रतिभा अलंसे , डॉ. मंजुला अलंसे गांगले , डॉ. मदनलाल गांगले , ललित पांडे, ममता पांडे ,आदि ने बधाई दी ।



## पूर्व मंत्री स्व.कालूखेड़ा राजनीति के अजातशत्रु थे -राज्यपाल गेहलोत

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा

स्वर्गीय महेंद्र सिंह कालूखेड़ा का राजनीतिक जीवन और उनके आदर्श हम सबके लिए प्रेरणादायी रहा। वे राजनीतिक लोगों के लिए प्रेरणा स्त्रोत रहे। वे अजात शत्रु थे उनके जीवन में कोई दुश्मन नहीं था ।उन्होंने समाज में सामाजिक समरसता लाने का प्रयास किया। स्व कालूखेड़ा सबके हितेषी थे किसी में भेद नहीं किया ।यही कारण है कि इतनी बड़ी संख्या में नवी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देने वालों का ताता लगा हुआ है ।

उक्त बात कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने शुक्रवार को ग्राम कालूखेड़ा में पूर्व मंत्री स्वर्गीय महेंद्र सिंह कालूखेड़ा की नवी पुण्यतिथि पर आयोजित समारोह में कहीं ।आपने कहा कि वह समूचे प्रदेश में विकास करना चाहते थे जावरा विधानसभा को आदर्श विधानसभा बने उनके पूर्व किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बंशीलाल गुर्जर, विधायक डॉ राजेंद्र पांडे , पूर्व विधायक विजय सिंह मालाखेड़ा, महंत राजेंद्र भारती ,जितेन गहलोत, यशपाल सिंह सिसोदिया ,संत नमन जी वैष्णव ,पूर्व जिला अध्यक्ष कान सिंह चौहान आदि नेताओं ने भी संबोधित किया उपस्थित सभी नेताओं ने स्व कालूखेड़ा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। भाजपा नेता के कै सिंह व कीर्ति शरण सिंह एवं अन्य नेताओं समर्थक ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस मौके पर स्वास्थ्य शिविर में करीब ढाई सौ लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई ।राजपूत क्लब द्वारा रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया।

## हिंदू समाज ने व्यावसायिक गरबा आयोजनों पर रोक लगाने की मांग की

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा

नगर में नवरात्रि में होने वाले व्यावसायिक गरबा आयोजनों को लेकर सकल हिंदू समाज ने प्रशासन से ऐसे आयोजनों की अनुमति पर रोक लगाने अगर कोई अनुमति पूर्व में दी गई है तो उसे भी निरस्त किया जावे। समाज जन ने शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय में एक ज्ञापन सोपा जिला पुलिस अधीक्षक को भी प्रति दी गई।

ज्ञापन में कहां की बड़े-बड़े व्यावसायिक आयोजनों में नवरात्रि के पारंपरिक एवं धार्मिक स्वरूप के स्थान पर दिखावा व्यवसाय आदि मनोरंजन को प्रमुखता दी जा रही है ।ऐसे आयोजनों में भीड़ होने से अपरिचित व्यक्तियों की उपस्थिति के कारण पहचान छुपा कर अथवा गलत परिचय देकर लव जिहाद जैसी घटनाएं पनपती है । गरबा माताजी एवं गणेश जी का पंडाल के पास कोई भी नशाखोरी होती है या अन्य कोई और असामाजिक गतिविधियां होती है उसे पर प्रशासन की निगरानी बढ़ाई जावे। आयोजन स्थल पर सीसीटीवी कैमरे सुरक्षा कर्मी एवं महिला सुरक्षा कर्मियों की माकुल व्यवस्था की जावे। ऐसी अन्य 11 सूत्रीय मांगे रखी गई है।

## नगर में तेज बारीश से कई वाहन फंसे

**बड़वानी।** आज रात बारीश शुरु होकर दोपहर तीन बजे तक रुक रुक गिरता रहा। जगह जगह पाईप लाईन के गड्डे होने के कारण एम्बुलेंस दो घंटे गड्डे में फंसी रही। योग मंदिर रोड पर पाईप लाईन का कार्य धीमी गति से चलने के कारण आम लोगों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। वरिष्ठ अधिकारी इस ओर ध्यान दें।





## जनविश्वास अभियान के शिविर की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ महेश्वर

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत 18 सितंबर को नर्मदा भवन में आयोजित होने वाले शिविर की तैयारियों को लेकर शनिवार को एसडीएम कार्यालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक हुई।

एसडीएम पूर्वा मंडलोई ने अधिकारियों को शिविर की व्यवस्थाओं और विभागीय योजनाओं से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।एसडीएम मंडलोई ने बताया कि शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा आधार कार्ड, संबल, आयुष्मान कार्ड, सिकलसेल सहित अनेक हितग्राहीमूलक योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए जाएंगे। इन स्टॉलों के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

शिविर के दिन सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक अधिकारियों द्वारा विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 3 बजे से मुख्य शिविर शुरू होगा। इसमें जनप्रतिनिधियों के साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे।बैठक में तहसीलदार कैलाश ससत्या, नायब तहसीलदार संजय बावेल सहित शिक्षा, स्वास्थ्य, जनपद, कृषि, महिला एवं बाल विकास सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## गणेश चतुर्थी एवं अनंत चतुर्दशी के दृष्टिगत जिलेभर में शांति समिति और आयोजकों की बैठकें संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन में आगामी श्री गणेश चतुर्थी एवं अनंत चतुर्दशी पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने हेतु जिले के सभी थाना क्षेत्रों में शांति समिति, गणेश उत्सव आयोजकों तथा ग्राम/नगर रक्षा समिति के सदस्यों की संयुक्त बैठकें आयोजित की गईं।

बैठकों के दौरान शासन की गाइडलाइंस तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए तथा उपस्थित नागरिकों एवं समिति सदस्यों के बहुमूल्य सुझाव भी प्राप्त किए गए।

बैठक में दिए गए प्रमुख सुरक्षा एवं प्रशासनिक दिशा-निर्देशः

शासन की गाइडलाइन का पालनः शासन एवं राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों व नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। किसी भी प्रकार के उल्लंघन पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

प्रतिमा स्थापना एवं मार्ग निर्धारणः गणेश प्रतिमाओं के आगमन एवं स्थापना का समय पूर्व-निर्धारित रखा जाए तथा प्रशासन द्वारा तय किए गए रूट का ही पालन किया जाए।

विद्युत सुरक्षा प्रबंधः पंडालों में अस्थायी बिजली कनेक्शन एवं वायरिंग की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि शॉर्ट सर्किट या किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके।

रात्रिकालीन वॉलंटियर्स की तैनातीः प्रत्येक गणेश पंडाल में रात्रि सुरक्षा व देखरेख हेतु जिम्मेदार वॉलंटियर्स तैनात किए जाएं और उनकी सूची संबंधित स्थानीय पुलिस थाने में जमा कराई जाए। विसर्जन व्यवस्थाः अनंत चतुर्दशी के अवसर पर प्रतिमा विसर्जन के लिए केवल शासन द्वारा चिन्हित स्थलों का उपयोग किया जाए तथा विसर्जन की समय-सीमा का कड़ाई से पालन किया जाए।

## गणेश स्थापना पर बुरहानपुर में दो दिन नो-एंट्री, भारी वाहनों पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

गणेश चतुर्थी पर प्रतिमा स्थापना के दौरान उमड़ने वाली भीड़ और कानून-व्यवस्था को देखते हुए बुरहानपुर पुलिस ने १३ और १४ सितंबर को विशेष यातायात व्यवस्था लागू की है। इन दो दिनों में सुबह ६ बजे से रात १२ बजे तक शहर में भारी और मध्यम वाहनों का प्रवेश पूरी तरह बंद रहेगा।

**कहां-कहां रहेगी नो-एंट्री**

सिंधी बस्ती, गुरुद्वारा चौराहा और जीजामाता चौराहा से बड़े वाहन शहर में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। परकोटे के अंदर शनवारा गेट, राजपुरा गेट, शिकारपुरा गेट, राजघाट गेट, सिंधीपुरा गेट, लोहरमंडी गेट और इतवारा गेट से भी ट्रैक्टर-ट्रॉली, लोडिंग वाहन, आयशर सहित सभी भारी/मध्यम वाहनों पर रोक रहेगी।

**भारी वाहनों के लिए डायवर्जन**

बसाड़ फाटा से महाराष्ट्रः इंदौर की तरफ से आकर महाराष्ट्र जाने वाले भारी वाहन बसाड़ फाटा से ग्राम बसाड़ के पास से फोरलेन मार्ग होते हुए महाराष्ट्र जाएंगे।

महाराष्ट्र से इंदौर/खंडवाः महाराष्ट्र से आकर खंडवा/इंदौर जाने वाले वाहन कालूशा बाबा दरगाह, थाना शाहपुर के पास से नए हाईवे से होते हुए ग्राम बसाड़ के पास नीचे उतरकर बसाड़ फाटा होते हुए जाएंगे। बसाड़ से खकनार/ देड़तलाई इंदौर से खकनार/ देड़तलाई जाने वाले भारी वाहन बसाड़ फाटा से फोरलेन मार्ग होते हुए ग्राम दयार्पुर से जाएंगे। पुलिस प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि प्रतिमा स्थापना वाले भीड़भाड़ क्षेत्रों में अनावश्यक वाहन लेकर न आएं, सड़क पर वाहन खड़ा कर जाम न लगाएं और यातायात पुलिस के निदेर्शों का पालन कर गणेश उत्सव को शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाने में सहयोग करें।

## नरेंद्र मोदी विचार मंच में बड़े संगठनात्मक नियुक्तियां, बुरहानपुर जिला अध्यक्ष बने महेश सिंह चौहान

**इंदौर संभाग में नवीन कुमार जैन, रमेश मौर्य और राज प्रकाश श्रीवास्तव को भी मिली बड़ी जिम्मेदारी**

**बुरहानपुर/इंदौर।** नरेंद्र मोदी विचार मंच मुख्य शाखा मध्य प्रदेश में संगठन विस्तार करते हुए कई प्रमुख नियुक्तियां की गई हैं। संस्थापक श्री रवि चाणक्य जी एवं राष्ट्रीय महामंत्री संगठन राष्ट्रीय प्रभारी व राष्ट्रीय कोर कमेटी के निर्णय पर, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमरनाथ जी सोनी की अनुशंसा से यह नियुक्तियां की गई हैं।

प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार सांखला, प्रदेश प्रभारी महेश चंद्र माहेश्वरी, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष आशीष विश्वकर्मा, संगठन महामंत्री हिम्मत परिहार, महासचिव सचिन सोलंकी, प्रवक्ता मोहनलाल पाटीदार रायपुरिया, उपाध्यक्ष राजा भाऊ बदाने, सुरेश पांचाल, गणेश सिंह राजावत, मीडिया प्रभारी कैलाश मुकाती एवं प्रदेश कोर कमेटी की सहमति से इंदौर संभाग प्रभारी मुकेश निगम और संभाग अध्यक्ष दिलीप जैन सेक्रेटरी द्वारा नियुक्तियां की गईं।

**नवीन नियुक्तियों में -**

नवीन कुमार जैन को इंदौर जिला अध्यक्ष

महेश सिंह चौहान को जिला अध्यक्ष बुरहानपुर

रमेश मौर्य 'लाफ्टर गुरु' को संभाग इंदौर सोशल मीडिया प्रभारी

और *राज प्रकाश श्रीवास्तव को इंदौर संभाग महामंत्री* बनाया गया है।

संगठन ने विश्वास जताया है कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी तन-मन-धन से भारत के पुनर्निर्माण और 'परम वैभव भारत' के स्वप्न को साकार करने में प्रमाणिकता और पारदर्शिता के साथ कार्य करेंगे।

## 50 साल बाद एक दिन शिव परिवार की आराधना का महासंयोग

**बेड़िया।** इस बार हरतालिका तीज और गणेश चतुर्थी का पर्व 14 सितंबर, सोमवार को एक ही दिन मनाया जाएगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पहले हरतालिका तीज की पूजा का संकल्प लेकर भगवान गणेश की स्थापना की जाएगी। वर्ष 1976 के बाद ऐसा संयोग बनने से पर्व का महत्व और बढ़ गया है। बेड़िया नगर में गणेशोत्सव को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। एकदंत मित्र मंडल द्वारा 15 फीट ऊंची गणेश प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसके अलावा मनोकामनेश्वर मंदिर, गायत्री कॉलोनी, जय भवानी मित्र मंडल, चंदर कॉलोनी, बजरंग चौक, चांदनी चौक, वृंदावन चौक, पटेल चौक सहित विभिन्न स्थानों पर गणेश प्रतिमाओं की स्थापना होगी। गणेश प्रतिमाओं की स्थापना बैंड-बाजे और आतिशबाजी के साथ की जाएगी। आयोजन की तैयारियों में विभिन्न मंडलों एवं भक्त मंडलियों के सदस्य जुटे हुए हैं। संगठन के धमार्चार्य प्रमुख पं. संजय पाठक सहित आयोजकों ने नगरवासियों से गणेशोत्सव में सहभागी बनने का आग्रह किया है।

## पुरुषार्थ से इसी भव में मोक्ष संभव

**सनावद।**श्वेतांबर जैन समाज के पर्युषण पर्व के पांचवें दिन अंतगढ़ सूत्र का वाचन स्वाध्यायी सुरेंद्र पितलिया ने किया। उन्होंने कहा कि व्यक्ति कितना भी पापी क्यों न हो, यदि आत्मकल्याण का पुरुषार्थ करे तो इसी भव में सिद्धत्व प्राप्त कर सकता है। अंतगढ़ कथा में 90 आत्माओं के मोक्ष प्राप्त करने का प्रसंग इसका उदाहरण है। भगवान महावीर के जन्म प्रसंग के कारण पांचवें दिन को महावीर जन्म वाचन के रूप में भी मनाया गया। श्रीसंघ ने स्वाध्यायी बंधुओं के सानिध्य में आयोजन हर्षोल्लास से मनाया। इस अवसर पर जैन स्तवन प्रतियोगिता हुई। बाल वर्ग में वीरम जेलमी प्रथम, हार्दिक लोढ़ा द्वितीय और लवी लोढ़ा तृतीय रहे। वयस्क वर्ग में सीमा कवाड़ व सेजल पारेख प्रथम, दीपा जेलमी व चंद्रप्रकाश मेहता द्वितीय तथा अनिता भागचंद लोढ़ा तृतीय रहीं।

## बारिश के अभाव में सूख रही खरीफ फसलें, कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा/पंधाना

पंधाना क्षेत्र में पिछले लगभग एक माह से बारिश नहीं होने के कारण किसानों की खरीफ फसलों पर संकट गहरा गया है। खेतों में नमी खत्म होने से सोयाबीन, मक्का, कपास सहित अन्य फसलें सूखने की स्थिति में पहुंच गई हैं। किसानों को हो रहे नुकसान को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पंधाना ने 11 सितंबर शुक्रवार को पंधाना में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के नाम ज्ञापन सौंपकर तत्काल सर्वे कराकर प्रभावित किसानों को राहत एवं मुआवजा देने की मांग की है।

जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि लंबे समय से बारिश नहीं होने के कारण खेतों में नमी समाप्त हो चुकी है। किसानों ने महंगे खाद-बीज, दवाई एवं अन्य कृषि सामग्री पर बड़ी राशि खर्च कर फसल तैयार की है। वर्तमान परिस्थितियों में बारिश के अभाव से किसानों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह ने प्रशासन से प्रभावित गांवों में फसल क्षति का तत्काल सर्वे कराने तथा शासन के नियमानुसार किसानों को उचित राहत एवं मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग की।

साथ ही फसल बीमा कराने वाले किसानों को फसल बीमा योजना के तहत नियमानुसार शीघ्र क्लेम दिलाने की मांग रखी गई। ज्ञापन के माध्यम से रबी सीजन को देखते हुए पर्याप्त मात्रा में डीएपी, यूरिया एवं एनपीके खाद उपलब्ध कराने की मांग भी की गई है। कांग्रेस ने कहा कि खाद के लिए टोकन व्यवस्था लागू होने के बावजूद किसानों को आसानी से टोकन नहीं मिल पा रहे हैं। ऐसे में प्रत्येक सोसायटी एवं खाद दुकान पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराया जाए।

## न्यूज -कॉलम

### दिल का दौरा पड़ने से प्रधान आरक्षक का निधन



**उज्जैन।** नागझिरी थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक पप्पू सौराष्ट्री का शनिवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह घर में सीढियों से गिर गये थे। परिजन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। नागझिरी थाना पुलिस ने बताया कि पप्पू सौराष्ट्री मूलरूप से शाजापुर का रहने वाला था। वर्तमान में अभिषेक नगर था। 3 सालों से नागझिरी थाने में पदस्थ थे, पुलिस विभाग में 27 साल की नौकरी हो चुकी थी। परिवार में एक बेटा और मां है। पिता का पूर्व में निधन हो चुका था, पत्नी से तलाक हो गया है। मामले में मर्ग कायम किया गया है। रविवार को पोस्टमार्टम कराया जायेगा। प्रधान आरक्षक के निधन की खबर नागझिरी थाना स्टॉफ और पुलिस विभाग को लगी तो माहौल गमगीन हो गया। हार्ट अटैक से निधन का एक मामला एमपीईबी कालोनी से सामने आया। बिजली विभाग के कियोस्क जोन में पदस्थ कौशेलेन्द्र पिता माधवसिंह 43 साल शनिवार को नहाते समय बाथरूम में गिर गये थे। उन्हे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। माधवनगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। हार्ट अटैक से मौत होने 2 दिन में चार सामने सामने आ चुके है। शुक्रवार को खंडेलवाल नगर में रहने वाले फायनेंस कंपनी में काम करने वाले शुभम निगम की जान चली गई थी, वहीं खाराकुआ क्षेत्र की मोदी गली में किराये से रहने वाले भिंड निवासी सुरेन्द्र पिता जगदीश बघेल की मौत होना सामने आया था।

### जहरीला पदार्थ खाने वाले वृद्ध की नहीं बची जान

**उज्जैन।** भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम गडा में रहने वाले रामेश्वर पिता मायाराम 50 साल ने शुक्रवार शाम घर में जहरीला पदार्थ खा लिया था। हालत बिगडने पर परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां रात में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शनिवार को पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि रामेश्वर मजदूरी करता था और 2 दिन पहले ही रामदेवरा से दर्शन कर लौटा था। घर में कोई वाद-विवाद नहीं था, उसने ऐसा कदम क्यों उठाया पता नहीं है। पुलिस का कहना था कि परिजनों के बयान दर्ज कर जांच शुरू की जायेगी।

### मासूम और वृद्धा को पुलिस ने परिजनों से मिलवाया



**उज्जैन।** शनिवार को महाकाल दर्शन के दौरान परिवार से 4 साल का मासूम और 75 साल की वृद्धा के साथ एक महिला बिछड गये। महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल को मामले की जानकारी लगी तो तीनों के परिवार की तलाश के लिये एसआई चंद्रभासिंह चौहान को कमान सौंपी गई। कुछ घंटों की तलाश और संपर्क के बाद तीनों को अपने-अपने परिवार से मिलवा दिया गया। एसआई चौहान बताया कि 4 साल का मासूम महाकाल चौराहा पर चाय की दुकान चलाने वाले करण प्रजापत को रोता हुआ मिला था। करण बालक को थाने लेकर आया था। बालक ने अपना नाम दिव्यांश पिता अजय निषाद निवासी नवसारी गुजरात बताया। बालक के परिजनों की तलाश के लिये महाकाल मंदिर नियंत्रण कक्ष, पुलिस नियंत्रण कक्ष के माध्यम से सूचना प्रसारित कराई गई और बालक को बाइकपर बैठाकर मंदिर के आसपास क्षेत्र में घूमाया गया। इस दौरान पता चला कि हरसिद्धी चौराहा पर कुछ लोग बालक की तलाश कर रहे है। पुलिस ने तत्काल संपर्क किया और बालक को परिजनों से मिलवा दिया। दूसरे मामला महाराष्ट्र के रायगढ़ से आई 74 साल की हीराबाई पति विनायक ढोलक मंदिर परिसर में परिवार से बिछड गई थी। उन्हे भी पुलिस ने कुछ घंटे में परिवार से मिलवा दिया। अलीगढ़ रामपुरा से आई विमला पति अशोक शर्मा 52 साल भी भीड के चलते परिवार से बिछड गई थी, पुलिस ने 4 घंटे में परिवार को तलाश कर उनके सुपुर्द किया।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 560-1 | 249-5 |
| मेन बाजार | | |
| कल्याण नाइट | | |
| मिलन डे | 230-5 | 359-7 |
| मिलन नाइट | 780-5 | 167-4 |
| मधुर डे | 790-6 | 489-1 |
| मधुर नाइट | 110-2 | 156-2 |
| शुभांक | 3 2 | 4 |

# पंजाब की 2 महिला के पास मिला 75 किलो डोडाचूरा

## चैकिंग में जीआरपी ने पकड़ा, 5 दिनों की रिमांड पर पूछताछ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्मो पर चैकिंग कर रही जीआरपी की टीम ने पंजाब की 2 महिलाओं को पकडा, जिनके पास से 75 किलो डोडाचूरा मिला है। दोनों के खिलाफ मादक पदार्थ तस्करी का प्रकरण दर्ज कर न्यायालय से पूछताछ के लिये 5 दिनों की रिमांड पर लिया गया है।

जीआरपी की टीम शुक्रवार रात चैकिंग अभियान चला रही थी, यात्रियों का सामान चैक किया जा रहा था। प्लेटफार्म नम्बर 8 पर 2 महिलाओं ने पुलिस को देख अपने 2 ट्राली बेग, 3 पिट्ठू बेग उठाकर जाने का प्रयास किया। दोनों पर शंका होते ही जीआरपी टीम ने उन्हे रोका और पूछताछ करते हुये उनके बेगों की तलाशी ली। जिसमें मादक पदार्थ डोडाचूरा भरा था। दोनों को हिरासत में लिया गया और थाने लाया गया। जहां उनके नाम परमिंदर पति जगतारसिंह कौर 36 साल और जसविंदर उर्फ किंदर पति बलविंदर कौर 47 साल निवासीग्राम तलवंडीकला जिला लुधियाना पंजाब पता चले। थाना प्रभारी सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि उनके बेगों से 75 किलो डोडाचूरा बरामद किया गया है। जिसकी कीमत 2 लाख रुपए है। दोनों महिलाओं के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर शनिवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से पांच दिनों की रिमांड पर लिया गया है।



### उज्जैन से लेना बता रही डोडाचूरा

जीआरपी थाना प्रभारी गुप्ता ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में दोनों महिलाओं का कहना है कि उन्होने उज्जैन से डोडाचूरा से भरे बेग लिये थे। एक व्यक्ति द्वारा उन्हे बेग दिये गये है। लेकिन उक्त व्यक्ति की जानकारी नहीं दे रही है। रिमांड के दौरान मादक पदार्थ डोडाचूरा देने वाले का सुराग लगाकर उसकी गिरफ्तारी की जायेगी।

### लाडूवाल पुलिस से मांगा रिकार्ड

एसआई बिजेंद्रसिंह कुशवाह ने बताया कि दोनों महिलाओं के संबंध में पंजाब स्थित लुधियान के लाडूवाल थाना पुलिस ने उनका अपराधिक रिकार्ड मांगा जा रहा है। दोनों से पूछताछ कर पता लगाया जा रहा है कि दोनों कितनी बार उज्जैन से डोडाचूरा और मादक पदार्थ लेकर पंजाब जा चुकी है। उनके आने का रूट भी ट्रेक किया जा रहा है।

मादक पदार्थ बरामद करने में एसआई बिजेंद्रसिंह कुशवाह, आरक्षक राहुल राजपूत, रवि बघेल, राजेश पाटीदार, करतार यादव, महिला आरक्षक शिल्पा मोगिया और मोनिका श्रीवास्तव शामिल थी।

# गौंड बस्ती से चुराई बाइक पर घूम रहा था युवक

## -नाबालिग भी हिरासत में, 2 गाड़ी चुराना कबूला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बिना नम्बर की बाइक पर घूम रहे युवक को पुलिस ने रोका और दस्तावेज मांगे। युवक के पास दस्तावेज नहीं होने पर पूछताछ शुरू की गई तो उसने गौंड बस्ती से चोरी करना कबूल कर लिया। उसने नाबालिग के साथ एक एक्टिवा चोरी करना भी बताया। पुलिस ने नाबालिग को भी हिरासत में लिया है।

महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि क्षेत्र में वाहन चैकिंग की जा रही थी। कोट मोहल्ला क्षेत्र में बिना नम्बर की बाइक पर युवक घूम रहा था, उसे रोका गया और दस्तावेज मांगे गये, नहीं मिलने पर थाने लाकर पूछताछ शुरू की गई। उसने अपना नाम मयंक पिता मुन्नालाल कौशल 18 साल निवासी अमरनाथ धाम मक्सीरोड बताया और बाइक गौंड बस्ती से चोरी करना कबूल कर लिया, वाहन चोरी में उसके साथ जयसिंहपुरा का रहने वाला नाबालिग भी शामिल होना सामने आया। उसे भी हिरासत में लिया गया तो चोरी की एक एक्टिवा ओर बरामद हो गई। उक्त एक्टिवा महाकाल मंदिर में सिक्युरिटी गार्ड का काम करने वाली महिला की थी। थाना प्रभारी ने बताया कि नाबालिग पूर्व में भी चोरी की बाइक के साथ पकडा जा चुका था। नाबालिग को नोटिस पर रिहा किया गया है। मंयक के खिलाफ चोरी के साथ प्रतिबंधात्मक धारा में कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेजा गया है।



# उर्दूपुरा में मजदूरों पर गिरी जर्जर मकान की दीवार

## तोड़ने का चल रहा था काम, 3 मजदूर घायल



**उज्जैन।** उर्दूपुरा में शनिवार को पुराना जर्जर मकान तोडा जा रहा था। इस दौरान दीवार गिर गई। काम कर रहे 3 मजदूर दब गये। जिन्हे लोगों की मदद से निकाला गया और अस्पताल पहुंचाया गया।

जीवाजीगंज थाना पुलिस ने बताया कि दोपहर में उर्दूपुरा क्षेत्र के रहने वाले कमल सांखला का पुराना मकान तोडा जा रहा था। तुडवाई के काम में 6 से 7 मजदूर लगे थे। इसी दौरान जर्जर मकान की एक दीवार अचानक धराशायी हो गई। काम कर रहे 3 मजदूर दब गये। घटनाक्रम के बाद हडकंप मच गया आसपास के लोगों ने दीवार के नीचे दबे मजदूरों को निकालने का काम शुरू किया, खबर मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। मलबे में दबे तीनों मजदूरों को कुछ देर बाद निकाला गया और उपचार के लिये चरक अस्पताल पहुंचाया गया। जहां घायल मजदूरों के नाम गोविंद पिता मांगू 27 साल, राजू पिता रामलाल 18 साल निवासी रतलाम और सुनीता पति प्रकाश 35 साल निवासी चककमेड सामने आये। डॉक्टरों ने तीनों की हालत खतरे से बाहर होना बताई, लेकिन उनके हाथ-पैर और कमर में चोंट होने पर भर्ती किया। बताया जा रहा था कि घायल राजू और गोविंद के पैर में फैक्चर हुआ है। मामले में जीवाजीगंज सीएसपी पुष्पा प्रजापति का कहना था कि घायलों के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई है। घटनाक्रम में लापरवाही सामने आने पर संबंधित के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जायेगी।

# महिला को 11 साल बाद एसपी ने दिलाया मकान का कब्जा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मकान पर कब्जा होने के बाद 11 सालों से परेशान हो रही महिला की शिकायत का एसपी ने समाधान कर उसे मकान वापस दिलवा दिया। मामले का पटाक्षेप चिमनगंज थाना प्रभारी की निष्पक्षता से किया गया। जिन्हे एसपी ने निर्देशित कर जांच के आदेश दिये थे।

शासकीय स्कूल में शिक्षिका डॉ. सारिका जैन ने सांदीपनी नगर में वर्ष 2015 में मकान खरीदा था। जिसकी हालत जीर्णशीर्ण होने उसे रिनोवेट कराने का काम योगेश शर्मा का दिया था, लेकिन योगेश ने मकान पर कब्जा कर लिया था। पिछले 11 सालों से अपने ही मकान में प्रवेश करने और कब्जा छुडाने के लिये शिक्षिका परेशान हो रही थी। पूर्व में शिकायत की गई थी लेकिन समाधान नहीं हो पाया था। कुछ समय पहले शिक्षिका जैन अपनी फरियाद लेकर एसपी प्रदीप शर्मा के पास पहुंची और पूरा घटनाक्रम बताया। एसपी ने मामले की गंभीरता को समझते हुये चिमनगंज थाना प्रभारी विवेक कनोडिया को निर्देशित किया और संपत्ति से जुडे दस्तावेजों की जांच के साथ दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर बारिकी से जांच करने को कहा। थाना प्रभारी ने जांच के बाद पाया कि मकान शिक्षिका का ही है। उन्होने योगेश शर्मा को बुलाया और कानूनी स्थिति के साथ संभावित परिणामों से अवगत कराते हुये समझाईश दी। कानून का शिकंजा कसने से पहले ही योगेश ने स्वेच्छा से अपना कब्जा छोडने और मकान की चाबी सौंपने की बात स्वीकार कर ली। इस दौरान एसपी शर्मा पूरे मामले की जानकारी थाना प्रभारी से प्राप्त कर रहे थे। शनिवार को एसपी ने मामले का शांतिपूर्ण तरीके से समाधान कराकर 11 सालों से अपने मकान में प्रवेश का प्रयास कर रही शिक्षिका को मकान वापस दिलवा दिया। लम्बी प्रक्रिया के बाद मकान वापस मिलने पर सारिका जैन ने एसपी शर्मा और थाना प्रभारी कनोडिया का आभार माना।

## मेघालय सरकार से टेंडर दिलाने के नाम पर ठगे थे 73 लाख

### 15 माह बाद दिल्ली से गिरफ्त में आया फरार आरोपी



**उज्जैन।** स्कॉटलैंड से आये युवक के साथ हुई 73 लाख की धोखाधडी में फरार चल रहे इनामी बदमाश को 15 माह बाद दिल्ली से गिरफ्तार कर उज्जैन लाया गया है। जिसे शनिवार को न्यायालय में पेश कर 7 दिनों की रिमांड पर लिया गया है।

माधवनगर थाना पुलिस ने मई 2025 में स्कॉटलैंड से इंदौर रहने आये जितेन्द्र सोलंकी के साथ हुई 73 लाख की धोखाधडी का प्रकरण जितेन्द्र राणावत, हरपालसिंह, पवन राव, फैयाज सिकोडे और अजय के खिलाफ दर्ज किया था। पांचों ने मिलकर खुद को गोल्ड फिंच कंपनी का कर्ताधर्ता होना बताकर मेघालय सरकार से सोलर स्ट्रीट लाइट और पोल सप्लाय प्रोजेक्ट का टेंडर दिलाने के नाम पर 73 लाख की धोखाधडी की थी। जितेन्द्र सोलंकी को बताया गया था कि प्रोजेक्ट 19.68 करोड का है। जिसके लिये 70 प्रतिशत राशि जमा करना होगी। बातों में फंसने के बाद जितेन्द्र ने फ्रीगंज क्षेत्र स्थित परिचित की सुमन इंटरप्राजेज पर 73 लाख का लेनदेन कर लिया था। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर 4 आरोपियों को इंदौर, रतलाम और दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन मुख्य आरोपी फैयाज फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी पर 5 हजार का इनाम घोषित किया गया था। 15 माह बाद पुलिस मुख्य आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार कर उज्जैन लाई है। जिसे न्यायालय में पेश कर 7 दिनों की रिमांड पर लिया गया है।

## 70 साल के पिता से 42 साल के पुत्र ने की मारपीट

**उज्जैन।** घट्टिया तहसील के ग्राम ग्राम बम्मोरी में रहने वाले 70 साल के नारायणसिंह पंवार के साथ 42 साल के पुत्र समरथसिंह ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। घट्टिया थाना पुलिस ने बताया कि वृद्ध नारायणसिंह की शिकायत पर मामले में प्रकरण दर्ज किया गया है।

**पश्चिम रेलवे - रतलाम**

**ई -निविदा सूचना**

संख्या : W/623/5/1/NIT. दिनांक : 11/09/2026, मंडल रेल प्रबंधक /मंडल कार्यालय (कार्यलेखा शाखा) पश्चिम रेलवे, रतलाम, निम्नलिखित कार्य के लिये "खुली निविदा" ई-निविदा के माध्यम से वेबसाईट www.ireps.gov.in पर आमंत्रित करते है। विवरण इस प्रकार है- **ई-टेंडरिंग :** RTM-2026-27-98, **कार्य का नाम :** Ratlam Division : Providing Subway (RUB) (RCC Box 02 Nos.) at Km : 53/23-25 bet SPBGUJN at Hariphatak Ujjain. **अनुमानित मात्रा :** टेंडर के अनुसार, **अनुमानित लागत :** ₹15,18,65,184.58/-, **बयाना राशि :** ₹30,37,300.00/- **कार्य समापन अवधि :** 12 महीने। **वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि :** 11/09/2026, **निविदा खुलने की तिथि :** 06/10/2026 • विस्तृत निविदा सूचना, अहाता शर्ते एवं अन्य शर्ते वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। SNP-253

हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly

**NAME CHANGE NOTICE**

It is hereby informed to the general public that my mother's name is wrongly mentioned as **"Badami Bai"** in my Class 10th Marksheet. The correct name is "**Meera Bai**", Which is also mentioned in all my other government and important documents.

**Saloni Kachawa**
**D/o Prabhulal Kachawa**
Chak Kamed, Ujjain (M.P.)456006

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी कक्षा 10वीं की अंकसूची (मार्कशीट) में त्रुटिवश मेरी माता का नाम **'बदामी बाई'** गलत अंकित है। मेरी माता का सही नाम **'मीरा बाई'** है, जो मेरे अन्य सभी शासकीय एवं आवश्यक दस्तावेजों में भी दर्ज है।

**सलोनी कछावा**
**पिता प्रभुलाल कछावा**
चक कामेड, उज्जैन, (म.प्र.) 456006

## बावड़ी के फव्वारे की मोटर चुराकर भागा बदमाश

**उज्जैन।** नगर वन में बनी बावड़ी में नगर निगम द्वारा फव्वारे लगाये है, शुक्रवार को एक बदमाश मोटर चोरी कर भाग निकला। नगर वन में चौकीदार के नहीं होने पर यहां असामाजिक तत्वों का रात में जमघट लग जाता है।

नगर निगम द्वारा चामुंडा माता चौराहा पर नगर वन का निर्माण किया था। जहां प्राचीन उत्तरामुखी हनुमान मंदिर बना हुआ है। वन की सुंदरता के लिये यहां बाव?ी में फाउंटेंट फव्वारे लगाये थे, अंधेरा ढलने पर फव्वारों से निकलता पानी रंग-बिरंगा दिखाई देता था। शुक्रवार देर शाम बाबडी में लगे फव्वारे की मोटर बदमाश द्वारा चोरी कर ली गई। मोटर चोरी कर रहे बदमाश को कुछ लोगों ने देखा तो उसे पकडने का प्रयास किया लेकिन वह मोटर थैली में भरकर भाग निकला। बताया जा रहा है कि नगर वन में पहले चौकीदार की नियुक्ति की गई थी, बाद मे चौकीदार को हटा दिया गया। जिसके चलते अंधेरा ढलने के बाद यहां असमाजिक तत्वों का जमघट लगने लगा। मंदिर आने वाले श्रद्धालु भी इनकी वजह से असहज महसूस करते है। नगर वन में पुलिस की गश्त नहीं होती है। जिसका फायदा बदमाशों द्वारा उठाया जा रहा है।

## आभूषण दुकान में चोरी, कैमरे में दिखी 3 महिला

**उज्जैन।** आभूषण दुकान में दिनदहाडे हुई चोरी की वारदात के मामले में पुलिस ने अज्ञात तीन महिलाओं के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। चोरी का फुटेज भी सामने आया है। जिसमें एक महिला चोरी करती और 2 महिलाओं के साथ जाती दिखाई दी है।

मामला खाराकुआ थाना क्षेत्र के भागसीपुरा का है। यहां श्री यमुना ज्वेलर्स नाम से कैलाशचंद्र सोनी अपने पुत्र विक्रम के साथ दुकान संचालित करते है। कुछ दिन पहले पुत्र काम से चला गया था, कैलाशचंद्र सोनी शाम 4 बजे के लगभग बाथरूम जाने के लिये दुकान से बाहर आये और पडोसी दुकान को देखने का बोलकर चले गये। जब वापस लौटे तो टेबल खिसकी हुई थी और काउंटर में रखे आभूषणों का एक बॉक्स गायब था। उन्होने दुकान में लगे कैमरे देखे तो एक महिला चोरी करती दिखाई दी। उसके साथ 2 अन्य महिला भी थी, मामले की शिकायत खाराकुआ थाना पुलिस से की गई, लेकिन पुलिस ने 15 दिन बाद मामले में शुक्रवार रात प्रकरण दर्ज किया। अब महिलाओं की पहचान के प्रयास किये जा रहे है।

## एक ही दिन हरतालिका तीज और गणेश चतुर्थी, दोपहर में गणपति स्थापना



14 सितंबर 2026, सोमवार
हरतालिका तीज पूजा-
सुबह 6:05 7:06 बजे
तृतीया समाप्त-सुबह करीब 7:07 बजे
गणेश चतुर्थी-14 सितंबर
गणपति स्थापना-सुबह 11:08 दोपहर 1:36 बजे
चतुर्थी तिथि-14 सितंबर सुबह 7:07 बजे से

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

इस वर्ष 14 सितंबर, सोमवार को हरतालिका तीज और गणेश चतुर्थी का विशेष संयोग बन रहा है। तृतीया तिथि 14 सितंबर की सुबह करीब 7:06-7:07 बजे समाप्त होगी और इसके बाद चतुर्थी तिथि शुरू होगी। उदया तिथि के आधार पर हरतालिका तीज का व्रत 14 सितंबर को ही रखा जाएगा।

हरतालिका तीज पर महिलाएं भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा कर पति की दीर्घायु, सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना करेंगी। हरतालिका पूजा का प्रमुख प्रात:कालीन मुहूर्त सुबह 6:05 से 7:06 बजे तक बताया गया है। इसके बाद गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया जाएगा। उज्जैन के पंचांग के अनुसार गणपति स्थापना और पूजन के लिए मध्याह्न मुहूर्त सुबह 11:08 से दोपहर 1:36 बजे तक रहेगा। इस दौरान घरों और सार्वजनिक पंडालों में विधि-विधान से भगवान गणेश की स्थापना की जाएगी। इस तरह सोमवार को सुबह शिव-पार्वती की आराधना और कुछ ही घंटों बाद प्रथम पूज्य भगवान गणेश की स्थापना होगी। दोनों प्रमुख पर्व एक ही दिन होने से धार्मिक नगरी उज्जैन में आस्था और उत्सव का विशेष वातावरण रहेगा।

**म.प्र. राज्य सहकारी बैंक मर्यादित**
फ्रीगंज शाखा, उज्जैन (म.प्र.)
अपेक्स बैंक

**मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक मर्या. शाखा व लॉकर केबिनेट के नवीन परिसर में स्थानांतरण बाबत् सूचना**

हमारे सभी मूल्यवान ग्राहकों को सूचित किया जाता है कि **मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक, फ्रीगंज शाखा, उज्जैन** जो वर्तमान में 01, कमला नेहरू मार्ग, शहीद पार्क, फ्रीगंज, उज्जैन (म.प्र.) पिन - 456010, फोन नं. 7024116612, उज्जैन ( म.प्र.) में कार्यरत है **अपने नवीन परिसर 86, तात्या टोपे मार्ग, ए.के. बिल्डिंग चौराहा, फ्रीगंज, उज्जैन (म.प्र.) पिन - 456010, फोन नं. 7024116612, उज्जैन ( म.प्र.) पर स्थानांतरित की जाएगी और दिनांक 15.10.2026 से उक्त पते पर सभी प्रकार के बैंकिंग व्यवसाय व लॉकर का संचालन यहीं से किया जायेगा।**

उक्त शाखा के सभी लॉकर धारक ग्राहकों को भी सूचित करना चाहते हैं कि प्रस्तावित परिसर में लॉकर स्थानांतरित करते समय अत्यधिक सावधानी बरती जाएगी। हालाँकि शिफ्टिंग के दौरान जोखिम और नुकसान को कम करने के लिए यदि लॉकर सुविधा वाला कोई भी ग्राहक प्रस्तावित स्थान पर लॉकर स्थानांतरित करने से पहले सामग्री को अपने कब्जे में लेना चाहता है तो दिनांक 14.10.2026 सायं 04.00 बजे या उससे पहले संबंधित शाखा से संपर्क करके ऐसा कर सकता है और लॉकर को स्थानांतरित करने के बाद उसे फिर से जमा करना चाहता है तो दिनांक 16.10.2026 से शाखा के नवीन परिसर में संपर्क कर ऐसा कर सकता है।

**इस संबंध में आपको हुई असुविधा के लिए हम गंभीरता से खेद व्यक्त करते हैं और आपको हर समय अपनी सर्वोत्तम सेवाओं का आश्वासन देते हैं।**

शाखा प्रबंधक

CMYK

# धर्म के नाम पर लूट-पाट और अन्याय करने वालों को ऐसा हुआ हश्र



फारस के बादशाह नौशेरवां-ए-आदिल अपनी न्यायप्रियता एवं दयालुता के लिए प्रसिद्ध थे। उनके पिता कोबाद अपनी पारसी धर्म त्यागकर मजदकी धर्म के अनुयायी हो गए थे। इस धर्म का सिद्वात था- संसार की हर चीज सृष्टिकर्ता ईश्वर है। इसलिए हर वस्तु पर हर एक का समान हक है। परिणाम यह हुआ कि राज्य में अशांति और अव्यवस्था फैल गई, जिस पर काबू करना कोबाद के बस की बात न थी। हुआ यह कि इसी चिंता में वह इस संसार से चल बसे। गद्दी खाली होने पर सरदारों से नौशेरवां से इसे संभालने की विनती की। उन्होंने सष्ट शब्दों में कहा कि उन्हें अशांति और अव्यवस्था वाला राज्य नहीं चाहिए। इसके बदले वह सादगी से निर्धन रहकर धार्मिक जीवन बितना पसंद करेंगे। सरदारों के बहुत आग्रह करने पर नौशेरवां राज्य का कारोबार संभालने के लिए राजी हो गए, पर उन्होंने शर्त रखी कि प्रजा को उनके आदेश का पालन करना होगा। एक दिन दरबार में एक व्यक्ति ने आकर बादशाह से फरियाद की कि एक मजदकी ने उसकी पत्नी का अपरहरण कर लिया है। बादशाह ने उस मजदकी को बुलवाया। पूछने पर उसने अपने धर्म का सिद्धांत दोहराते हुए कहा कि उस स्त्री पर किसी एक का हक नहीं हो सकता। इस पर बादशाह बोला कि हम ऐसे धर्म को धिक्कारते हैं, जो लूट-मार और अन्याय की शिक्षा देता है। मैं इस राज्य में ऐसे धर्म को चलने नहीं दूगा। इस पर वह दुष्ट बोला कि जहांपनाह यह ईश्वर की प्रति अन्याय होगा। नौशेरवां ने कहा कि ईश्वर के प्रति अन्याय किस धर्म और किस कर्म से होता है। यह मैं अच्छी तरह से जानता हूं। तुमने अन्याय किया है, मैं तुम्हें प्राणदंड देता हूं। इसके बाद शासन की नीति स्पष्ट हो गई। धर्म के नाम पर लूट-मार करने वाले मजदियों को कारागार में डाला जाने लगा। धीरे-धीरे न्याय और सुव्यवस्था के कारण राज्य में सुख-शांति फैल गई।



**सम्पादकीय**

## मौत की इमारतों में रहने को मजबूर

दक्षिण दिल्ली के सत्य निकेतन में पांच मंजिला इमारत के गिरने से कम से कम सात लोगों की मौत हो गई जिससे शहर में अवैध निर्माण का मुद्दा एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। दिल्ली में युवा छात्रों के आवास वाली एक जर्जर इमारत का ढहना राष्ट्रीय राजधानी में हुई त्रासदियों की श्रृंखला में नवीनतम घटना है जो शहरी नियोजन और सुरक्षा प्रणालियों के प्रवर्तन में खामियों को उजागर करती है। यह विडंबना ही है कि राजधानी दिल्ली में ह्यहत्यारे डिब्बेनुमाह्व कमरों में रहना छात्रों की मजबूरी है। समाज में लोगों की मजबूरी का फायदा उठाकर पैसा कमाने की हवस इस हद तक बढ़ गई है कि वे किसी के जीवन व मृत्यु की भी परवाह नहीं करते। दूरदराज के राज्यों से अपने सुनहरे सपने लेकर दिल्ली आने वाले छात्र मजबूरी में मुंहमांगे दाम देकर अमानवीय स्थिति में डिब्बेनुमा कमरो वाले पीजी में रहने को मजबूर हो जाते हैं। जब जर्जर इमारतों की स्थिति को नजरअंदाज करके ज्यादा किराया वसूलने के लिए चलताऊ निर्माण कार्य कराये जाते हैं तो हादसे का होना तय हो जाता है।

सत्य निकेतन, जहां यह हादसा हुआ कोई गुमनाम आवासीय इलाका नहीं है। दिल्ली विश्वविद्यालय के दक्षिण परिसर के निकट होने के कारण यह छात्र आवास का एक सघन बाजार बन गया है जिससे निजी पेइंगगेस्ट आवासों की संख्या में वृद्धि हुई है। दुर्भाग्य से भारत में सुरक्षा मानदंडों पर सवाल तभी उठाए जाते हैं जब दुर्घटनाएं हो जाती हैं और जानें चली जाती हैं। छात्र शहरी संपत्ति बाजार में असुरक्षित उपभोक्ता हैं। अपने परिवारों से दूर रहने के कारण उनके पास यह आंकलन करने की विशेषज्ञता या सौदेबाजी की शक्ति नहीं होती कि किसी इमारत में अवैध रूप से बदलाव किया गया है, उसका रखरखाव अपर्याप्त है, या उसमें खतरनाक रूप से अधिक लोग रह रहे हैं। कोई भी शहर अपने युवा निवासियों की सुरक्षा को मकान मालिकों और बाजार की ताकतों के भरोसे नहीं छोड़ सकता। निजी आवास एक व्यवसाय हो सकता है, लेकिन छात्रों को आवास प्रदान करने की ज़िम्मेदारी केवल किराया वसूलने तक सीमित नहीं है। सत्य निकेतन का ढहना दिल्ली की फलती-फूलती छात्र आवास अर्थव्यवस्था में कमजोर निगरानी के व्यापक पैटर्न को उजागर करता है। शहर का वास्तविक अनुभव सरकारी योजनाओं में निहित वादों से बिल्कुल अलग लगता है।

**समस्या निराकरण का ही चिंतन**

# इंदौर को स्वच्छ हवा का सम्मान, सड़कों की धूल बनी अगली चुनौती

इंदौर ने स्वच्छता के बाद स्वच्छ हवा के क्षेत्र में भी राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान हासिल किया है। शहर के लिए यह निश्चित रूप से गर्व और उपलब्धि का विषय है। लेकिन इस सम्मान के साथ एक स्वाभाविक उम्मीद भी जुड़ गई है–अब शहर की हवा का अनुभव सड़क पर चलने वाला हर नागरिक भी करे।



अजयकुमार बियाणी (दैनिक अवन्तिका)

क्योंकि पुरस्कार की खबर पढ़कर खुशी होती है, लेकिन सड़क पर निकलते ही धूल का सामना हो तो सवाल भी उठता है।

इन दिनों शहर के कई हिस्सों में निर्माण और विकास कार्य चल रहे हैं। कहीं सड़क की खुदाई, कहीं पाइपलाइन का काम, कहीं निर्माण सामग्री और कहीं यातायात का दबाव। इन सबके बीच उड़ती धूल आम नागरिक की रोजमर्रा की परेशानी बन जाती है।

दो पहिया वाहन चालक हेलमेट के साथ मुंह ढंककर चलते हैं, पैदल राहगीर रुमाल का सहारा लेते हैं और कार चालक शीशे बंद कर लेते हैं। ऐसे में स्वच्छ हवा का सम्मान और सड़क पर उड़ती धूल का दृश्य एक साथ दिखाई दे तो व्यंग्य अपने आप जन्म ले लेता है।

इंदौर को स्वच्छ वायु के लिए मिला सम्मान शहर के प्रयासों की उपलब्धि है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव, आयुक्त क्षितिज सिंघल और स्वच्छता विभाग के प्रभारी अश्विनी शुक्ल ने दिल्ली पहुंचकर यह सम्मान प्राप्त किया। राष्ट्रीय स्तर पर किसी शहर की उपलब्धि का सम्मान होना निश्चित रूप से स्वागत योग्य है।

लेकिन किसी भी सम्मान की वास्तविक सफलता उसके प्रमाणपत्र में नहीं, नागरिक के अनुभव में दिखाई देती है।

हवा दिखाई नहीं देती। इसलिए उसकी गुणवत्ता का सबसे बड़ा प्रमाण कोई बोर्ड या पुरस्कार नहीं, बल्कि नागरिक की सांस है। सुबह की सैर करते समय हवा कैसी महसूस होती है, सड़क किनारे चलते समय धूल कितनी परेशान करती है और यातायात के बीच धुआं कितना महसूस होता है–यही स्वच्छ हवा की वास्तविक परीक्षा है।



इंदौर में विकास कार्य जरूरी हैं। बेहतर सड़कें, सुविधाएं और आधारभूत ढांचा शहर की जरूरत हैं। लेकिन विकास के दौरान धूल नियंत्रण भी उतना ही जरूरी है। निर्माण स्थलों पर नियमित पानी का छिड़काव, निर्माण सामग्री को ढंककर रखना, सड़कों पर जमा मिट्टी को समय पर हटाना और यातायात वाले क्षेत्रों में प्रभावी धूल नियंत्रण जैसे उपाय लगातार किए जाने चाहिए।

क्योंकि सड़क बनने तक नागरिक को उसी सड़क से गुजरना है।

स्वच्छता के मामले में इंदौर ने देशभर में अपनी अलग पहचान बनाई है। इसका सबसे बड़ा कारण केवल प्रशासनिक व्यवस्था नहीं, बल्कि नागरिकों की भागीदारी भी रही है। अब स्वच्छ हवा के क्षेत्र में भी यही सामूहिक जिम्मेदारी जरूरी होगी।

प्रशासन को निर्माण और प्रदूषण नियंत्रण के नियमों का प्रभावी पालन कराना होगा। निर्माण एजेंसियों को धूल नियंत्रण को केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि काम का अनिवार्य हिस्सा मानना होगा। वाहन चालकों को भी अपने वाहनों की नियमित जांच और अनावश्यक प्रदूषण से बचने की जिम्मेदारी निभानी होगी।

सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देना और छोटी दूरी के लिए निजी वाहनों पर निर्भरता कम करना भी स्वच्छ हवा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हो सकता है।

दरअसल, स्वच्छ हवा का संबंध केवल पर्यावरण से नहीं, शहर में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति के जीवन से है।

इंदौर ने स्वच्छता के क्षेत्र में जो मुकाम हासिल किया है, उसे बनाए रखना चुनौती है। अब स्वच्छ हवा का सम्मान एक नई जिम्मेदारी लेकर आया है। नागरिकों की अपेक्षा भी स्वाभाविक रूप से बढ़ेगी कि शहर की हवा केवल सरकारी आंकड़ों में नहीं, बल्कि रोजमर्रा के जीवन में भी बेहतर महसूस हो।

और यही वह जगह है जहां हल्का-सा व्यंग्य जरूरी हो जाता है। दिल्ली में इंदौर को स्वच्छ हवा का सम्मान मिला और इंदौर की सड़क पर धूल ने नागरिक का स्वागत कर दिया। धूल शायद मुस्कुराकर कह रही हो–सम्मान आपको मिला है, मेरा काम तो अभी जारी है!

लेकिन अब इस मजाक को गंभीरता से लेना होगा। क्योंकि स्वच्छ हवा कोई प्रतियोगिता की ट्रॉफी नहीं है, जिसे जीतकर अलमारी में रख दिया जाए। यह नागरिक का अधिकार और प्रशासन की निरंतर जिम्मेदारी है। इंदौर की असली सफलता तब होगी, जब नागरिक सुबह अखबार में स्वच्छ हवा के सम्मान की खबर पढ़े और दिन में सड़क पर निकलकर उसी सम्मान को महसूस भी करे।

शहर की पहचान केवल साफ सड़क, सुंदर चौराहे और व्यवस्थित बाजार से नहीं बनती। शहर की असली पहचान वहां रहने वाले व्यक्ति की सहज सांसों से भी होती है।

इंदौर ने स्वच्छता में देश को राह दिखाई है। अब स्वच्छ हवा के क्षेत्र में भी उसी भरोसे को कायम रखने का अवसर है। सम्मान मिल गया है, अब सड़कों की धूल और प्रदूषण पर लगाम लगाकर उसे नागरिकों की सांसों तक पहुंचाने की चुनौती है।

## सुनहरी थाली

समेकित बाल विकास सेवा परियोजना कार्यालय के बाहर नीम के चबूतरे पर पचहत्तर साल के गंगाधर बाबा हर मंगलवार सुबह ठीक दस बजे अपनी लाठी टेकते हुए आकर बैठ जाते थे। उनके कांपते हाथों में सरकारी पोषण आहार का एक पुराना सीलबंद सूखा पैकेट होता था जिसके ऊपर मुस्कुराते हुए एक हृष्ट-पुष्ट बच्चे का रंगीन चित्र छपा था। आज एक सितंबर को राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के भव्य उद्घाटन के मौके पर जब सुरक्षा गार्ड ने उन्हें गेट पर देखा तो अपनी चाय का कुल्हड़ मेज पर रखते हुए ठहाका लगाकर बोला कि ₹बाबा जब आज पूरे प्रदेश में कुपोषण मुक्ति अभियान का ढोल पीटा जा रहा है और बड़े-बड़े अफसर गर्म हलवा और पौष्टिक आहार बांटने आ रहे हैं तो इस सीलबंद सूखे पैकेट को रोज अपनी छाती से चिपकाकर यहाँ क्या तमाशा खड़ा करते हो।₹ गंगाधर बाबा अपनी पुरानी धुंधली ऐनक को धोती के छोर से साफ करते और बहुत धीमी आवाज में मुस्कुराकर कहते कि ₹बेटा यह सूखा पैकेट केवल दलिया नहीं है बल्कि इस पूरे महिला एवं बाल विकास महकमे की वो कागजी पौष्टिकता है जिसने मेरे घर के चूल्हे को हमेशा के लिए ठंडा कर दिया है।₹ आसपास खड़े तमाम दलाल और क्लर्क उनका उपहास उड़ाते हुए कहते कि ₹लगता है इस बुढ़ापे में बाबा की मति मारी गई है जो पोषण पखवाड़े के पावन उत्सव को अपनी हठ की भेंट चढ़ाने चले आए हैं।₹ गंगाधर बाबा किसी की बात का तनिक भी मलाल किए बिना उस पैकेट की सील को अपनी कांपती उंगलियों से सहलाते और चुपचाप गाड़ियों के काफिले का इंतजार करते रहते थे। बाल विकास परियोजना के तमाम बाबू और सुपरवाइजर गंगाधर बाबा की इस साप्ताहिक मूक उपस्थिति से पूरी तरह परिचित हो चुके थे और उन्हें एक हठी बुजुर्ग मानकर पूरी तरह अनदेखा कर देते थे। दफ़्तर का बड़ा बाबू जब भी पोषण ट्रैकर ऐप की नई रिपोर्ट लेकर परियोजना अधिकारी के केबिन की तरफ बढ़ता तो गंगाधर बाबा बहुत उम्मीद से अपनी लाठी के सहारे खड़े हो जाते और हाथ जोड़कर कहते कि ₹बाबू जी क्या आज उस विशेष कुपोषण राहत और जांच वाले कागज पर साहब के दस्तखत हो गए।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 13 सितंबर 2026 रविवार
सूर्योदय - 06:17 सूर्यास्त 18:29
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 16:30 से 18:00 तक
तिथि - दुतिया 07:09 उपरांत तृतीया
नक्षत्र - हस्त 13:07 उपरांत चित्रा
योग - शुक्ल 13:43 उपरांत ब्रह्म
करण - कौलव
चन्द्रमा - कन्या में है। 25:25 पर तुला में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - रवि उस्सानी मास 01 तारिख

**मेष-** काम में मेहनत और नेतृत्व क्षमता का अच्छा इस्तेमाल कर पाएंगे। वरिष्ठों का सहयोग मिल सकता है।

**वृषभ-** व्यापारिक योजनाओं को व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ाएं। नए सौदे में शर्तें ध्यान से देखें।

**मिथुन-** आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी और अटका धन मिलने की संभावना है।

**कर्क-** पुराने मतभेद बातचीत से दूर किए जा सकते हैं। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय रहेगा।

**सिंह-** चंद्रमा के सिंह में होने से आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता मजबूत रह सकती है। अपनी दिनचर्या व्यवस्थित रखें।

**कन्या-** नई जिम्मेदारी संभालने का अवसर मिल सकता है। कारोबार में नई रणनीति बनाने का अच्छा समय है।

**तुला-** बड़े जोखिम से पहले सोच-विचार करें। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा और निवेश से अच्छा रिटर्न मिल सकता है।

**वृश्चिक-** कठिन काम भी मेहनत से पूरे किए जा सकते हैं। अधिकारियों से संवाद अच्छा रखें।

**धनु-** जोखिमभरे सौदों से बचें और पुराने आर्थिक दायित्वों को व्यवस्थित करें। पैसों के मामले में सतर्क रहें।

**मकर-** लेनदेन संभलकर करें। जीवनसाथी के साथ भावनात्मक जुड़ाव बढ़ेगा। सिरदर्द या तनाव हो सकता

**कुंभ-** रचनात्मक काम करने वालों को पहचान मिल सकती है। नौकरी से जुड़े नए विकल्प सामने आएंगे।

**मीन-** तकनीकी क्षेत्र में नए प्रोजेक्ट और संपर्क मिल सकते हैं। आय-व्यय में संतुलन रहेगा।

**समसामयिक**

## जिसे दुनिया दिखाई नहीं दी, उसकी आवाज ने दुनिया जीत ली

किसी की जिंदगी में अंधेरा केवल तब नहीं होता जब आंखों की रोशनी चली जाए। असली अंधेरा तब होता है, जब इंसान उम्मीद करना छोड़ देता है। मध्यप्रदेश के सागर जिले की सुरखी विधानसभा के छोटे से गांव अगर्रा के सुनील सिंह लोधी ने जिंदगी के अंधेरे को कभी अपनी कमजोरी नहीं बनने दिया।



सुनील को बचपन से ही दिखाई नहीं देता था। माता-पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार उनका इलाज कराया, लेकिन आंखों की रोशनी वापस नहीं आ सकी। परिवार की आर्थिक स्थिति भी ऐसी नहीं थी कि हर सुविधा आसानी से मिल सके। करीब एक एकड़ जमीन और पशुपालन के सहारे चलने वाले परिवार में सुनील के लिए पढ़ाई भी ज्यादा आगे नहीं बढ़ सकी। परिवार में माता-पिता और भाई-बहन थे, लेकिन परिस्थितियों ने बचपन से ही उन्हें संघर्ष करना सिखा दिया।

लेकिन शायद ईश्वर ने उनकी आंखों की रोशनी भले ही कम कर दी थी, आवाज में ऐसी रोशनी जरूर दे दी थी जो एक दिन हजारों-लाखों लोगों तक पहुंचने वाली थी। भजन और संगीत से सुनील का लगाव धीरे-धीरे उनकी ताकत बन गया। गांव की चौपालों और छोटे धार्मिक आयोजनों से शुरू हुई उनकी आवाज आगे बढ़ती गई। उन्होंने कभी यह नहीं सोचा कि उनके पास साधन कम हैं, इसलिए सपने भी छोटे होने चाहिए। जिंदगी में एक बड़ा मोड़ 2019 में रोहित साहू से हुई मुलाकात के बाद आया। इस मुलाकात ने सुनील को आगे बढ़ने का हौसला दिया। सोशल मीडिया के माध्यम से उनकी आवाज लोगों तक पहुंचने लगी और धीरे-धीरे उनकी पहचान बनने लगी।

फिर वह दिन भी आया जब उनकी आवाज हनुमान अंश फिल्म तक पहुंची। जिस सुनील ने अपनी आंखों से दुनिया नहीं देखी, उसकी आवाज अब बड़े पर्दे के जरिए दुनिया सुन रही है। यह किसी चमत्कार से कम नहीं लगता। लेकिन इस सफलता के पीछे केवल फिल्म नहीं है। इसके पीछे गांव की मिट्टी है, परिवार की सीमित आमदनी है, संघर्ष के दिन हैं, अधूरी पढ़ाई है, लोगों की मदद है और सबसे बढ़कर अपने ऊपर विश्वास बनाए रखने की जिद है। सुनील की कहानी हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि हम अक्सर अपनी छोटी-छोटी परेशानियों से हार मान लेते हैं। हमारे पास आंखें हैं, रास्ते हैं, साधन हैं, फिर भी हम कहते हैं कि अवसर नहीं मिला। वहीं सुनील के पास देखने की शक्ति नहीं थी, साधन सीमित थे, लेकिन सपना देखने की शक्ति पूरी थी।

और जब सपने के साथ मेहनत जुड़ जाए तथा ऊपर वाले पर विश्वास बना रहे, तो शायद कोई कमी रास्ते की दीवार नहीं बन सकती। आज सुनील की आवाज हनुमान अंश के माध्यम से लोगों तक पहुंच रही है। यह सिर्फ उनकी सफलता नहीं है। यह उस हर व्यक्ति की जीत है जो परिस्थितियों से लड़ते हुए अपने सपने को जिंदा रखता है। आंखों ने दुनिया देखने से मना कर दिया, लेकिन हौसले ने सपने देखना नहीं छोड़ा। कदमों के सामने रास्ते कम थे, लेकिन आवाज ने अपना रास्ता खुद बना लिया। शायद यही हनुमान जी की भक्ति का सबसे सुंदर संदेश है, जहां मनुष्य की शक्ति समाप्त होती है, वहीं से विश्वास की शक्ति शुरू होती है। भरोसा रखिए, प्रयास करते रहिए। ईश्वर कब किस को अपना माध्यम बना दे, कोई नहीं जानता।



वीरेंद्र हीरालाल पथरिया (दैनिक अवन्तिका)

# भारत की तंबाकू नियंत्रण नीति में है बड़ी खामी

भारत में तंबाकू नियंत्रण के सामने अब एक नई चुनौती खड़ी हो रही है। बाजार में ऐसे निकोटिन पाउच तेजी से दिखाई देने लगे हैं, जिनमें तंबाकू की पत्ती नहीं होती, लेकिन निकोटिन मौजूद रहता है। छोटे और आसानी से इस्तेमाल किए जा सकने वाले ये पाउच अलग-अलग स्वादों में उपलब्ध हैं। इन्हें दुकानों के साथ-साथ ऑनलाइन भी बेचा जा रहा है। एक अध्ययन में ऐसे निकोटिन पाउच देश के 10 में से 7 शहरों में पाए गए। इनमें निकोटिन की मात्रा भी काफी अधिक थी। इससे साफ है कि यह केवल भविष्य की समस्या नहीं है, बल्कि भारत के बाजार में इसकी मौजूदगी बढ़ रही है।



डॉ सत्यवान सौरभ (दैनिक अवन्तिका)

सबसे बड़ी चिंता यह है कि तंबाकू न होने के कारण मौजूदा कानूनों में इन उत्पादों की सही जगह स्पष्ट नहीं है। भारत में तंबाकू नियंत्रण के लिए मुख्य कानून सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम यानी सीओटीपीए, 2003 है। यह कानून मुख्य रूप से उन उत्पादों पर लागू होता है जिनमें तंबाकू मौजूद है। इसलिए तंबाकू-मुक्त निकोटिन पाउच को सीधे सीओटीपीए के तहत रखना आसान नहीं है। यही कानूनी खामी कंपनियों और विक्रेताओं के लिए रास्ता खोल सकती है।

सीओटीपीए के तहत तंबाकू उत्पादों के विज्ञापन, नाबालिगों को बिक्री, पैकेजिंग और स्वास्थ्य चेतावनी जैसे कई नियम हैं। लेकिन यदि किसी उत्पाद में तंबाकू की जगह केवल निकोटिन है तो सवाल उठता है कि उस पर यही नियम किस आधार पर लागू किए जाएं। कानून को केवल उसकी भावना के आधार पर नहीं चलाया जा सकता। प्रशासन यह मानकर किसी नए उत्पाद को पुराने कानून में नहीं ला सकता कि उसका स्वास्थ्य पर प्रभाव समान है। इसके लिए स्पष्ट कानूनी आधार जरूरी है।

कुछ लोग निकोटिन पाउच को इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट निषेध अधिनियम, 2019 के तहत नियंत्रित करने की बात कर सकते हैं। लेकिन यह रास्ता भी आसान नहीं है। ई-सिगरेट ऐसे उपकरण हैं जिनमें किसी पदार्थ को गर्म कर-के एरोसोल बनाया जाता है। निकोटिन पाउच में न तो कुछ जलाया जाता है और न ही एरोसोल बनाया जाता है। इसे केवल इसलिए ई-सिगरेट मान लेना कि दोनों में निकोटिन होता है, कानूनी रूप से कमजोर तर्क हो सकता है। इसलिए सरकार को इस बारे में स्पष्ट कानूनी व्यवस्था बनाने की जरूरत है।

खाद्य सुरक्षा कानून के तहत खाद्य पदार्थों में तंबाकू और निकोटिन के इस्तेमाल पर रोक है। लेकिन हर ऐसी चीज जिसे मुंह में रखा जाता है, जरूरी नहीं कि वह कानूनी रूप से खाद्य पदार्थ भी हो। निकोटिन पाउच का इस्तेमाल मुंह में किया जाता है, लेकिन इससे वह अपने आप खाद्य पदार्थ नहीं बन जाता। इसलिए केवल खाद्य सुरक्षा कानून के सहारे इनके पूरे बाजार को नियंत्रित करना भी आसान नहीं होगा। अलग-अलग कानूनों के बीच स्पष्टता और आपसी तालमेल जरूरी है।

निकोटिन का इस्तेमाल कुछ चिकित्सकीय उत्पादों में भी होता है। उदाहरण के लिए निकोटिन गम और पैच जैसे उत्पाद धूम्रपान छोड़ने में मदद के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं और इन पर औषधि संबंधी नियम लागू होते हैं। इसलिए सरकार को निकोटिन पाउच की प्रकृति और उनके दावों के आधार पर यह स्पष्ट करना चाहिए कि कोई उत्पाद चिकित्सकीय उपयोग का है या केवल मनोरंजक इस्तेमाल के लिए बाजार में लाया गया है। हर निकोटिन उत्पाद को दवा मान लेना सही नहीं होगा और हर उत्पाद को दवा के दायरे से बाहर रखना भी उचित नहीं होगा। हाल में निकोटिन पाउच की बिक्री को लेकर मुंबई हवाई अड्डे की ड्यूटी-फ्री दुकानों का मामला भी सामने आया।

**धर्म-आस्था**

# नाड़ी और सूक्ष्म शरीर का क्या है संबंध?

योग में शरीर की नाड़ियों को जीवन का आधार माना गया है क्योंकि मनुष्य की प्राण ऊर्जा इन्हीं नाड़ियों में प्रवाहित होती है। योग शास्त्र के अनुसार, शरीर में 72,000 नाड़ियाँ हैं और उनमें से इड़ा, पिंगला और सुषुम्ना को विशेष महत्व दिया गया है। अध्यात्म के अनुसार, हर व्यक्ति के लिए नाड़ी तंत्र की व्यवस्था को समझना जरूरी है क्योंकि यह आपको अपने भीतर की स्थिति के प्रति जागरूक करता है। अपनी सांस पर ध्यान देना, यह देखना कि मन कब शांत है और कब अत्यधिक सक्रिय, तथा अपने शरीर और मानसिक अवस्था को समझना योग साधना का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

योग और तंत्र परंपरा में मानव शरीर को केवल दिखाई देने वाले भौतिक शरीर तक सीमित नहीं माना गया है। इसमें शरीर को तीन भागों में बांटा गया है, जिसमें से एक सूक्ष्म शरीर है। सूक्ष्म शरीर कोई भौतिक शरीर नहीं बल्कि भौतिक शरीर के अन्दर मौजूद चेतनात्मक शरीर है, जिसमें प्राण ऊर्जा यानी जीवन ऊर्जा के प्रवाह का वर्णन मिलता है। यह जीवन ऊर्जा अनेक नाड़ियों की मदद से पूरे शरीर में दौड़ता है। लोग अक्सर नाड़ी को शरीर की नसें या धमनियां समझ लेते हैं, जबकि नाड़ी शरीर के नसों की तुलना में बेहद सूक्ष्म होते हैं। यही कारण है कि ये सूक्ष्म शरीर में मौजूद होते हैं, जिन्हें विज्ञान के नजरिये से नहीं बल्कि अध्यात्म और आयुर्वेद के नजरिये से देखा जाता है। योग दर्शन में नाड़ियों को ऐसे सूक्ष्म मार्ग के रूप में समझाया गया है, जिनके माध्यम से प्राण का प्रवाह होता है। इसलिए आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में जिस नाड़ी की बात होती है और योग शास्त्र में जिस नाड़ी का वर्णन है, दोनों को एक ही चीज मानना उचित नहीं है। ग्रंथों में मानव के सूक्ष्म शरीर में नाड़ियों की संख्या 72,000 बताई गयी हैं। इन अनेक नाड़ियों में कुछ को प्रमुख माना गया है और उनमें भी तीन नाड़ियों का विशेष महत्व बताया गया है - इड़ा, पिंगला और सुषुम्ना। तो, चलिए पहले इन तीनों नाड़ियों के बारे में समझते हैं...

इड़ा को योग परंपरा में चंद्र नाड़ी कहा जाता है। इसका संबंध शीतलता, शांति, अंतर्मुखता और ग्रहणशीलता जैसे गुणों से जोड़ा जाता है। योग के अनुसार इड़ा शरीर के बाईं ओर से संबंधित मानी जाती है और इसका संबंध बाएं नथुने से बताया जाता है। जब इड़ा का प्रभाव प्रमुख माना जाता है, तब ध्यान, अध्ययन, आत्मचिंतन और शांत गतिविधियों के लिए यह अवस्था अनुकूल मानी जाती है। इड़ा को चंद्र ऊर्जा से जोड़ने के कारण इसे मन की शांति और शीतल स्वभाव का प्रतीक भी माना जाता है।

### पिंगला नाड़ी का क्या महत्व है?

इड़ा के विपरीत पिंगला को सूर्य नाड़ी कहा जाता है। इसे सक्रियता, ऊर्जा, गर्माहट, कर्मशीलता और बाहरी गतिविधियों से जोड़ा जाता है। परंपरा में पिंगला का संबंध शरीर के दाहिने हिस्से और दाएं नथुने से बताया गया है। जब पिंगला प्रभावी मानी जाती है, तब शारीरिक गतिविधि, कामकाज और ऐसे कार्यों के लिए समय अनुकूल माना जाता है जिनमें सक्रियता और प्रयास की आवश्यकता होती है। इस प्रकार इड़ा और पिंगला को एक-दूसरे के पूरक रूप में समझा जा सकता है।

### सुषुम्ना नाड़ी सबसे महत्वपूर्ण क्यों मानी जाती है?

तीसरी प्रमुख नाड़ी है सुषुम्ना। इसे सूक्ष्म शरीर के मध्य मार्ग के रूप में बताया गया है। योग परंपरा में सुषुम्ना को विशेष महत्व इसलिए दिया गया है क्योंकि इसे आध्यात्मिक उन्नति और कुंडलिनी साधना से जोड़ा जाता है। इड़ा और पिंगला को द्वैत से जुड़ी धाराओं के रूप में देखा जाता है, जबकि सुषुम्ना को इनके बीच के केंद्रीय मार्ग के रूप में समझाया गया है। हठयोग और तांत्रिक परंपराओं में प्राण का सुषुम्ना में प्रवेश साधना की महत्वपूर्ण अवस्था माना गया है।

### नाड़ी शोधन प्राणायाम क्या है?

योग में नाड़ी शोधन एक प्रसिद्ध प्राणायाम पद्धति है। 'शोधन' का अर्थ शुद्धि या संतुलन से लिया जाता है। इस अभ्यास में बाएं और दाएं नथुने से बारी-बारी सांस लेने की प्रक्रिया शामिल होती है। योग परंपरा इसे नाड़ियों के संतुलन और मन की एकाग्रता से जोड़ती है। इसके अलावा स्वर योग में सांस के प्रवाह और नाड़ियों के बीच संबंध को विशेष महत्व दिया जाता है। यह देखा जाता है कि किसी समय कौन-सा नथुना अधिक सक्रिय है। इसके आधार पर व्यक्ति की गतिविधियों और मानसिक अवस्था को समझने का प्रयास किया जाता है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6600 से 6700 विशाल 6400 से 6525 डंकी चना 5800 से 6200 मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 8200 से 8400 महाराष्ट्र लाल 8500 से 8800 कर्नाटक 8700 से 8900 निमाड़ी तुअर 6500 से 7900 मूंग बेस्ट गर्मी 7500 से 7700 मूंग बेस्ट बोल्ड 7800 से 7900 मोगर 5500 से 6700 उड़द बोल्ड 9200 से 9500 उड़द गर्मी 8800 से 9200 ग्रेविटी क्लीन 9500 से 9900 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7500 से 8800 काबुली रशियन 6400 से 6600 बिटकी 6000 से 6200 सरसों निमाड़ी 8000 से 8200 रायडा 7000 से 7200 सोयाबीन 5700 टोली 5600 से 5800 गेहूं मिल क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से 3000 मालवराज 2850 से 2900 मक्का 2500 से 2525 चना दाल 7800 से 7900 मीडियम 8000 से 8300 बेस्ट 8500 से 8800 तुअर दाल 7900 से 8000 मीडियम 7900 से 8000 बेस्ट 10300 से 10600 एक्स्ट्रा बेस्ट 11400 से 11600 ब्रांडेड 13000 मूंग दाल 9100 से 9200 बेस्ट 9300 से 9400 मूंग मोगर 11100 से 11200 बेस्ट 11300 से 11400 उड़द दाल 10900 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द मोगर 11400 से 11800 बेस्ट 12000 से 12200 मसूर दाल 7750 से 7850 बेस्ट 7950 से 8050 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000. बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2071-3150, चना देशी-5901 काबली- 3350-7951, बटला-3201, रायड़ा- 6850, मूंग- 7600, सोयाबीन- 2700-6085, मैथीदाना-5240, सरसो- 7050-7601, तुवर-4300, तिल्ली- 10491-11001, मावा-300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,49,800 रवा- 1,49,600 चांदी- टंच- 2,35,000 पाट- 2,34,000।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## कृष्ण-रुक्मणि विवाह प्रसंग पर झूमे श्रद्धालु

**बड़नगर।** नगर के श्री गुजराती रामी माली समाज धर्मशाला में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणि विवाह का भव्य प्रसंग सुनाया गया। कथा व्यास हेमंत कश्यप महाराज(हरिद्वार )के मुखारविंद से जैसे ही रुक्मणि हरण श्रीकृष्ण-रुक्मणि विवाह की कथा का वर्णन शुरू हुआ, पूरा पंडाल श्जय श्रीकृष्णश् और श्रुक्मणि-कृष्ण की जयश् के जयकारों से गूंज उठा। संगीतमय भजनों पर श्रद्धालुओं ने नृत्य कर उत्सव मनाया। कथा व्यास ने कहा कि रुक्मणि जी साक्षात लक्ष्मी का स्वरूप हैं। जब जीव रूपी रुक्मणि सच्चे मन से परमात्मा रूपी श्रीकृष्ण को पुकारती है तो भगवान स्वयं आकर उसका वरण करते हैं। प्रेम और समर्पण ही भक्ति का आधार है। रुक्मणि विवाह हमें सिखाता है कि सच्चा प्रेम और विश्वास कभी हारता नहीं। इस अवसर पर धर्मशाला परिसर को दुल्हन की तरह सजाया गया था। भगवान कृष्ण और रुक्मणि जी की झांकी सजाई गई और श्रद्धालुओं ने फूल बरसाकर विवाहोत्सव मनाया।

## ताश के पत्तों पर दांव लगाते तीन जुआरी पकड़े

**शुजालपुर।** पुलिस ने शुक्रवार को कृष्णानगर क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए ताश के पत्तों पर रुपए.पैसों की हार-जीत का दांव लगा रहे तीन लोगों को पकड़ा। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे और जुए के फ ड़ से कुल 650 रुपए नकद तथा 52 ताश के पत्ते जब्त किए। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि रेलवे पटरी के पास कृष्णानगर में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना की तस्दीक के बाद पुलिस टीम ने पंचों के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और तीन लोगों को पकड़ा। पुलिस ने जुआ खेलते राजेश मालवीय तलेन, उस्मान गनी भीमपुरा शुजालपुर सिटी, भगवत सूर्यवंशी शुजालपुर मंडी के पास से नगदी व ताश पत्ते मिले। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## बस स्टैंड पर सट्टा अंक लिखते युवक को पकड़ा

**शुजालपुर।** बस स्टैंड मंडी क्षेत्र में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लोगों से रुपए लेकर सट्टा अंक की पर्चियां लिख रहे एक युवक को पकड़ा। पुलिस ने उसके कब्जे से चार सट्टा पर्चियां, 1025 रुपए नकद व अन्य सामग्री जब्त की। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि बस स्टैंड पर एक व्यक्ति लोगों से रुपए लेकर सट्टा अंक लिखकर पर्चियां दे रहा है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां एक व्यक्ति सट्टा अंक लिखते मिला। जिसने अपना नाम शुभम ठाकुर निवासी शुजालपुर मंडी बताया। पुलिस ने उसके कब्जे से सट्टा पर्चियां व नकदी सहित सट्टा उपकरण जब्त कर सट्टा अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## रास्ता बंद करने के विवाद में मारपीट, चार पर केस

**शुजालपुर।** ग्राम बगनाखेड़ी में घर जाने का रास्ता बंद करने को लेकर चल रहे विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। घटना में चाचा-भतीजे को डंडे से चोटें आईं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर चार लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है। पुलिस के अनुसार ग्राम बगनाखेड़ी निवासी अभय सिंह मेवाड़ा ने अपने भतीजे शिवम के साथ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने बताया कि उनके घर जाने का रास्ता गांव के अर्जुन सिंह सूर्यवंशी के घर के पास से होकर जाता है। आरोप है कि अर्जुन ने करीब तीन माह से रास्ता बंद कर रखा है, जिसे लेकर तहसील शुजालपुर में प्रकरण भी चल रहा है। फ रियादी के मुताबिक 3 सितंबर को दोपहर करीब 3.30 बजे वह और उसका भतीजा शिवम गांव की ओर जा रहे थे। राम मंदिर के पास अर्जुन उसके भाई श्रीमल पिता पर्वत सिंह और मां हरकू बाई मिले। रास्ते के विवाद को लेकर कहासुनी के बाद आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी।

## महिदपुर मंडी में नई सोयाबीन की आवक शुरू

महिदपुर। कृषि उपज मंडी महिदपुर में ग्राम मेलमुण्डला के किसान राहुल की नई सोयाबीन (15 बोरी) का मंडी सचिव प्रीतमसिंह चौधरी ने स्वागत कर शुभारंभ कराया। खुली नीलामी में पहली बोली 5,611.25 प्रति क्विंटल के भाव पर फर्म जयचन्द रखबचन्द चौपडा ने खरीदी।

### चेन खींचने के दौरान हुई छीना-झपटी, मौके से चाकू और बाट मिला;

# सतवास में चेन लूटने की कोशिश में महिला की हत्या, 3 गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खातेगांव

देवास के सतवास की पुनर्वास बस्ती में 55 साल की माया शर्मा की हत्या के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को पकड़ा है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपी माया को पहले से जानते थे और सोने की चेन लूटने के इरादे से उनके घर पहुंचे थे।

छीना-झपटी के दौरान चेन टूट गई और मामला हिंसक हो गया। इसी दौरान माया की हत्या कर दी गई और उनकी बेटी रानू पर भी हमला हुआ।

माया के गले में करीब दो तोले की सोने की चेन थी। आरोपियों ने चेन खींची तो वह टूट गई। पुलिस को घर के अंदर चेन का एक टुकड़ा मिला है। दूसरे टुकड़े को आरोपियों द्वारा बाहर फेंकने की जानकारी सामने आई है।

पुलिस को घटनास्थल से एक चाकू और वजन तोलने का बाट भी मिला है। शुरुआती जांच के मुताबिक वारदात बुधवार रात करीब 8 से 9 बजे के बीच हुई। मौके पर मिला गूंथा हुआ आटा भी पुलिस की जांच में वारदात के संभावित समय से जुड़ा अहम सुराग माना जा रहा है। घटना के बाद पुलिस ने



आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और संदिग्धों से पूछताछ शुरू की। जांच में मिले सुरागों के आधार पर पुलिस तीन आरोपियों तक पहुंची।

शुक्रवार देर शाम पुलिस उन्हें घटनास्थल पर भी लेकर गई और वारदात का क्रम समझने के लिए मौके की जांच की।

पकड़े गए तीनों आरोपी सतवास के रहने वाले बताए जा रहे हैं। इनमें मुख्य आरोपी समेत दो के नाबालिग होने की जानकारी सामने आ रही है। हालांकि, पुलिस ने अभी आरोपियों की गिरफ्तारी और उनकी उम्र को लेकर आधिकारिक जानकारी जारी नहीं की है।

एसपी पुनीत गेहलोत गुरुवार देर रात पुनर्वास बस्ती पहुंचे थे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद कहा था कि पुलिस को अहम सुराग मिले हैं और

**पुलिस साक्ष्यों से जोड़ रही पूरी वारदात**

पुलिस अब घायल रानू से मिली जानकारी, घटनास्थल से बरामद साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज और आरोपियों से पूछताछ के आधार पर वारदात का पूरा घटनाक्रम जोड़ रही है। जांच में एसपी सौम्या जैन, एसडीओपी कन्नौद आदित्य तिवारी, सतवास टीआई आशीष पाल और उनकी टीम की भूमिका रही है।

अगले 24 घंटे में आरोपियों की गिरफ्तारी कर मामले का खुलासा किया जाएगा। पुलिस ने सबूत जुटाने और पूछताछ का काम जारी रखा।

### एनएचएम निर्देशक ने अस्पतालों का लिया जायजा

# निर्माण में देरी पर अफसरों के समक्ष जताई नाराजगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

नेशनल हेल्थ मिशन एनएचएम की निर्देशक सलोनी सिडाना ने शुक्रवार को 10 सदस्यीय निरीक्षण दल के साथ शुजालपुर पहुंचकर मंडी सिविल अस्पताल और सिटी में निर्माणाधीन नए सिविल अस्पताल भवन का निरीक्षण किया। मंडी अस्पताल में उन्होंने मरीजों को मिल रही सुविधाओं और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। वहीं नए अस्पताल भवन का काम तय समय से पीछे मिलने पर बिल्डिंग डेवलपमेंट कॉरपोरेशन बीडीसी के अधिकारियों और ठेकेदार को काम में तेजी लाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण दल के आने की सूचना अस्पताल प्रबंधन को पहले से थी, जिसके चलते अस्पताल में व्यवस्थाएं चाक-चौबंद कर रखी गई थीं। निरीक्षण के दौरान सिडाना ने मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने, बंद पड़ी लिफ्ट का संचालन शुरू करने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सुधार के बिंदुओं पर अधिकारियों से जानकारी ली। हालांकि निर्देशक ने मीडिया से चर्चा करने से इंकार कर दिया।



**निर्माण में देरी पर दिए निर्देश**

सिटी क्षेत्र में निर्माणाधीन नए सिविल अस्पताल भवन के काम की गति धीमी मिलने पर एनएचएम निदेशक ने संबंधित अधिकारियों से निर्माण की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने ठेकेदार को काम में तेजी लाकर भवन निर्धारित समय.सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माण की गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं करने की हिदायत दी। सिडाना ने कहा कि नया अस्पताल भवन शुजालपुर के लिए महत्वपूर्ण है। इसके तैयार होने के बाद मरीजों को बेहतर और अधिक सुविधाजनक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।




### खड़े हनुमान मंदिर को यथावत रखने की मांग

## हिंदू परिषद-राष्ट्रीय बजरंग दल ने में तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ तराना

उज्जैन स्थित प्राचीन खड़े हनुमान मंदिर को यथावत रखने की मांग को लेकर अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद-राष्ट्रीय बजरंग दल की ओर से तराना तहसीलदार लखन लाल सुनगिया को मुख्यमंत्री एवं कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में संगठन ने कहा कि उज्जैन सराफा, कंठाल एवं गोपाल मंदिर रोड स्थित खड़े हनुमान मंदिर प्राचीन आस्था का प्रमुख केंद्र है। संगठन का दावा है कि मंदिर करीब 1000 वर्ष से अधिक पुराना है। सिंहस्थ-2028 की तैयारियों एवं सड़क चौड़ीकरण के नाम पर मंदिर के हिस्से को तोड़े जाने से श्रद्धालुओं में नाराजगी है। संगठन ने कहा कि वह सिंहस्थ की तैयारियों और विकास कार्यों का विरोध नहीं करता, लेकिन विकास के साथ प्राचीन धार्मिक स्थलों के संरक्षण का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। ज्ञापन में मंदिर की प्रतिमा को वर्तमान स्थान पर ही यथावत रखने तथा मंदिर की क्षतिग्रस्त दीवार एवं शिखर का पुनर्निर्माण कराने की मांग की गई इसके साथ ही टंकी चौराहा वाले वैकल्पिक स्थान के प्रस्ताव को निरस्त करने की मांग भी रखी गई। संगठन ने प्रशासन से विकास कार्यों को लेकर संगठन एवं श्रद्धालुओं के साथ समन्वय स्थापित करने की अपील की। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं होने पर अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद-राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा हनुमान भक्तों एवं हिंदू समाज के साथ मिलकर जन-जागरण अभियान चलाया जाएगा।

### आपत्तिजनक पोस्ट के विरोध में प्रदर्शन

## हिंदू समाज ने पुतला फूंका, राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया

अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा

आगर-मालवा में गुरुवार शाम सोशल मीडिया पर निशु आजाद के नाम से सामने आई कथित आपत्तिजनक पोस्ट के विरोध में हिंदू समाज के लोगों ने प्रदर्शन किया।

बड़ी संख्या में लोग छावनी नाका क्षेत्र में जुटे और पोस्ट के खिलाफ नारे लगाए। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने संबंधित व्यक्ति का पुतला फूंका। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति के नाम आगर कलेक्टर को ज्ञापन देकर कथित पोस्ट की जांच कराने और दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की मांग की।

**पुतला फूंकने के बाद कलेक्टर कार्यालय पहुंचे**

छावनी नाका पर प्रदर्शन के बाद लोग कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। यहां राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। इसमें कथित पोस्ट की निष्पक्ष जांच और दोषी पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की मांग की गई।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि सोशल मीडिया पर आई पोस्ट में धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली सामग्री है। उन्होंने कहा कि किसी भी धर्म या आस्था को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी से विवाद की स्थिति बन सकती है।

## नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में 175 लोगों की जांच

**शुजालपुर।** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय भोपाल की शुजालपुर शाखा की ओर से स्वर्गीय डॉ. गौरीशंकर जोशी की स्मृति में ग्राम डुंगलाय स्थित सरस्वती कॉन्वेंट स्कूल में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं मातृ सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन उनके सुपुत्र एवं विद्यालय के प्राचार्य मनोज जोशी के सहयोग से किया गया। शिविर में नेत्र विशेषज्ञ डॉ. जसवंत यादव ने 70 बच्चों, 60 महिलाओं एवं 45 पुरुषों सहित कुल 175 लोगों की आंखों की जांच की। जांच के दौरान 8 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। चयनित मरीजों को 15 सितंबर को शुजालपुर मंडी से बस के माध्यम से भोपाल ले जाकर ऑपरेशन कराया जाएगा।

### शाजापुर के इलेक्ट्रॉनिक व्यवसायी से इंदौर में साइबर ठगी

# मोबाइल ठीक कराने के बाद खाते से 1.22 लाख निकले

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

शाजापुर के इलेक्ट्रॉनिक व्यवसायी सुनीलकुमार सोनी के बैंक खाते से चार बार में 1 लाख 22 हजार 935 रुपए निकल गए। 5 सितंबर को इंदौर से लौटते समय उनका मोबाइल बंद हो गया था।

उन्होंने जेल रोड की एक मोबाइल शॉप से फोन ठीक कराया। मोबाइल चालू होने के बाद बैलेंस चेक किया तो खाते से रकम निकलने की जानकारी मिली।

चार ट्रांजेक्शन में निकली रकम खाते से 73 हजार 935 रुपए, 15 हजार रुपए, 16 हजार रुपए और 18 हजार रुपए के चार ट्रांजेक्शन हुए। सुनील कुमार का कहना है कि इनमें से कोई भी ट्रांजेक्शन उन्होंने नहीं किया।

**मोबाइल ठीक कराने के लिए दिए थे 1500 रुपए**

सुनीलकुमार इंदौर में अपनी दुकान के लिए सामान खरीदने गए थे। लौटते समय मोबाइल ने काम करना बंद कर दिया। उन्होंने जेल रोड स्थित एक मोबाइल दुकान पर फोन ठीक कराया और दुकानदार को 1500 रुपए दिए।

अनजान लिंक पर क्लिक करने से किया इनकार

व्यवसायी ने बताया कि उन्होंने किसी अनजान लिंक पर क्लिक नहीं किया था। मोबाइल ठीक होने के बाद ही खाते से रकम निकलने का पता चला।

**पुलिस मोबाइल और बैंक रिकॉर्ड खंगाल रही**

सुनीलकुमार ने कोतवाली और साइबर पुलिस में शिकायत की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मोबाइल और बैंक खाते से हुए ट्रांजेक्शन की जानकारी जुटाई जा रही है।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार ने भवन स्वामी देवीशंकर चौहानपिता स्व. दयाराम चौहान निवासी-6, बेगमपुरा गली नं. 03, अहिल्याबाई मार्ग, उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व तथा आधिपत्य का एक मकान नगर पालिका निगम वर्तमान भवन क्रमांक 6, का दक्षिण दिशा वाला भाग अहिल्याबाई मार्ग गली नं 3 उज्जैन (म.प्र) में हैं जिसका कुल क्षेत्रफल 44.15 वर्गमीटर है। उक्त वर्णित भवन एक मंजिला आर.सी.सी. का निर्मित हैं। जिसके पूर्व में आम रास्ता, पश्चिम में मकान शंकरलाल का, उत्तर में मकान आनंद पिता स्व. दयाराम चौहान का, दक्षिण में मकान गणेश कुमार का उक्त भवन को उनसे मय तल, जमीन व हवाई हक सहित क्रय करने का लिखित अनुबंध किया होकर बयाना राशी भी अदा कर दी है तथा शेष राशी अदा कर उक्त संपत्ति का विक्रय-पत्र का पंजीयन मेरे पक्षकार के हित में करवाया जाना है। अतः इस सुचना प्रकाशन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी व्यक्ति का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, हिस्सा हो या कोई अनुबंध किया हुआ हो या किसी भी बैंक, प्राइवेट संस्था विभाग तथा इक्वीटेबल मार्टगेज की हुई हो या किसी प्रकार का कोई ऋण, भार, टैक्स अन्य किसी का कोई हक्क, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी भी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था इति आदि का भार, बोझ, गिरवी, हित, अधिकार, डिक्री, अटैचमेंट हो या इस विक्रय व्यवहार में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो व इस सुचना प्रकाशन दिनांक से 7 (सात) दिन में मय लेखी प्रमाण सहित अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा प्रकाशन की अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन मेरे पक्षकार के हित में करवा लिया जायेगा एवं कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितो पर बंधनकारक नहीं रहेगी। सो सूचित हो ।

इति दिनांक 12-09-2026

अजय कुमावत एडवोकेट
कार्यालय :- पुलिस कंट्रोल रूम के सामने उज्जैन
मो. 9993364312

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, भूमि सर्वे क्रमांक 430 रकबा 2.529 हे. एवं 436 रकबा 1.202 हे. कुल रकबा 3.731 हे. स्थित ग्राम चक कमेड तहसील घट्टिया जिला उज्जैन पर स्थित होकर मेरे पक्षकारगण श्रीमती जमनाबाई पति भगवानसिंह, रवि, अंकित एवं श्रीमती नेहा पिता भगवानसिंह तथा अन्य सह स्वामी श्रीमती रामीबाई पति घनश्याम, राजेश, विनोद एवं पुनम पिता घनश्याम एवं ओमप्रकाश पिता नन्दराम निवासीगण उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य की है, और इस सम्बन्ध मे एक प्रकरण माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश महोदय उज्जैन के न्यायालय मे प्रकरण क्रमांक 159/2025 अपील विचाराधीन होकर तारीख पेशी दिनांक 21.09.2026 नियत है, इस भूमि के सम्बन्ध मे अनुविभागीय अधिकारी महोदय घट्टिया द्वारा प्रकरण क्रमांक 00079/अपील/26-27 आदेश दिनांक 05.08.2026 के द्वारा भी स्थगन आदेश प्रदान किया गया है। किन्तु इसके उपरान्त भी श्रीमती हेमलता पति रामकिशन मीणा, निवासी-30, रेल नगर रतलाम एवं जानीबाई पति गणपत निवासी कांजीपुरा उज्जैन ने अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की बताकर विक्रय व अन्तरित करने के प्रयास मे है, जबकि हेमलता व जानीबाई न तो उक्त भूमि की मालिक है, और न उनका कब्जा है और न ही राजस्व अभिलेखो मे उनका नाम दर्ज है, उक्त भूमि पर कई दशको से मेरे पक्षकारगण का स्वामित्व एवं आधिपत्य है। अतः कोई भी व्यक्ति उक्त हेमलताबाई व जानीबाई से उक्त भूमि के क्रय विक्रय का कोई व्यवहार नहीं करें, अन्यथा इसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार रहेगा, और ऐसा कोई भी व्यवहार मेरे पक्षकारगण पर बन्धनकारक नहीं रहेगा।

राजेन्द्र समदानी हाईकोर्ट, एडवोकेट
पता-92, गोंदाचौकी, गुरू मंदिर के पास, उज्जैन
मोबाईल नंबर-76940-54292


## अवैध शराब की 6 भट्टियां ध्वस्त, तालाब किनारे नाले में छिपाकर रखा था सामान

**देवास।** देवास में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत बरोठा पुलिस ने शनिवार को अवैध शराब बनाने वालों के ठिकानों पर कार्रवाई की। पुलिस ने सांसी मोहल्ले में छापेमारी की। इसके बाद आसपास के क्षेत्र में तलाशी जारी रखी। पुलिस को तालाब किनारे नाले में छिपाकर रखी गई शराब बनाने की सामग्री मिली। पुलिस ने छह अवैध भट्टियां तोड़ दीं। मौके से करीब 800 लीटर महुआ लहान भी मिला, जिसे पुलिस ने खत्म कर दिया। पुलिस के अनुसार, शुरुआती तलाशी में शराब या अन्य सामग्री नहीं मिली। इसके बाद पुलिस ने आसपास के इलाकों की तलाशी लेना शुरू किया। पुलिस टीम तालाब किनारे स्थित नाले तक पहुंची। यहां शराब बनाने का पूरा सामान छिपाकर रखा था। तलाशी के दौरान नाले और आसपास के क्षेत्र से 6 बंद अवैध शराब की भट्टियां, 6 लोहे के ड्रम, महुआ लहान से भरे 5 बड़े ड्रम और 7 छोटी केन मिलीं। इनमें करीब 800 लीटर महुआ लहान भरा हुआ था। पुलिस ने मौके पर ही लहान नष्ट कर दिया। शराब बनाने की भट्टियों और अन्य सामग्री को भी तोड़ दिया। पुलिस की कार्रवाई से साफ है कि अवैध शराब के ठिकाने चाहे कितने भी छिपे हों, तलाशी के दौरान उन्हें खोजकर कार्रवाई होगी। पुलिस ने इसके जरिए ग्रामीणों और आमजन को भी अवैध शराब के कारोबार की सूचना पुलिस तक पहुंचाने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

## शिकायत कर रहे ग्रामीण से माइक छीनने की कोशिश, स्कूल में शौचालय नहीं होने की बात कह रहे थे

**आगर मालवा।** आगर-मालवा के ग्राम कराडिया में शुक्रवार को मुख्यमंत्री जनविश्वास शिविर लगा। इसमें ग्रामीणों ने अधिकारियों के सामने गांव की व्यवस्थाओं और अपनी समस्याओं को खुलकर रखा। अपर मुख्य सचिव संजय दुबे की मौजूदगी में हुए इस शिविर में कुल 177 आवेदन मिले। शिविर के दौरान बापचा निवासी पीरूलाल यादव ने गांव की समस्याएं बताना शुरू किया। उन्होंने बताया कि गांव में अब तक आंगनबाड़ी भवन नहीं बना है। स्कूल में शौचालय की सुविधा नहीं है, छत से पानी टपकता है और गंदगी रहती है। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव के दौरान महिला कर्मचारियों को निजी मकान में शौचालय का इस्तेमाल करना पड़ा। पीरूलाल ने दावा किया कि शिविर से एक दिन पहले गुरुवार रात मांगलिक भवन के पास शौचालय बनाया गया। इसी दौरान कोतवाली थाना प्रभारी नागेश यादव और अजाक थाना प्रभारी अक्षय सिंह बैस उनसे माइक लेने पहुंच गए। कुछ देर शिकायत रखने के बाद अन्य ग्रामीणों से भी माइक वापस लेने की कोशिशें होती रहीं। मंच पर मौजूद अधिकारी इस पूरे घटनाक्रम को देखते रहे।

## लिपिकों ने दो सूत्रीय मांगों को लेकर किया प्रदर्शन कर विधायक को सौंपा ज्ञापन



**शाजापुर।** शाजापुर में लिपिक वर्ग के कर्मचारियों ने अपनी दो सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। मध्य प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष मुकेश चतुर्वेदी के कहने पर प्रदेश के 55 जिलों में लिपिक अलग-अलग चरणों में आंदोलन कर रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को शाजापुर जिला इकाई ने विधायक अरुण भीमावद को मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा। संघ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि लिपिकों की मुख्य मांगों में मैदानी लिपिकों को मंत्रालय के लिपिकों के बराबर समयमान वेतनमान और ग्रेड-पे देना शामिल है। इसके साथ ही, अनुकंपा नियुक्ति पाने वाले लिपिकों को सीपीसीटी की अनिवार्यता से छूट देने की भी मांग की गई है। राजपूत ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री ने सीपीसीटी को आसान बनाने के लिए दो बार खुले मंच से घोषणाएं की हैं। हालांकि, अभी तक सरकार की तरफ से कोई आधिकारिक आदेश जारी नहीं हुआ है। इससे लिपिक वर्ग में नाराजगी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि मैदानी लिपिकों को समान काम के लिए समान वेतन मिलना उनका अधिकार है। संघ के मुताबिक, 12 सितंबर को पूरे प्रदेश में कैबिनेट मंत्रियों, सांसदों और विधायकों को ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं। प्रतिनिधियों ने जनप्रतिनिधियों से गुजारिश की है कि वे मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को इन मांगों के समर्थन में पत्र लिखें।


पंजीयन क्रमांक 4447 दिनांक 14/09/1945

**दी बुनकर सहकारी समिति मर्यादित, उज्जैन (म.प्र.)**

विक्रय केन्द्र : नईसड़क, उज्जैन
कार्यालय : गुजराती समाज भवन, नईसड़क, उज्जैन (म.प्र.)
संस्था भवन : 5, उद्योगपुरी, आगर रोड, उज्जैन 48, उद्योगपुरी, आगर रोड, उज्जैन

क्रमांक : 21-26-27 दिनांक: 13/09/2026

## वार्षिक साधारण सभा की सूचना

संस्था के समस्त सदस्यों को सुचित किया जाता है कि संस्था की 82 वीं वार्षिक साधारण सभा वर्ष 2025-26 की दिनांक 29/09/2026 वार मंगलवार दोपहर 01.00 बजे, स्थान 5, उद्योगपुरी, आगर रोड, (स्क्रीन प्रिंटिंग प्लांट) उज्जैन पर आयोजित की गई है। नियमानुसार वार्षिक साधारण सभा की सूचना डाक से दिनांक 12/09/2026 को भेजी जा चुकी है। किन्हीं अपरिहार्य कारणों से किसी सदस्य को सूचना प्राप्त नहीं हो तो कृपया इस सूचना के आधार पर सभा में उपस्थित होने का कष्ट करें। निर्धारित समय पर गणपूर्ति नहीं होने पर सभा 30 मिनिट (आधा घन्टा) के लिए स्थगित की जाकर पुनः उसी स्थान पर उसी दिनांक में प्रारम्भ होगी। जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी।

(चन्द्रमोहन रावत)
अध्यक्ष
दी. बुनकर सहकारी समिति मर्या.
उज्जैन (म.प्र.) मोबाईल 96177 45989

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने विनय जैन पिता श्री कांतीलाल जैन, निवासी-सुरज नगर, उज्जैन के द्वारा क्रयानुबंधित भूखण्ड क्रमांक-14/5, अहिल्याबाई मार्ग गली नम्बर 03, बेगमपुरा उज्जैन मे स्थित है भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 428.82 वर्ग मीटर में से 221.57 वर्ग मीटर अर्थात 2385.00 वर्ग फीट हैं। जिसके पूर्व में भूखण्ड का शेष भाग, पश्चिम में सडक अहिल्याबाई मार्ग गली नम्बर 03, उत्तर में मकान अन्य का, दक्षिण में-भुखण्ड का शेष भाग का पूर्व में विक्रित मकान / भुखण्ड मिला हुआ है को मेरे पक्षकार ने मूल स्वामी से स्वीकृति प्राप्त कर सौदा कर सौदा राशि अदा कर स्वयं के हित मे दस्तावेज सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया हैं तथा जाहिर सूचना के प्रकाशन पर किसी भी प्रकार की आपत्ति नही आने की दशा में सौदा चिट्ठी के पालन मे बयाना राशि अदा कर विधिवत रूप से मेरे पक्षकार के हित मे दस्तावेज अनुबंध पत्र का निष्पादन किया जावेगा तथा निष्पादित अनुबंध पत्र की शर्त अनुसार निहित समयावधि मे शेष राशि अदा कर दस्तावेज विक्रय पत्र (रजिस्ट्री) का निष्पादन मुल स्वामी से मेरे पक्षकार के हित में या उसके द्वारा निर्देशित व्यक्ति के हित में करवाया जावेगा। यदि उक्त संपत्ति पर किसी भी बैंक का या उक्त समपत्ति पर किसी भी प्रकार का सरकारी, साहूकारी बैंक या किसी भी विभाग या वित्तिय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार बकाया हो या किसी का उक्त सम्पत्ति में कोई हक, हित, हिस्सा या अधिकार निहित हो तो ऐसे सम्बंधित व्यक्ति / विभाग इस जाहिर सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत रूप से विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जाएगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सुचित हो।

इति दिनांक-12.09.2026

योगेश शर्मा एडवोकेट
कार्यालय-डी.एफ.-9, भरतपुरी
काम्पलेक्स देवास रोड, उज्जैन

## फोरलेन पर पीछे पर मारी टक्कर, युवक घायल

**शुजालपुर।** सिटी मंडी फोरलेन पर एसडीएम निवास के समीप तेज रफ्तार बाइक चालक ने आगे जा रहे बाइक चालक को पीछे से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में भरत परमार निवासी गांधी कॉलोनी घायल हो गए। दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला बाइक सवार मौके से फरार हो गया। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसके आधार पर पुलिस बाइक चालक की पहचान के प्रयास कर रही है। बताया गया कि भरत परमार बाइक से चित्रांश नगर कॉलोनी से शुजालपुर मंडी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए अज्ञात बाइक चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि भरत सड़क पर गिर गए और उनके पैर में गंभीर चोट आई। मार्ग से गुजर रहे ऑटो चालक ने भरत को संभाला और उपचार के लिए पहुंचाया। हादसे के बाद सामने आए सीसीटीवी फुटेज में दुर्घटना का घटनाक्रम कैद हुआ है। फुटेज के आधार पर टक्कर मारने वाले बाइक चालक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

## हनुमान चालीसा संकल्प के साथ मनाया विहिप का स्थापना दिवस

**शुजालपुर।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल द्वारा जटाशंकर महादेव मंदिर परिसर में हनुमान चालीसा संकल्प एवं स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभाग संगठन मंत्री मोहन राठौर, विभाग मंत्री राजेश जादम, विभाग समंत्री महेश प्रजापति, विभाग संयोजक जगदीश शर्मा, जिला समंत्री धर्मेंद्र राठौर, जिला मंत्री सचिन चावड़ा एवं प्रखंड अध्यक्ष सुनील मालवीय अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने राम दरबार एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। कार्यकर्ताओं ने अतिथियों का स्वागत किया। विभाग संगठन मंत्री मोहन राठौर ने विश्व हिंदू परिषद की स्थापना के उद्देश्य एवं संगठन की भूमिका पर प्रकाश डाला। इसके बाद सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। मंच संचालन लोकेश माहेश्वरी व आभार प्रखंड संयोजक जितेंद्र बढ़वाया ने माना। कार्यक्रम की जानकारी चेतन राजपूत ने दी।

## प्रिंसिपल अश्लील वीडियो दिखाकर करता है प्रताड़ित

**दरभंगा।** दरभंगा में एक महिला टीचर ने स्कूल के प्रिंसिपल कुमार गौरव पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। टीचर का कहना है, प्रिंसिपल छेड़छाड़ करता है और विरोध करने पर जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर अपमानित करता है। इसके अलावा अश्लील वीडियो दिखाकर मानसिक रूप से प्रताड़ित करता है। महिला टीचर की शिकायत पर मोरो थाना में एक्ट और बीएनएस की धारा 75, 78, 351 और 352 में दर्ज की गई है। मामला मोरो थाना क्षेत्र के प्राइमरी स्कूल खपड़पुरा का है। पुलिस ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। टीचर के आरोपों के बाद पुलिस ने आरोपी हेडमास्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। महिला टीचर ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है, प्रिंसिपल उन्हें घूरकर देखता है और अश्लील कमेंट करता है। विरोध करने पर जातिसूचक शब्दों का यूज कर अपमानित करता है। इसके साथ ही मुझे बार-बार अपने ऑफिस में बुलाकर बैठाता है और कंधे पर हाथ रखकर मोबाइल में अश्लील वीडियो दिखाता है।

## लखनऊ में थाने के सामने बुजुर्ग की चाकू घोंपकर हत्या

**लखनऊ।** लखनऊ में शनिवार दोपहर एक बुजुर्ग की मड़ियांव थाने के सामने चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। पोता अपने बाबा को बाइक पर बैठाकर बिल जमा करने जा रहा था। तभी रॉन्ग साइड से ठेला वाला सामने आ गया। पोते ने जैसे ही उसे कहा कि इधर कहां चले आ रहे हो? इतना सुनते ही ठेला वाला गुस्सा गया। उसने चाकू से पोते पर हमला कर दिया। बाइक पर पीछे बैठे बाबा पोते को बचाने उतर आए। ठेले वाला पोते को छोड़कर बाबा पर ही चाकू से वार करने लगा। उसने बुजुर्ग के पेट और सीने पर पूरी ताकत से 5 बार चाकू मारे, जिससे बुजुर्ग के मांस के लोथड़े तक बाहर आ गए। उनकी मौके पर ही गिरकर मौत हो गई। वारदात मड़ियांव थाने के सामने फ्लाईओवर के नीचे एक बजे की है। भरतनगर के रहने वाले मगन बिहारी तिवारी करीब 2010 में नगर निगम से रिटायर हुए थे। वह आरआर विभाग में सुपरवाइजर थे। शनिवार दोपहर करीब 1 बजे वह पोते संकल्प के साथ बिजली का बिल जमा करने पावर हाउस जा रहे थे। मड़ियांव थाने के सामने तिपहिया ठेले से आ रहे कबाड़ी को संकल्प ने टोक दिया।

## जयपुर के रिसोर्ट में पुलिस की रेड, 7 विदेशी युवतियां डिटेन

**जयपुर।** जयपुर के एक रिसोर्ट में कालवाड़ थाना पुलिस ने रेड कर 7 विदेशी युवतियों को डिटेन किया है। पुलिस के मुताबिक, युवतियों के वीजा की अवधि खत्म हो चुकी थी, जिसके बाद उन्हें हिरासत में लिया गया। रिसोर्ट में पार्टी कर रहे 3 स्थानीय युवकों को भी पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस अब विदेशी युवतियों के डॉक्यूमेंट और रिसोर्ट में उनकी मौजूदगी से जुड़े तथ्यों की जांच कर रही है। कार्रवाई शुक्रवार देर रात को कालवाड़ थाना क्षेत्र के कंवर का बांस स्थित ओल्ड मोंक रिसोर्ट पर की गई। रिसोर्ट मालिक को भी पुलिस ने मामले में गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, सभी युवतियां थाईलैंड की रहने वाली बताई जा रही है। पुलिस को इनके वीजा की अवधि खत्म होने की जानकारी मिली थी, जिसके बाद सभी को डिटेन कर उनके पासपोर्ट और वीजा की जांच की जा रही है। जयपुर में कालवाड़ थाना पुलिस ने कंवर का बांस स्थित ओल्ड मोंक रिसोर्ट पर कार्रवाई करते हुए 7 विदेशी युवतियों को डिटेन किया है। पुलिस ने कंवर का बांस स्थित ओल्ड मोंक रिसोर्ट पर कार्रवाई करते हुए 7 विदेशी युवतियों को डिटेन किया है।

# मुख्यमंत्री जन-विश्वास शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर समाधान

### संभागीय आयुक्त श्री खत्री एवं कलेक्टर कन्याल ने ग्रामीणों से किया सीधा संवाद, शेष प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण के निर्देश

**दैनिक अवन्तिका » गुना**

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत शुक्रवार को बमोरी स्थित जनपद पंचायत कार्यालय में आयोजित जिला स्तरीय जन-विश्वास शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और पात्र प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराते हुए नामांतरण, जाति प्रमाण-पत्र, मूल निवासी प्रमाण-पत्र, पात्रता पर्ची, आधार कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड सहित अन्य सुविधाओं का लाभ दिया गया। साथ ही जिन प्रकरणों का तत्काल निराकरण संभव नहीं था, उनके शीघ्र एवं समयबद्ध निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। शिविर में पात्र हितग्राहियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत हितलाभ भी वितरित किए गए। शिविर में संभागीय आयुक्त मनोज खत्री, कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल, जिला पंचायत अध्यक्ष अरविन्द्र धाकड़, जनपद अध्यक्ष



गायत्री भील सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने शिविर में आमजन से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। शिविर के प्रारंभ में अतिथियों के आगमन के पश्चात कन्या पूजन एवं स्वागत किया गया। इसके बाद हितग्राहियों से संवाद करते हुए उनके आवेदन एवं समस्याओं की जानकारी ली गई।

**आमजन से सीधे संवाद पर रहा जोर**

शिविर में अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली। प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागों को भेजकर प्रकरणों की जांच एवं निराकरण की प्रक्रिया मौके पर ही शुरू की गई। पात्र पाए गए प्रकरणों में तत्काल कार्रवाई की गई, जबकि शेष मामलों के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। संभागीय आयुक्त श्री खत्री ने शिविर में उपस्थित सभी जिलाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया तथा संबंधित आवेदकों को अधिकारियों के पास भेजकर उनकी समस्याओं का निराकरण कराया। आवेदन संबंधित विभागों तक पहुंचाए गए और अधिकारियों द्वारा एक-एक कर आवेदकों की समस्याएं सुनी गईं। पात्रता पूरी करने वाले प्रकरणों में मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई की गई। शिविर में नामांतरण, जाति प्रमाण-पत्र, मूल निवासी प्रमाण-पत्र, पात्रता पर्ची, आधार कार्ड तथा आयुष्मान कार्ड जैसी नागरिक सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। इससे ग्रामीणों को विभिन्न कार्यालयों के चक्कर लगाने के बजाय एक ही स्थान पर आवश्यक सेवाएं एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

**उद्यमियों और स्वरोजगार हितग्राहियों से किया संवाद-** शिविर के दौरान उद्यमियों, नए स्टार्टअप एवं स्वरोजगार से जुड़े हितग्राहियों के साथ उद्यम संवाद भी आयोजित किया गया। इसमें किसानों, वेल्डर, पेंटर सहित विभिन्न स्वरोजगार गतिविधियों से जुड़े लोगों ने सहभागिता की। उद्यम संवाद में शासन की विभिन्न योजनाओं, स्वरोजगार के अवसरों, प्रशिक्षण एवं ऋण सुविधाओं की जानकारी दी गई। उद्यमियों एवं स्वरोजगार हितग्राहियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए व्यवसाय विस्तार से जुड़े सुझाव भी दिए।

हितग्राहियों ने बताया कि शासन की योजनाओं के माध्यम से प्राप्त प्रशिक्षण, सहयोग एवं वित्तीय सहायता से उन्हें स्वरोजगार शुरू करने और अपनी गतिविधियों का विस्तार करने में मदद मिली है। अधिकारियों ने हितग्राहियों से उनकी गतिविधियों, सामने आ रही समस्याओं तथा भविष्य की आवश्यकताओं की जानकारी ली और संबंधित विभागों को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

**जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी-** शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी आमजन को दी गई। पात्र हितग्राहियों को योजनाओं के तहत हितलाभ भी वितरित किए गए। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को प्रशासन से सीधे जोड़ते हुए उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना और शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना रहा।

# सिटी में निकली पौथाजी की रथयात्रा, जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया

**दैनिक अवन्तिका » शुजालपुर**



श्री चिंतामणि पार्श्वनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर में पर्युषण पर्व के तहत शुक्रवार को परंपरानुसार पौथाजी की रथयात्रा निकाली गई। दोपहर 2 बजे मंदिर से शुरू हुई रथयात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर वापस मंदिर पहुंची। इसमें समाज के पुरुष, महिलाएं और बच्चे शामिल हुए।

पर्युषण पर्व के चौथे दिन सूरत से आए स्वाध्याय बंधु मेहुलभाई, जिग्नेशभाई और समीरभाई द्वारा कल्पसूत्र की वांचना की जा रही है। शुक्रवार को कल्पसूत्र बोहराने की बोली के साथ पांच ज्ञान पूजा की बोली भी लगाई गई। कल्पसूत्र बोहराने का लाभ अशोक कुमार धारीवाल ने लिया। रथयात्रा के मंदिर पहुंचने के बाद आरती की बोली लगाई गई। पहली आरती एवं मंगल आरती का लाभ रमेशचंद मितेश कुमार चोपड़ा परिवार ने लिया, जबकि मंदिर में मूर्ति एवं पौथाजी पधराने की बोली का लाभ कैलाशचंद.सचिन कुमार धारीवाल परिवार ने लिया। इसी प्रकार महावीर जन्म कल्याणक शनिवार को दोपहर में जैन उपाश्रय में भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया गया। इस दौरान त्रिशला माता द्वारा देखे गए 14 स्वप्नों एवं पालना आदि की बोली लगाई गई।

**महावीर जन्म कल्याणक पर बांटे लड्डू**

पवित्र पर्युषण पर्व के अवसर पर मिर्ची बाजार स्थित नेकी की दीवार पर महावीर जन्म कल्याणक के उपलक्ष्य में लड्डू वितरण किया गया। वरिष्ठ समाजसेवी प्रभा विनोद जैन की ओर से नि: शुल्क कोचिंग के बच्चों एवं वरिष्ठजनों को लड्डू वितरित कर महावीर जन्म कल्याणक की शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर बच्चों को माटी के गणेश बनाने का प्रशिक्षण भी दिया गया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक माटी के गणेश बनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में दीपक गोयल, ग्रीष्मा शाह, वीणा गोयल, शैलजा देशमुख, राजकुमारी अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सौहार्द और सामाजिक समरसता बनाए रखने की अपील

**गुना।** आगामी गणेशोत्सव, झांकी एवं प्रतिमा विसर्जन सहित अन्य त्योहारों की व्यवस्थाओं को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में हुई। पुलिस अधीक्षक हितिका वासल सहित जनप्रतिनिधियों एवं समिति सदस्यों ने भाग लिया। कलेक्टर ने नागरिकों से आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता के साथ त्योहार मनाने की अपील की। झांकी समितियों को मुख्य मार्ग अवरुद्ध नहीं करने, विद्युत एवं फायर सेफ्टी के इंतजाम रखने तथा पंडालों में वॉलंटियर तैनात करने के निर्देश दिए गए। बेहतर व्यवस्था वाली प्रथम तीन झांकी समितियों को क्रमश 51, 21 और 11 हजार रुपये पुरस्कार देने की घोषणा की गई। अधिकारियों ने अफवाहों से बचने, संदिग्ध सूचना तत्काल पुलिस-प्रशासन को देने तथा पर्यावरण हितैषी गणेश प्रतिमाओं का उपयोग करने की अपील की।

## माटी के गणेश बनाने की कार्यशाला, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**शुजालपुर।** उड़ान शैक्षणिक एवं सामाजिक समिति की ओर से मासिक कार्यक्रम के तहत महिलाओं, भजन मंडली की सदस्यों एवं बच्चों के बीच माटी के गणेश कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में मिट्टी से विभिन्न आकृतियों में गणेश प्रतिमाएं बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। समिति पिछले 11 वर्षों से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। समिति सदस्यों ने बताया कि प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी गणेश प्रतिमाएं जल में आसानी से नहीं घुलतीं और जल प्रदूषण का कारण बनती हैं। इसके विपरीत मिट्टी से बनी प्रतिमाएं जल में घुलनशील होती हैं, जिससे जल प्रदूषण को कम करने में मदद मिलती है। कार्यशाला में लता राठोड़ एवं टीम के अन्य सदस्यों ने महिलाओं और बच्चों को रुचिकर तरीके से मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाने की विधि बताई। इस दौरान मधु मंडलोई, वंदना चौहान, भारती राजपूत, प्रीति चौहान, चंदा सक्सेना, कृष्णा शास्त्री, सपना राय, श्रुति शास्त्री, माधवी सणस, अनीता तोमर, लाज खत्री, शीतल विजयवर्गीय, अभिलाषा श्रीवास्तव, अंजू खत्री सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

## स्वास्थ्य जागरूकता के क्षेत्र में भी सक्रिय कॉम्प्ट कंस्ट्रक्शन

**गुना।** कॉम्प्ट कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्माण कार्यों के साथ साथ सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में भी लगातार पहल की जा रही है। कंपनी पर्यावरण संरक्षण एवं स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर विभिन्न गतिविधियां संचालित कर रही है। इसी क्रम में विगत दिवस कंपनी द्वारा लालोनी, मंगरोड़ा, पाड़ोन सहित आसपास के विभिन्न स्कूलों, मंदिरों एवं श्मशान परिसर में दो हजार से अधिक पौधों का रोपण किया गया। इस पहल का उद्देश्य क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने के साथ पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और लोगों को पौधरोपण के प्रति जागरूक करना है। कंपनी द्वारा लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं देखरेख के लिए भी लोगों को प्रेरित किया गया। पर्यावरण संरक्षण के साथ कॉम्प्ट कंस्ट्रक्शन द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता के क्षेत्र में भी सामाजिक जिम्मेदारी निभाई जा रही है। पिछले दिनों कंपनी ने एमपीआरडीसी के सहयोग से स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजित किया। शिविर में आमजन को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करते हुए इसके प्रारंभिक लक्षण, संभावित कारण, बचाव एवं समय पर जांच के महत्व की जानकारी दी गई। इस दौरान लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की सलाह देते हुए कैंसर जागरूकता संबंधी पुस्तिकाओं का वितरण भी किया गया।

**कार्यालय, नगर परिषद अकोदिया, जिला शाजापुर**
**OFFICE, NAGAR PARISHAD AKODIA DIST. SHAJAPUR**
**ADDRESS- NEAR BUST STAND AKODIA, DIST.-SHAJAPUR M.P.**
**TEL.: 07360-253009, EMAIL:-cmoakodiya@mpurban.gov.in**

क्रमांक/प्र.आयो.2.0/2026/1218 अकोदिया, दिनांक 10/09/2026

**//दावा आपत्ति प्राप्त करने हेतु आवश्यक सूचना//**

एतद् द्वारा समस्त नागरिकों के सूचित किया जाता है कि नगरीय क्षेत्र अकोदिया में वार्ड क्र. 01 से 15 तक में म.प्र. शासन नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग म.प्र. भोपाल के निर्देश अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 बी.एल.सी. घटक अंतर्गत प्राप्त ऑनलाईन आवेदनों के दस्तावेजों का मौके पर सत्यापन किये जाने के उपरांत पात्र/अपात्र हितग्राहियों की सूची अनुमोदन हेतु वरिष्ठालय को प्रेषित किये जाने के पूर्व दावे आपत्ति प्राप्त किये जाना है। हितग्राहियों के विरूद्ध किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो दिनांक 12.09.2026 से दिनांक 19.09.2026 (07-दिवस) को समय 05:00 बजे तक प्रमाणित साक्ष्य सहित प्रस्तुत कर सकता है। उक्त समयावधि के बाद दावें आपत्ति मान्य नही होगी। दावा आपत्ति आमंत्रण की जाने वाले हितग्राहियों के सूची नगर परिषद अकोदिया एवं तहसील कार्यालय टप्पा अकोदिया के नोटिस बोर्ड पर आम चस्पा की गई है। जिसका अवलोकन कर निर्धारित समय अवधि में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

**(कमल सिंह परमार)**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद अकोदिया जिला शाजापुर**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी 01-श्री वीरेन्द्रसिंह पिता श्री जुझारसिंह, 02-श्री राजेन्द्रसिंह पिता श्री जुझारसिंह, दोनों निवासी ग्राम लसुडिया बाजार, तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म. प्र.) के संयुक्त मालिकी स्वामित्व में कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-33/2 (एस) रकबा 1.3500 हेक्टर एवं 33/3/2 (एस) रकबा 0.9300 हेक्टर कुल किता 02 कुल रकबा 2.2800 हेक्टर ग्राम गुरला, तहसील उज्जैन जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण रकबा मेसे 0.8400 हेक्टर को क्रय करने सौदा मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी श्री वीरेन्द्रसिंह से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना है। उपरोक्त कृषि भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय/व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हों।

इति दिनांक-12.09.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय- ए -1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड**
**उज्जैन मो. 94259-46659**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री योगेन्द्र सिंह सिसोदिया पिता श्याम सिंह सिसोदिया निवासी ए 4/15, बसंत विहार नानाखेड़ा उज्जैन के स्वामित्व की भूमि सर्वे क्रमांक 30//2 रकबा 0.460 हेक्टर जो कि ग्राम लालपुर तहसील व जिला उज्जैन में है। उक्त भूमि का विक्रय पत्र पंजीयन क्रमांक एमपी 432022018 ए 1541920 दिनांक 1-7-2026 को नानाखेड़ा क्षेत्र में गुम हो गया है जिसकी सुचना मेरे पक्षकार द्वारा सम्बन्धित पुलिस स्टेशन दी गई है। मेरे पक्षकार द्वारा उक्त दस्तावेज का कोई दुरूपयोग नही किया गया है न ही कही बंधक रखा गया है। उक्त वर्णित भूमि के असल दस्तावेज (मूल प्रति) जिस भी व्यक्ति को मिले वे मेरे कार्यालय में जमा करावे। यह सूचित हो।

इति दिनांक 11-9-2026

**हितेश थानी एडवोकेट**
**कार्या. 50 बी संतराम सिन्धी कॉलोनी, सांवेर रोड**
**( न्यू मारुती प्लाईवुड के पीछे ) उज्जैन**
**मो. 8817888422**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने विक्रेतागण

1. सलमा पिता नूर खॉ पति भूरू खॉ निवासी अन्तु कॉलोनी विराट नगर, उज्जैन 2. छोटी बी बेवा नूर खॉ 3. कादर पिता अनवर निवासीगण ग्राम लखाहेड़ा तहसील घट्टिया 4. लाड़बी पिता नूर खॉ पति आरिफ खॉ 5. अफसाना पिता अनवर पति जावेद निवासीगण ग्राम घौंसला तहसील महिदपुर से उनके निजी स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 43/1/1 रकबा 0.38 हैक्टर में से रकबा 0.285 हैक्टर भूमि बरूख दक्षिण दिशा व सर्वे नम्बर 43/1/2 रकबा 0.60 हैक्टर कुल किता 02 कुल रकबा 0.885 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम लखाहेड़ा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन को क्रय करने का सौदा अनुबंध पत्र किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है। अब शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासन या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो, अथवा उक्त सम्पत्ती किसी को रहन या अन्य किसी भी प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा एवं आपत्ती रखें। अन्य दशा में बाद अवधि मेरे क्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

दिनांक है 12-09-2026

**अश्विन पलोड़( सर्विस प्रोवाईडर )**
**तहसील कार्यालय घट्टिया, जिला उज्जैन**
**मोबाईल 99265-32350**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्री निखिल गोड़ पिता श्री गोपाल निवासी नामदारपुरा, उज्जैन जिला उज्जैन से उनके निजी स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 192/1/1 रकबा 0.50 हैक्टर, सर्वे नम्बर 193 रकबा 0.09 हैक्टर सर्वे नम्बर 197/2 रकबा 0.55 हैक्टर व सर्वे नम्बर 194/1/2 रकबा 0.06 हैक्टर भूमि कुल किता 04 कुल रकबा 1.20 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम टुकराल तहसील माकड़ोन जिला उज्जैन को क्रय करने का सौदा चिट्ठी पत्रक किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है। अब शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासन या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो, अथवा उक्त सम्पत्ती किसी को रहन या अन्य किसी भी प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा एवं आपत्ती रखें। अन्य दशा में बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी।

सूचित हो। इति दिनांक 12-09-2026

**अश्विन पलोड़ ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**तहसील कार्यालय घट्टिया, जिला उज्जैन**
**मो. 99265-32350**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती आशा श्रीवास्तव पति ईश्वरदयालजी श्रीवास्तव, निवासी-नुपुरश्री रेसीडेन्सी, गणेशधाम के पास, पिपल्याहामा, इन्दौर म.प्र. से भूखण्ड (प्लॉट) क्रं. 60, सेक्टर बी-2 (बी-2/60), आदर्श नगर, उज्जैन म.प्र. को क्रय करने का तय किया है। जल्द ही उसकी रजिस्ट्री विक्रय-पत्र होना है। इस कारण सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि उक्त भूखण्ड के सम्बंध में यदि किसी भी व्यक्ति का कोई हक, हिस्सा, स्वत्व, स्वामित्व, क्लेम, अधिकार, सुखाधिकार एवं राईट्स दावा, झगड़ा आदि हो या अन्य कहीं पर रहन, बय, विक्रय दान, मोर्टगेज या अन्य किसी भी प्रकार से अनुबधं अन्तरण, हस्तान्तरण किया हुआ हो या किसी शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, सोसायटी, कार्यालय, बैंक, वित्तीय संस्था या साहुकारी आदि का कोई ऋण, भार, क्लेम आदि बाकी हो या किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो या किसी न्यायालय/कार्यालय में उक्त भूखण्ड से सम्बंधित कोई आपत्ति/वाद विचाराधीन हो या स्थगन हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 3-तीन दिन में मय दस्तावेज के मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में अपनी आपत्ति या क्लेम प्रस्तुत करें अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड की रजिस्ट्री विक्रय-पत्र करा ली जावेगी। उसके बाद कोई आपत्ति दावा झगड़ा क्लेम आदि मान्य नहीं होगा। इस सूचना के पश्चात उक्त भूखण्ड को खरीदने का कोई सौदा, अनुबंध, रजिस्ट्री विक्रय-पत्र या उसके सम्बंध में कोई व्यवहार आदि नहीं करें। सूचित हो। इति दिनांक 12/09/2026, स्थान:- उज्जैन

**शकील एहमद एडवोकेट**
**''सुहाना पैलेस''**
**34, शू मार्केट लखेरवाड़ी उज्जैन**
**मो. 94240-45740**

## न्यूज-कॉलम

### डॉ. पूरण सहगल की पुस्तक का विमोचन 13 सितंबर को

**नीमच।** लोक संस्कृति के आराधक डॉ पूरण सहगल की नवीनतम पुस्तक "जनजातीय लोक संस्कृति के विविध आयाम" का विमोचन रविवार, 13 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। अखिल भारतीय साहित्य परिषद के महासचिव अम्बिका प्रसाद जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि विमोचन समारोह मनासा रोड स्थित चिल्ड्रन्स वेल एकेडमी में संध्या 6 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम की रूपरेखा इस प्रकार रहेगी: मुख्य अतिथि: डॉ आशुतोष व्यास (प्रख्यात समाज शास्त्री एवं पूर्व प्राचार्य, डॉ अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय, निम्बाहेड़ा) अध्यक्षता: अनन्त विभूषित महामंडलेश्वर सुरेशानन्दजी शास्त्री "गुरुजी" (धन्वन्तरि पीठम, निपानिया) अखिल भारतीय साहित्य परिषद प्रवक्ता डॉ. जीवन कौशिक ने नगर के समस्त साहित्य प्रेमियों, प्रबुद्धजनों एवं प्रबुद्ध नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### घर से अवैध शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**मन्दसौर।** जिले के सीतामऊ थाना क्षेत्र के ग्राम दीपाखेड़ा में 11 सितम्बर को पुलिस ने एक घर से 57 ली. 750 बल्क ली. अवैध शराब जब्त की। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने इस प्रकरण में दो आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट में प्रकरण दर्ज किया। व मौके से आरोपी मोहनसिंह (55) पिता रतनसिंह को गिरफ्तार किया जबकि एक अन्य आरोपी अजय पिता मोहनसिंह निवासी दीपाखेड़ा गिरफ्तारी होना शेष है।

### विभिन्न पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू

**मंदसौर।** जिला परियोजना समन्वयक अनिल पटेल ने बताया कि राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के दिशा-निर्देशानुसार जिले में विकासखण्ड अकादमिक समन्वयक (बीएसी) एवं जन शिक्षक (सीएसी) के रिक्त पदों की पूर्ति की जानी है। इसके लिए पात्र पाये गये अभ्यर्थियों की काउंसलिंग 15 सितम्बर को प्रातः 11 बजे नूतन हाईस्कूल सभा कक्ष में आयोजित की जाएगी। इसके अतिरिक्त विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक (बीआरसी) एवं सहायक परियोजना समन्वयक (एपीसी) के पदों हेतु योग्य लोक सेवकों से 25 सितम्बर की सायं 5 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन का प्रारूप एवं आवश्यक शर्तें कार्यालयीन समय में जिला शिक्षा केन्द्र मंदसौर में देखी जा सकती हैं।

### नवरात्री मेला आयोजन की महापौर परिषद ने दी स्वीकृति

**रतलाम ।** महापौर प्रहलाद पटेल की अध्यक्षता में आयोजित महापौर परिषद की बैठक में आगामी श्री सत्यवीर तेजाजी मेला व श्री कालिका माता नवरात्री मेला आयोजन के साथ ही जनहितैषी प्रस्तावों को महापौर परिषद द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। आयोजित महापौर परिषद की बैठक में 19 से 21 सितम्बर 2026 तक तीन दिवसीय श्री सत्यवीर तेजाजी मेला व 11 से 20 अक्टूबर तक आयोजित किये जाने वाले दस दिवसीय श्री कालिका माता नवरात्री मेले में प्रतिदिन रात्रि में नागरिकों के स्वस्थ मनोरंजन हेतु निगम के सांस्कृतिक मंच पर उच्च स्तरीय गरीमामयी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करवाये जाने तथा मेले की अन्य विभिन्न व्यवस्थाऐं करवाये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।

### मिट्टी के गणेश बनाने की कार्यशालाओ का आयोजन हुआ

**खंडवा।** पर्यावरण को लेकर अब जनता सतर्क ओर गम्भीर हो गई हैं, अब वह किसी भी तरह की हानि नहीं चाहते और न हीं अपनी आस्थाओं को ठेस पहुंचाना चाहते है। अच्छे वातावरण के लिए पर्यावरण का संरक्षण हम सब की जवाबदारी है। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि स्वच्छ जल एवं पर्यावरण को लेकर दिव्या ज्योति पब्लिक स्कूल, शासकीय माध्यमिक शाला बेड़ियाव एवं दादाजी पब्लिक स्कूल में मिट्टी से भगवान श्री गणेश बनाने की कार्य शाला का आयोजन हुआ, बच्चों के साथ अन्य समाज के बच्चों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लेकर भगवान गणेश की मिट्टी की सुंदर प्रतिमा को बनाया।

# बैरसिया में मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के वृहद जनकल्याण शिविर एवं उद्यम संवाद में शामिल हुए प्रभारी मंत्री

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम




भोपाल जिले की बैरसिया तहसील स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में शुक्रवार को मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के अंतर्गत वृहद जनकल्याण एवं जनसमस्या निवारण शिविर और च्उद्यम संवादज आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने शासन की जनकल्याणकारी एवं हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी दी तथा पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही योजनाओं का लाभ प्रदान किया।

भोपाल जिले के प्रभारी मंत्री चेतन्य काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की जनहितैषी सोच के अनुरूप आमजन की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी और समयबद्ध निराकरण के लिए मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान प्रारंभ किया गया है। सरकार की प्राथमिकता है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को बिना किसी परेशानी के शासन की योजनाओं और सेवाओं का लाभ मिले।

प्रभारी मंत्री श्री काश्यप ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का परीक्षण कर अधिकतम एक सप्ताह में उसका गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि वे स्वयं प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित शिविरों में पहुँचकर अधिकारियों की उपस्थिति में आवेदनों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा कर रहे हैं। जिन आवेदनों का तत्काल निराकरण संभव नहीं है, उनमें आवेदक को कारण एवं संभावित समय-सीमा की स्पष्ट जानकारी दी जाए।

प्रभारी मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि राज्य सरकार वर्तमान वर्ष को च्किसान कल्याण वर्षज के रूप में मना रही है। सोयाबीन की फसल में हुई क्षति का पारदर्शी सर्वे कराने के लिए शीघ्र ही दलों का गठन किया जाएगा। सर्वे के आधार पर पात्र किसानों को नियमानुसार सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि बैरसिया क्षेत्र में च्प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के अंतर्गत सभी पात्र हितग्राहियों को आवास का लाभ दिलाया जाएगा।

श्री काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मंशा के अनुरूप सहकारिता एवं दुग्ध संघ को सुदृढ़ करने के साथ खाद्य प्रसंस्करण, उद्योग और पशुपालन के क्षेत्र में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इन क्षेत्रों के विकास से किसानों की आय बढ़ने के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

शिविर के साथ आयोजित उद्यम संवाद में स्थानीय उद्योगपतियों एवं उद्यमियों ने अपनी समस्याएँ और सुझाव रखे। औद्योगिक क्षेत्र में अधोसंरचना, भू-खंड आवंटन तथा विभिन्न विभागों से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रभारी मंत्री श्री काश्यप ने संबंधित अधिकारियों को उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। बैरसिया विधायक विष्णु खत्री, नगर पालिका अध्यक्ष तनुश्री, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा आदि मौजूद रहे ।

## रविदास जयंती के उपलक्ष में कलश यात्रा का ग्राम बालागुड़ा में हुआ भव्य स्वागत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलिया मंडी



10 सितम्बर को भाजपा मंडल पिपलिया मंडी द्वारा संत शिरोमणि रविदास 6.50 वीं जन्म जयंती के उपलक्ष में कलश यात्रा ग्राम पंचायत बरखेड़ा पंथ से 9 बजे प्रस्थान हुई। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित एवं भाजपा अजा मोर्चा जिला अध्यक्ष रामजी हटेला व भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश पाटीदार गोयल मंडल पिपलिया मंडी भाजपा अजा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र आर्य मंडल पिपलिया मंडी के निदेशानुसार यात्रा प्रारंभ हुई ग्राम पंचायत नैनोरा होते हुए ग्राम पंचायत खंखराई होते हुए ग्राम पंचायत बालागुड़ा गंगा माता स्थान बस स्टेशन बालागुड़ा समय 2 बजे आगमन हुआ एवं संत शिरोमणि रविदास जी की जन्म जयंती मनाई एवं कलश पूजन की भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष सामंत सिंह शक्तावत मंडल पिपलिया मंडी कमलेश पाटीदार बालागुड़ा जनपद सदस्य वार्ड क्रमांक 2 जनपद पंचायत मल्हारगढ़ श्रीमती मंजू प्रकाश पाटीदार सरपंच ग्राम पंचायत बालागुड़ा लाल सिंह शक्तावत सचिव ग्राम पंचायत बालागुड़ा दशरथ आर्य सचिव ग्राम पंचायत उमरिया सरपंच भरत पाटीदार ग्राम पंचायत खंखराई सरपंच प्रतिनिधि आशीष पाटीदार ग्राम पंचायत सनावदा भाजपा के वरिष्ठ नेता गोपाल पाटीदार बालागुड़ा बस स्टेशन भाजपा के वरिष्ठ नेता नानालाल मामा बालागुड़ा पूर्व जिला पंचायत सदस्य अशोक खींची आदि उपस्थित रहे।

## जमीन विवाद में लट्ठ से वार कर हत्या करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

जमीन विवाद के चलते अपने ही रिश्तेदार की लट्ठ से पीट-पीटकर हत्या करने वाले 68 वर्षीय आरोपी को न्यायालय ने आजीवन कारावास और 10 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह फैसला विशेष न्यायाधीश राकेश कुमार शर्मा (पॉक्सो एक्ट), रतलाम की अदालत द्वारा बीते दिन शुक्रवार को सुनाया गया।

उपनिदेशक अभियोजन श्रीमती आशा शाक्यवार ने बताया कि मामला 6 अक्टूबर 2022 का है। फरियादी राजू पिता कानजी भाभर को सूचना मिली थी कि उसके ससुर गलिया डामर की तबीयत खराब है। जब ससुर को घर लाकर पूछा गया, तो उन्होंने अपनी बेटी शांतिबाई और जमाई राजू को बताया कि वह माताजी के ओटले पर सो रहे थे। उसी दौरान मांगू पिता हेमा डामर ने खाल स्थित 5 बीघा जमीन के कब्जे के विवाद को लेकर उन पर लट्ठ से हमला कर दिया।

हमले में गर्दनों, पसलियों और सिर पर गंभीर चोटें आने के कारण कुछ ही देर में गलिया डामर की मृत्यु हो गई। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना दीनदयाल नगर पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना के बाद चालान न्यायालय में पेश किया।

मामले को जघन्य एवं सनसनीखेज प्रकरण के रूप में चिन्हित किया गया था। न्यायालय ने अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर आरोपी मांगू को भारतीय दंड संहिता (द्वक्कष्ट) की धारा ३०२ के तहत दोषी पाया। शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक श्रीमती दीप्ति कनासे द्वारा की गई।

## तीन पैथोलॉजी लैब की जाँच के बाद किया पंजीयन निरस्त

**नीमच।** जिले में लंबे समय से अनधिकृत रूप से पैथोलॉजी लैब में पैथोलॉजिस्ट की अनुपस्थिति में जांच रिपोर्ट के खिलाफ शिकायत दर्ज हुईं थी द्य जिले में नियमों को ताक पर रखकर संचालित पैथोलॉजी लैब और दूर बैठे पैथोलॉजिस्ट के नाम पर जांच रिपोर्ट जारी किए जाने के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई की है। लगातार उठाए गए मामले के बाद विभागीय जांच में भी अनियमितताएं सामने आई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय ने जांच समिति की रिपोर्ट के आधार बर तीन पैथोलॉजी लैब के पंजीयन तीन लैब के पंजीयन निरस्त किया हैं द्य पंजीकृत पैथोलॉजिस्ट की वास्तविक उपस्थिति, जांच प्रक्रिया और रिपोर्ट प्रमाणित करने की व्यवस्था की निष्पक्ष जांच जरूरी है, ताकि मरीजों की जांच रिपोर्ट की विश्वसनीयता से किसी स्तर पर समझौता न हो। एक पैथोलॉजिस्ट से संबंधित प्रकरण उच्च स्तरीय जांच के लिए क्षेत्रीय संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं, उज्जैन संभाग को भेजा गया । तीन लैब के पंजीयन निरस्त विभागीय आदेश के अनुसार सुरेश कुमार पैथोलॉजी लैब, मनासा, पवन पाटीदार पैथोलॉजी लैब, मनासा तथा नीमच के एक अन्य सेंटरके पंजीयन निरस्त किए गए हैं। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, उज्जैन संभाग के निर्देश पर गठित जांच समिति ने मौके पर जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। जिन पैथोलॉजिस्ट के नाम पर पंजीकृत उनकी वास्तविक जांच और रिर्पोर्ट प्रमाणित करने व डॉक्टर की अनुपस्थिति को लेकर उज्जैन संभाग को भेजा गया है।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भगवान महावीर का जन्मवाचन महोत्सव, जयकारें गूंजे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



पर्यूषण महापर्व के पंचम दिवस शनिवार को शहर के विभिन्न श्वेताम्बर जैन आराधना भवनों में तीर्थंकर परमात्मा प्रभु महावीर का जन्मवाचन महोत्सव बड़े ही धूमधाम और भक्तिभाव से मनाया गया।

राजेन्द्र रिसोर्ट में श्री त्रिस्तुतिक जैन श्वेताम्बर श्रीसंघ, परम स्पर्श चातुर्मास समिति, श्री राजेन्द्र जैन नवयुवक परिषद एवं तरुण परिषद के तत्वावधान में आयोजन हुआ। प.पू. जैन संत मुनिराज श्री प्रत्यक्ष रत्नविजयजी म.सा. व श्री पवित्र रत्नविजयजी म.सा. ने कल्पसूत्र का वाचन करते हुए जैसे ही प्रभु महावीर का जन्म वृत्तान्त सुनाया, पूरा परिसर जयकारों से गूंज उठा। इसके पश्चात भव्य पालनाजी का जुलूस निकाला गया। कार्यक्रम में 9 उपवास करने वाले 50 से अधिक तपस्वियों तथा मुख्य लाभार्थी चपरोत परिवार का पगड़ी पहनाकर व शाल-श्रीफल से बहुमान किया गया।

इसी क्रम में चौधरी कॉलोनी स्थित रूपचांद आराधना भवन में पूज्य संत श्री धैर्यचन्द्रसागरजी म.सा. व श्री पर्वचन्द्रसागरजी म.सा. की निश्रा में जन्मोत्सव मनाया गया। कल्पसूत्र वाचन के बाद पालनाजी का जुलूस निकला। उधर, नईआबादी स्थित श्री सहस्त्रफणा पार्श्वनाथ श्वेताम्बर जैन मंदिर में मुनिराज श्री विरलविजयजी म.सा. के सानिध्य में जन्मवाचन हुआ। प्रभुजी की प्रतिमा को चाँदी के झूले में झुलाया गया। पश्चात बैंड-बाजे के साथ पालनाजी का जुलूस (सौम्यैया) निकाला गया, जिसमें महिलाएं 14 स्वप्नाजी व अष्टमंगल सिर पर धारण कर शामिल हुईं। सभी जगह विभिन्न तरह की बोलियों का लाभ भाग्यशाली परिवारों ने लिया।

## कलेक्टर को शिकायत पर शास. भूमि कराई अतिक्रमण मुक्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निदेर्शानुसार प्राप्त शिकायतों के आधार पर राजस्व विभाग द्वारा अतिक्रमण के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई के दौरान ग्राम जमुनिया रावजी में शासकीय चरागाह भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाया गया, वहीं नीमच सिटी-मऊ रोड स्थित भूमि का स्थल निरीक्षण कर मौके से अतिक्रमण एवं अन्य अवरोध हटाए गए। न्यायालय नायब तहसीलदार मनासा द्वारा दिए गए आदेश के पालन में ग्राम जमुनियारावजी स्थित शासकीय सर्वे क्रमांक 49/1/1, रकबा 9.72 हेक्टेयर, मद चरागाह में से लगभग 0.018 हेक्टेयर (दो हजार वर्गफीट) भूमि पर भूरालाल पिता देवा बंजारा, निवासी दांतोली द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण को जेसीबी की सहायता से मौके से हटाया गया। हटाए गए अतिक्रमण की अनुमानित कीमत लगभग 15 लाख रुपये है।

## मुख्यमंत्री जनविश्वास शिविर में किया शिकायतों का निराकरण

**रतलाम ।** शासन निर्देशानुसार च्जनविश्वास कार्यक्रमज्ज के अन्तर्गत क्षेत्र भ्रमण, जनसमस्याओं के प्रभावी निराकरण एवं शासकीय सेवाओं की गुणवत्त सुनिश्चित किये जाने हेतु 14 अगस्त 2026 से 29 जनवरी 2027 तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित किये जाने वाले शिविरों के तहत 11 सितम्बर शुक्रवार को वार्ड 17, 18, 22, 23, 43, 45, 46, 47, 48, 49 के लिये झोन क्रमांक 3 अमृत सागर उद्यान परिसर में आयोजित शिविर में नागरिकों की शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए शिकायतों का निराकरण किया गया।

## डिप्टी कलेक्टर ने मातृत्व इकाई सहित विभिन्न वार्डों का किया निरीक्षण

### जिला चिकित्सालय में व्यवस्थाओं का निरीक्षण, कमियों में सुधार के निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच




कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निदेर्शानुसार डिप्टी कलेक्टर सुश्री श्रुति भयड़िया ने गुरुवार की रात्रि में जिला चिकित्सालय नीमच का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मातृत्व इकाई, सीटी स्कैन, ओपीडी, लैब, दवा वितरण केंद्र, ट्रॉमा एवं आकस्मिक इकाई, आईसीयू, मेडिकल, सर्जिकल एवं टीबी वार्ड का निरीक्षण किया।

मातृत्व इकाई के निरीक्षण के दौरान रात्रि 7,50 बजे सुरक्षा कर्मी अजय अनुपस्थित पाए गए। प्रसूति/सीजेरियन वार्ड में साफ-सफाई संतोषजनक नहीं मिली तथा सफाई कर्मी भी अनुपस्थित पाई गईं। वार्ड में एक महिला मरीज के साथ निर्धारित से अधिक परिजन सहायक मौजूद पाए गए। चार मरीजों को बेडशीट उपलब्ध नहीं थी तथा रात्रि 815 बजे तक सुरक्षा गार्ड उपस्थित नहीं हुआ।

दवा वितरण केंद्र में स्टाफ उपस्थित मिला, लेकिन वहां सामान व्यवस्थित नहीं पाया गया। ट्रॉमा एवं आकस्मिक इकाई में मेडिकल स्टाफ मौजूद था, जबकि सुरक्षा कर्मी अनुपस्थित मिला।

आईसीयू में नर्सिंग स्टाफ उपस्थित था, लेकिन मरीजों के रिश्तेदारों की संख्या अधिक पाई गई। मेडिकल वार्ड में इमरजेंसी बोर्ड अपडेट मिला, जबकि बायो-वेस्ट बिन निर्धारित क्षमता से अधिक भरा पाया गया। सर्जिकल वार्ड की व्यवस्थाएं ठीक मिलीं। टीबी वार्ड में चिकित्सक द्वारा मरीजों का परीक्षण किया जा रहा था। सीटी स्कैन, ओपीडी एवं लैब यूनिट संचालित पाई गईं। लैब में कुछ नई मशीनों के रिएजेंट की सप्लाई नहीं होने की जानकारी मिली।

निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों पर डिप्टी कलेक्टर सुश्री भयाड़िया ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल में सुरक्षा, स्वच्छता, बायो-मेडिकल वेस्ट प्रबंधन तथा मरीजों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान सहायक प्रबंधक (अस्पताल प्रशासन) डॉ. जनमेजय शाक्य उपस्थित रहे।

## न्यूज कालम




### राम के आदर्श चरित्र व मानवीय मूल्यों का संदेश देता है तुलसी साहित्य

**मंदसौर।** स्थानीय शा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा च्तुलसी साहित्य की प्रासंगिकताज विषय पर अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। मुख्य वक्ता दयानंद एंग्लो वैदिक विद्यालय, कानपुर के डॉ. रंजय प्रताप सिंह ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास का साहित्य केवल धार्मिक आस्था तक सीमित न होकर मानवीय मूल्यों, सामाजिक समरसता और मर्यादित आचरण का सशक्त माध्यम है। श्रीराम के व्यक्तित्व में सत्य, त्याग, कर्तव्य, मयार्दा और करुणा का अद्भुत समन्वय है। प्राचार्य डॉ. जे.एस. दुबे ने रामचरितमानस के प्रसंगों के माध्यम से विद्यार्थियों को तुलसी साहित्य की प्रासंगिकता समझाई। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. टी.के. झाला, डॉ. उषा अग्रवाल, डॉ. आर.डी. गुप्ता, हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. ललिता लोधा, डॉ. नेहा दीक्षित व डॉ. वदीचंद राठौड़ सहित अनेक शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे। संचालन सहायक प्राध्यापक डॉ. सीमा जैन ने किया तथा आभार सृजन क्लब अध्यक्ष नरेश व्यास ने व्यक्त किया।

### निर्माणाधीन पुलिया से 10 फीट नीचे गिरे व्यक्ति के चेहरे में घुसा सरिया;

**4 घंटे चला जटिल ऑपरेशन के बाद बाहर निकाला**



**मंदसौर।** जिले के गरोठ में साले के ढाबे पर कुक का काम करने वाले करीब 50 वर्षीय परमानंद कथिरिया शुक्रवार रात बस से सीतामऊ पहुंचे थे। पैदल घर जाते समय निर्माणाधीन पुलिया के पास लगे बैरिकेड का सहारा लेते ही वे संतुलन बिगड़ने से 8 से 10 फीट नीचे जा गिरे। नीचे पड़ा करीब साढ़े 3 फीट लंबा लोहे का सरिया उनकी आंख के पास से चेहरे में घुसकर कान के पीछे से 5-6 इंच बाहर निकल गया। लगभग 15 मिनट तक तड़पने के बाद स्थानीय युवकों की मदद से उन्हें 108 एंबुलेंस द्वारा सीतामऊ अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत में मंदसौर जिला अस्पताल भेजा गया। मंदसौर में चिकित्सकों की टीम ने प्राथमिक उपचार कर नसों के खतरे को देखते हुए मरीज को रतलाम मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।रतलाम में करीब 4 घंटे के ऑपरेशन में सर्जरी विभाग के 10 डॉक्टरों एवं एनेस्थीसिया टीम ने बिना बड़ा चीरा लगाए सरिया सिर के पीछे की तरफ से सफलतापूर्वक बाहर निकाल लिया। ऑपरेशन टीम में डॉ. प्रवीणसिंह बघेल, डॉ. देवेंद्र चौहान, डॉ. देवेंद्र नरगेश आदि शामिल रहे।

### डॉ. चौरसिया ने 6 टीबी मरीजों को गोद ले बांटी फूड बास्केट



**मंदसौर।** मेडिकल कॉलेज मंदसौर के जनरल सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. इशांत कुमार चौरसिया ने अपने जन्मदिन पर सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश की है। उन्होंने जिला क्षय केंद्र, मंदसौर में 6 टीबी मरीजों को निक्षय मित्र के रूप में गोद लेते हुए उन्हें उच्च पोषक आहार युक्त फूड बास्केट प्रदान की। डॉ. चौरसिया ने कहा कि टीबी के उपचार में दवा के साथ उचित पोषण बेहद जरूरी है। उन्होंने समाज के सक्षम नागरिकों से भी निक्षय मित्र बनकर टीबी मुक्त भारत के संकल्प में सहभागिता करने की अपील की। इस अवसर पर सीएमएचओ , सिविल सर्जन तथा डॉ. सौरभ मंडवारिया आदि भी मौजूद रहे।

### नीमच इंजीनियर्स एसोसिएशन 15 को मनाएगा अभियंता दिवस

**नीमच।** प्रति वर्ष अनुसार नीमच इंजीनियर फॉरम 15 सितम्बर को अभियंता दिवस मनाएगा द्य भारत के महान अभियंता एवं राष्ट्र निमार्ता भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती अभियंता दिवस पर जिला नीमच इंजीनियर्स एसोसिएशन द्वारा अभियंताओं एवं उनके परिवारों के लिए दो प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। एसोसिएशन के सचिव इंजी. राजेशकुमार गुप्ता ने बताया कि आयोजन की शुरूआत 13 सितंबर को एक विशेष फैमिली एवं एंटरटेनमेंट प्रोग्राम के साथ होगी। इसमें अभियंताओं एवं उनके परिवारों के लिए विभिन्न सांस्कृतिक, मनोरंजक एवं पारिवारिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। वहीं 15 सितंबर, अभियंता दिवस के अवसर पर टेक्निकल सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ एवं विषय-विशेषज्ञ अपनें अनुभव, तकनीकी ज्ञान एवं महत्वपूर्ण विचार अभियंता साथियों के साथ साझा करेंगे। सेमिनार का उद्देश्य अभियंताओं को नवीन तकनीक, बदलते तकनीकी परिदृश्य एवं व्यावसायिक क्षेत्र की नई संभावनाओं से अवगत कराना है। जिला नीमच इंजीनियर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष इंजी. मनीष विजयवर्गीय व कोषाध्यक्ष इंजी आरके त्रिवेदी ने उक्त जानकारी दी।

### महापौर प्रहलाद पटेल व जनप्रतिनिधियों ने किया पौधा रोपण

**रतलाम ।** कस्तुरबा नगर व महाराजा रतनसिंह मार्ग डिवाईडर पर महापौर प्रहलाद पटेल ने निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, भाजपा जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष पवन सोमानी, मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित, निलेश गांधी, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, मंडल महामंत्री विवेक शर्मा, प्रहलाद राठौड़, क्षेत्रिय पार्षद श्रीमती मनीषा शर्मा, धर्मेन्द्र व्यास, श्रीमती हीना मेहता, पार्षद, एल्डरमेन व क्षेत्रिय नागरिकों के साथ कर नागरिकों से पौधा रोपण करने का आव्हान किया। इस अवसर पर पार्षद श्रीमती निशा सोमानी उपस्थित थी।


## श्री त्रिस्तुतिक जैन पौषधशाला में हो रहे भव्य अंगरचना के दर्शन

**महिदपुर।** श्री त्रिस्तुतिक जैन पौषधशाला, गांधी मार्ग में इन दिनों प्रतिदिन सायंकाल दादागुरुदेव की



भव्य अंगरचना के दर्शन हो रहे हैं। श्रद्धालु प्रतिदिन आकर्षक एवं मनोहारी अंगरचना के दर्शन कर धर्मलाभ ले रहे हैं। विश्वपूज्य दादागुरुदेव आचार्य देवेश श्रीमद् विजय राजेन्द्रसूरिश्वरजी महाराज साहेब की अंगी श्रद्धा एवं भक्ति भाव से तैयार की जा रही है। अंगरचना में सिद्धितप तपस्वी मिनी मेहता के साथ पायल मेहता, अक्षिता मेहता, परी मेहता आदि अपनी सेवाएं दे रहे हैं। अंगरचनाकारों द्वारा प्रतिदिन नवीन स्वरूप में अंगरचना की जा रही है, जिसे देखने के लिए श्रद्धालु पौषधशाला पहुंच रहे हैं। 15 सितंबर तक प्रतिदिन सायंकाल श्री त्रिस्तुतिक जैन पौषधशाला, गांधी मार्ग पर भव्य अंगरचना के दर्शन किए जा सकते हैं। श्री त्रिस्तुतिक जैन संघ द्वारा अंगरचनाकारों की अनुमोदना की गई।

## अवैध मदिरा के विरुद्ध जिले में कार्रवाई 14 प्रकरण दर्ज



**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, धारण, विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन तथा जिला आबकारी अधिकारी रितेश लाल के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा 10 सितम्बर को विभिन्न संदिग्ध स्थलों पर दबिश देकर कार्रवाई की गई। मौके से लगभग 71.6 लीटर कच्ची हाथभट्टी मदिरा, 2.7 बल्क लीटर देशी मदिरा एवं 1.8 बल्क लीटर विदेशी मदिरा, कुल 76.1 लीटर मदिरा जब्त कर आबकारी विभाग के कब्जे में ली। जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए आबकारी विभाग द्वारा विशेष अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने पर नियमानुसार तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

## पूर्व प्राचार्य भेरूलाल राठौर का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**सारंगपुर।** शिक्षा जगत के प्रबुद्ध जन और पूर्व प्राचार्य भेरूलाल राठौर का गुरुवार को दुःखद निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही क्षेत्र व समाज में शोक की लहर दौड गई। भेरूलाल राठौर ने अपने शिक्षण काल के दौरान कई पीढ़ियों का मार्गदर्शन किया और समाज में एक अमिट छाप छोडी। शुक्रवार प्रातः 10:00 बजे उनके निज निवास रंगेरवाडी से उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई। मुखाग्नि उनके पुत्र सुरेश राठौर एवं महेश राठौर ने दी। अंतिम यात्रा में बडी संख्या में स्थानीय नागरिकों, गणमान्य जनों, परिजनों एवं शुभचिंतकों ने शामिल होकर नम आंखों से अंतिम विदाई दी और श्रद्धांजलि अर्पित की।

## राजस्व प्रकरणों के निराकरण के दिए निर्देश

**ब्यावरा-राजगढ़।** मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के अंतर्गत आयुक्त भोपाल संभाग भोपाल कर्मवीर शर्मा ने नरसिंहगढ़ स्थित संयुक्त भवन में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदार कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नायब तहसीलदार न्यायालय एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व न्यायालय का भी निरीक्षण कर नामांतरण, बंटवारा सहित अन्य राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा की। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ.गिरीश कुमार मिश्रा भी उपस्थित रहे। संभाग आयुक्त शर्मा ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि नामांतरण, बंटवारा सहित सभी राजस्व प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

### श्री गणेशजी की पीओपी की मूर्तियाँ

# धार्मिक आस्था, पर्यावरण और जन-स्वास्थ्य पर मंडराता गंभीर संकट

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर।

भाद्रपद और आश्विन मास के पावन संधिकाल में आयोजित होने वाले गणेशोत्सव और नवरात्र में प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) से निर्मित मूर्तियों का प्रयोग सनातन परंपराओं, पर्यावरण और जन-स्वास्थ्य के लिए एक विकराल संकट बन चुका है। धार्मिक दृष्टिकोण से देखें तो शास्त्रों और स्मृतियों में केवल शुद्ध मिट्टी (मृत्तिका) से बनी प्रतिमाओं के पूजन और प्राण-प्रतिष्ठा का विधान है। खेडापति हनुमान मंदिर के पुजारी पं. पवन पारीक के अनुसार, माटी की प्रतिमा विसर्जन के उपरांत सहज ही पंचतत्वों में विलीन हो जाती है, जबकि पीओपी जैसी जल-अघुलनशील सामग्री देव-मयार्दा के सर्वथा प्रतिकूल है। पर्यावरण के मोर्चे पर भी यह संकट अत्यंत भयानक है। पर्यावरणविद लक्ष्मीनारायण त्रिकार का कहना है कि पीओपी की मूर्तियाँ महीनों तक जल की गहराइयों में अघुलनशील पडी रहकर जलस्त्रोतों का दम घोंटती हैं



और उन पर लेपित विषैले रासायनिक रंग जलीय जीवों के विनाश तथा पेयजल को जहरीला बनाने का कारण बनते हैं।

चिकित्सा जगत ने भी इस स्थिति पर गंभीर चेतावनी जारी की है। शासकीय चिकित्सक डॉ. गोपाल परमार के अनुसार, मूर्तियों को आकर्षक बनाने के लिए प्रयुक्त चमकीले रंगों में सीसा (लेड), पारा और क्रोमियम जैसी घातक धातुएँ होती हैं, जो विसर्जन के बाद भूजल में मिलकर मनुष्यों में कैंसर, त्वचा संक्रमण, फेफडों की गंभीर बीमारियों और तंत्रिका तंत्र (नर्वस सिस्टम) के स्थायी विनाश का खतरा पैदा करती हैं। इससे मूर्तिकार, श्रद्धालु और विसर्जन में जुटे श्रमिक सीधे तौर पर प्रभावित हो रहे हैं।

### मिट्टी के गणेश गढ़ने का निःशुल्क प्रशिक्षण

इस भयावह समस्या के समाधान हेतु वरिष्ठ समाजसेवी सुशील व्यास के अनुसार मध्य प्रदेश में माटी गणेश सिद्ध गणेश जन-अभियान चलाया जा रहा है। लोक शिक्षण संचालनालय और जन अभियान परिषद के संयुक्त तत्त्वावधान में प्रदेश भर के विद्यालयों और बस्तियों में मिट्टी के गणेश गढ़ने का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि भावी पीढी पर्यावरण संचेतना से जुडे और हर घर में शास्त्रीय मर्यादा के अनुरूप माटी के गणेश स्थापित हों।



## मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले ने किया आंगनवाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण

**ब्यावरा-राजगढ़ ।** संभागीय संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास भोपाल संभाग हरिकृष्ण शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले ने संयुक्त रूप से परियोजना महिला बाल विकास कुरावर अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र गीलाखेड़ी-03 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी केंद्र पर पोषण माह की गतिविधि संचालित होना पाई गई, परंतु केंद्र पर बच्चों की उपस्थिति अत्यंत कम पाई गई। आंगनवाडी कार्यकर्ता द्वारा पोषण ट्रैकर पर हितग्राहियों का डाटा अपडेट नहीं किया था। टीएचआर वितरण के दस्तावेज मांगे जाने पर कार्यकर्ता द्वारा प्रस्तुत नहीं किया। अव्यवस्थाओं को देखते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका का तीन दिवस का वेतन काटने, सुपरवाइजर श्रीमती वंदना शर्मा को निलंबित करने तथा परियोजना अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

### आगामी त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक

# शांति, सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर हुई चर्चा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर

आगामी त्योहारों को देखते हुए बुधवार को थाना सुसनेर परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में त्योहारों के दौरान क्षेत्र में शांति, आपसी सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ शांति समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



बैठक में अधिकारियों ने आगामी त्योहारों को आपसी भाईचारे, सद्भाव एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। साथ ही नागरिकों से किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं देने तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करने का आग्रह किया गया।

इस दौरान त्योहारों के अवसर पर निकलने वाले जुलूस, धार्मिक आयोजनों, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक इंतजामों को लेकर भी चर्चा की गई। आयोजन स्थलों एवं प्रमुख मार्गों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा त्योहारों के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने पर जोर दिया गया। पुलिस प्रशासन की ओर से बताया गया कि त्योहारों के दौरान असामाजिक गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जाएगी। संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। अधिकारियों ने समिति के सदस्यों एवं नागरिकों से भी किसी संदिग्ध गतिविधि या कानून-व्यवस्था से संबंधित जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की। बैठक में मौजूद सदस्यों ने भी त्योहारों के दौरान शांति एवं सद्भाव बनाए रखने के लिए प्रशासन और पुलिस को सहयोग देने की बात कही।

### भाजपा मंडल कार्यशाला आयोजित

## संगठन की मजबूती, संगठन विस्तार तथा कार्यकर्ताओं को दिया मार्गदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ तनोडिया

भारतीय जनता पार्टी की तनोडिया मंडल की कामकाजी बैठक एवं सेवा संकल्प अभियान को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय, विधायक मधु गेहलोत,पुर्व विधायक लालजीराम मालवीय, मंडल प्रभारी मीना स्वर्णकार, डॉ राहुल जैन, महेश कुमार मित्तल आदि अतिथि कार्यशाला में सम्मिलित होकर संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की एवं आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की।

बैठक में विशेष रूप से 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा संकल्प अभियान को लेकर विस्तृत एवं महत्वपूर्ण चर्चा की गई। अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले विभिन्न सेवा एवं जनसरोकार के कार्यक्रमों की रूपरेखा, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों तथा कार्यक्रमों को प्रभावी एवं सफल बनाने की रणनीति पर विस्तार से विचार.विमर्श किया गया। साथ ही संगठन की मजबूती, बूथ सशक्तिकरण, संगठन विस्तार तथा प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय भूमिका को लेकर मार्गदर्शन दिया गया। सभी ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं के सामूहिक प्रयास, संगठन के प्रति समर्पण एवं सेवा भाव से सेवा संकल्प अभियान के प्रत्येक कार्यक्रम को सफल बनाएंगे और संगठन को और अधिक सशक्त करेंगे। आयोजित मंडल की कामकाजी बैठक एवं सेवा संकल्प अभियान कार्यशाला में सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा दिप प्रज्वलन, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी,पं. दिनदयाल उपाध्याय एवं भारत माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया। अतिथि कालुसिंह राठौर, एलकारसिंह सौलकी, महेंद्र सिंह राठौर, कालुसिंह चौहान,महेश शर्मा, महिपाल सिंह राठौर, कालुसिंह गुर्जर, आदि भी मंचासीन उपस्थित थे। व अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सिंह चौहान ने की।

## संत शिरोमणि श्रीगुरु रविदास महाराज की जयंती पर आयोजित समरसता संकल्प अभियान



**ब्यावरा।** ब्यावरा विधानसभा के गादिया, मलावर एवं पिपलहेला मंडल अंतर्गत ग्राम चारपुरा, गादिया, आगर, मलावर, अरनिया, आमलिया, पगारी बंगला, बाईहेड़ा, परसूलिया एवं दुल्तारिया में संत शिरोमणि श्रीगुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के पावन अवसर पर आयोजित समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय कलश वंदन यात्रा के चतुर्थ एवं अंतिम दिवस में मध्यप्रदेश शासन के राज्यमंत्री पंवार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष यात्रा विधानसभा प्रभारी इन्दरसिंह लववंशी यात्रा में सम्मिलित हुए इस अवसर पर संत शिरोमणि श्रीगुरु रविदास महाराज के चरणों में श्रद्धापूर्वक नमन कर उनके बताए समरसता, समानता, सेवा और सद्भाव के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। चार दिनों से निरंतर चल रही इस यात्रा का ग्राम दुल्तारिया में संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धापूर्वक समापन किया गया। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव, भाजपा एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष विष्णु मालवीय, भाजपा जिला महामंत्री श्रीमती ममता दीदी भाजपा वरिष्ठ नेता नारायणसिंह सालरियाखेड़ी, मानसिंह राजपूत, रामनारायण दांगी, जसवंत गुर्जर, जगदीश गुर्जर सहित मंडल अध्यक्षगण, जनप्रतिनिधिगण, पार्टी के पदाधिकारी, ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ता एवं सर्व समाज के बंधु उपस्थित रहे।

## शिवधाम से रामधाम जाएगी दिग्विजय की सनातन स्वाभिमान यात्रा, पंजीकरण शुरू

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर

नर्मदा परिक्रमा की ऐतिहासिक सफलता के बाद मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राजगढ़ के पूर्व सांसद दिग्विजय सिंह अब देश की दो प्रमुख नदियों शिप्रा और सरयू के बीच पदयात्रा करेंगे। उनकी यात्रा का शुभारंभ शिप्रा नदी के शहर उज्जैन से होगा और यह यात्रा सरयू नदी के तट पर बसे अयोध्या शहर तक जाएगी। यह यात्रा आगामी 20 अक्टूबर को विजयादशमी के दिन उज्जैन से प्रारंभ होगी। इस सनातन स्वाभिमान यात्रा का समापन अयोध्या में होगा। इस संबंध में श्री सिंह ने कहा कि यह यात्रा किसी राजनीतिक दल के समर्थन या विरोध में नहीं, बल्कि धर्म के नाम पर पारदर्शिता, सत्य और श्रद्धा की रक्षा तथा सामाजिक सद्भाव के लिए निकाली जा रही है। उन्होंने यात्रा से जुडने को इच्छुक लोगों के लिए गूगल फॉर्म भी जारी किया है। गौरतलब है कि श्री सिंह ने कुछ साल पहले जब नर्मदा परिक्रमा की थी तो उनके साथ बडी संख्या में श्रद्धालु और कार्यकर्ता जुड गए थे। इनमें से अनेक सहयात्री अब श्री सिंह के साथ इस पदयात्रा में भी रहना चाहते हैं। ऐसा माना जा रहा है कि श्री सिंह की यह पदयात्रा भी सफलता का शानदार इतिहास बनाएगी। सनातन स्वाभिमान यात्रा को लेकर जारी वीडियो संदेश में सिंह ने कहा कि प्रभु श्री राम करोडों सनातनियों की आस्था और स्वाभिमान के प्रतीक हैं। उन्होंने राम जन्मभूमि आंदोलन के दौर को याद करते हुए कहा कि 1988-89 में विश्व हिंदू परिषद द्वारा शुरू किए गए राम शिला पूजन अभियान में वैचारिक मतभेदों के बावजूद उन्होंने भी हिस्सा लिया था और अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान दिया था।

### श्रीराम मंदिर में चढ़ावे का किया दुरुपयोग

सिंह ने आरोप लगाया कि इसके बाद विश्व हिंदू परिषद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा से जुडे लोगों द्वारा चंदे और चढावे का दुरुपयोग किया गया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की आस्था से जुडे धन के दुरुपयोग को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मामले में करोडों रुपये के घपले की बात सामने आई है।

### महिदपुर के पहलवानो ने जिले में लहराया परचम

# बेंच प्रेस स्पर्धा में दो और एक कास्य पदक प्राप्त किए

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर

उज्जैन में जिला पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा 28 वीं जिला स्तरीय क्लासिक बेंच प्रेस प्रतियोगिता 2026 का आयोजन क्षीर सागर स्टेडियम में आयोजित किया गया। जिसमें सुदुर क्षैत्र से आए पहलवानो ने प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी शक्ति व क्षमता का प्रदर्शन किया। इसी के अंतर्गत महिदपुर नगर के महावीर फिटनेस प्वाइंट के खिलाड़ी सीनियर वर्ग में दुर्गेश शर्मा सोनू पहलवान ने कास्य पदक , सब जूनियर वर्ग में गौरव आंजना ने स्वर्ण पदक , शुभम मालवीय ने स्वर्ण पदक शिवम कास्य पदक जूनियर वर्ग में नयन ने कास्य पदक अपने वर्ग में अर्जित किया।



महावीर फिटनेस प्वाइंट के संचालक दुर्गेश शर्मा सोनू पहलवान ने बताया की बड़े गौरव की बात है की कठीन परिश्रम और लगातार मेहनत से हमारे यहा के पहलवानो ने बेहतरीन प्रदर्शन कर पदक प्राप्त किए है। जिसके परिणाम स्वरुप आज दो खिलाडियों का आगामी प्रतियोगिता हेतु चयन हुआ है।

इस अवसर पर नगर के व्यायाम प्रेमी दुर्गेश शर्मा पहलवान, स्वस्तिक चौधरी लोकतंत्र प्रहरी, अभिषेक चौधरी, गजेन्द्र सोलंकी पहलवान, गणु सोलंकी पहलवान, लखन शर्मा लक्की पहलवान, रोहित खत्री, रवि माली, मनीष राठौर , गब्बर पहलवान, पुष्कर शास्त्री, ने महावीर फिटनेस प्वाइंट के संचालक दुर्गेश सोनु पहलवान और समस्त खिलाड़ीयो को शुभकामनाऐ प्रदान कर उज्जवल भविष्य की कामना व्यक्त की। उपरोक्त जानकारी महावीर फिटनेस प्वाइंट के वरिष्ठ सदस्य स्वस्तिक चौधरी ने दी।

## बीमा कंपनी के खिलाफ किसानों के हित में पुर्व विधायक शेखावत मैदान में उतरे



**खाचरोद।** क्षेत्र के किसानों की फसल बीमा की समस्या को लेकर पूर्व विधायक दिलीपसिंह शेखावत सेकड़ो किसानों के साथ ट्रैक्टर रैली निकाल कर तहसीलदार परिहार को ज्ञापन सौंपा। बीमा कंपनी के खिलाफ जन आंदोलन में क्षेत्र के सैकड़ों किसान अपना ट्रैक्टर लेकर उमड़े। नगर के मटर मंडी मैदान में दोपहर 12 बजे सैकड़ों किसान एकत्रित होकर पूर्व विधायक दिलीप सिंह शेखावत के नेतृत्व में नगर में में कतारबंद निकले। जन आंदोलन की रैली मटर मंडी से गोपाल मंदिर, उज्जैन दरवाजा, विक्रम मार्ग, सागरमलमार्ग,गणेश देवली, अनंतनारायण चौराहा, जवाहर मार्ग, चबूतरा चौराहा,लक्ष्मीनाथ चौराहा, पुराना बस स्टैंड से होती हुई तहसील कार्यालय पहुंची। किसान की समस्या को लेकर पूर्व विधायक शेखावत द्वारा तहसीलदार परिहार को ज्ञापन सौंपते हुवे बताया कि किसान का फसल मुआवजा राशि की प्रक्रिया सरलता से की जाय, किसानों के फसल बीमा क्लेम का। भुगतान समय सीमा में किया जाये, फसल बीमा का प्रतिशत उचित मापदंड हो। बीमा कंपनी के अधिकारी किसानों को संतुष्ट करे आदि समस्या का निराकरण किया जाए। किसानों की समस्या हल न होने पर आंदोलन अग्रसर हो जाएगा। जिसकी समस्त जवाबदारी प्रशासनिक अधिकारियों की रहेगी। गौरतलब वाक्या यह रहा कि किसान आंदोलन की सूचना पुलिस प्रशाशन को होते हुवे। भी प्रशासन द्वारा नगर यातयात व्यवस्था नहीं देखी आमजन को परेशान होना पड़ा।

### ब्यावरा में भोपाल संभागीय स्तरीय एक दिवसीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता का समापन

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को किया सम्मानित

अवन्तिका ▶▶ राजगढ़ -ब्यावरा।

ब्यावरा में आयोजित भोपाल संभागीय स्तरीय एक दिवसीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता का उत्साहपूर्ण समापन हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के पूजन के साथ किया गया। इसके पश्चात अतिथियों ने मैदान में पहुंचकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साहवर्धन करते हुए प्रतियोगिता का शुभारंभ कराया।

प्रतियोगिता में भोपाल संभाग के विभिन्न जिलों से आई टीमों के खिलाड़ियों ने पूरे जोश, अनुशासन और खेल भावना के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 14 वर्ष एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिका





खिलाड़ियों के बीच हुए मुकाबलों में रोमांचक प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग पंवार ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि गांवों और छोटे शहरों में छिपी खेल प्रतिभाओं को सामने लाना सरकार की प्राथमिकता है। युवा खिलाड़ी अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर प्रदेश और देश का नाम रोशन करें, इसके लिए उन्हें हरसंभव प्रोत्साहन और सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जीत और हार खेल का हिस्सा है, लेकिन मैदान पर पूरी निष्ठा, अनुशासन और खेल भावना के साथ प्रदर्शन करना ही सच्ची सफलता है। मिनी 14 वर्ष बालक वर्ग में विदिशा ने राजगढ़ को पराजित कर विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि राजगढ़ की टीम उपविजेता रही। मिनी 14 वर्ष बालिका वर्ग में सीहोर ने राजगढ़ को हराकर विजेता का खिताब जीता, जबकि राजगढ़ उपविजेता रही। इसी प्रकार सीनियर 19 वर्ष बालिका वर्ग में विदिशा ने रायसेन को पराजित कर विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि रायसेन की टीम उपविजेता रही।

### चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय मंच पर भोपाल में करेंगे प्रतिनिधित्व

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय मंच पर भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। भोपाल संभाग के सभी जिलों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और खिलाड़ियों ने खेल भावना के साथ शानदार प्रदर्शन किया।

## भाजपा कार्यालय में पार्टी की कामकाजी मासिक बैठक संपन्न

**सारंगपुर।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल सारंगपुर के सभी ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता एंव पदाधिकारीगण भाजपा कार्यालय सारंगपुर मे सेवा संकल्प अभियान के तहत कार्यशाला एवं मासिक कामकाजी बैठक संपन्ना हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला मंत्री वरिष्ठ भाजपा नेता जनपद उपाध्यक्ष मंडल प्रभारी कैलाश नागर का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि मोदीजी के लोक सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक भारतीय जनता पार्टी का सेवा संकल्प अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसके अंदर मुख्य रूप से 13 बिंदुओं पर पार्टी की गतिविधि रहेगी न सभी 13 प्रत्येक बिंदुओं के कार्यक्रम के लिए तीन-तीन कार्यकर्ताओं की टोली बनाई जाएगी एवं कार्यक्रम बूथ स्तर तक संपन्ना होगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सेवा संकल्प अभियान के संयोजक विष्णु पाटीदार, वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष राजेंद्र सर्वावत, रमेश पुष्पद, गोपाल वैद्य, राधेश्याम माहेश्वरी, महामंत्री कमल राठौर, निलेश वर्मा, दिनेश शर्मा, करणसिंह लववंशी, सतीश गिरजे, अनिल बागरी, राहुल राज पुष्पद, विनोद लववंशी, भानुसिंह लववंशी, आशा व्यास, कमलाबाई जाटव, रेणु वंशकार, बाबूलाल अहिरवार, कुलदीप राठौर, सुनील बागवान, हुकुम अहिरवार, गोलू वाल्मीकि, अंतरिक्ष पारीक, संतोष शर्मा, जुगल चौहान, मोहन लववंशी सहित सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन महामंत्री कमल राठौर ने किया आभार नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा ने माना।

# भेड़चाल पर उठाया सवाल



**करीना कपूर** खान की फिल्म 'दायरा' रिलीज के लिए तैयार है। इसके प्रमोशन में बिजी एक्ट्रेस ने बॉलीवुड की 'हर्ड मेंटैलिटी' (भेड़चाल वाली सोच) पर खुलकर बात की। एक यूट्यूब चैनल पर उन्होंने कहा कि फिल्म इंडस्ट्री में कुछ निमार्ता-निर्देशक अक्सर किसी सफल फिल्म के फामूर्ले को दोहराने की कोशिश करने लगते हैं। अपने चचेरे भाई रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' का जिक्र करते हुए उन्होंने तंज कसा कि इसकी सफलता के बाद से इंडस्ट्री में हिंसा से भरी फिल्में बनाने की होड़ लग गई है। हालांकि करीना का मानना है कि किसी तय फामूर्ले की फिल्में बनाने की सोच अब पुरानी पड़ चुकी है। क्योंकि दर्शक अब ज्यादा समझदार हो गए हैं। वे कलाकार या जॉनर को देखकर फिल्म देखने नहीं आते हैं। ट्रेलर देखकर ही तय कर लेते हैं कि कौन सी फिल्म देखनी है। वे अच्छी और दमदार कहानियों को तवज्जो देते हैं।

# एक्ट्रेस नहीं बनना चाहती थीं श्रिया



**'दृश्यम'** की एक्ट्रेस श्रिया सरन का आज जन्मदिन है। उत्तराखंड की धार्मिक नगरी हरिद्वार में 11 सितंबर 1982 को जन्मीं श्रिया बचपन से ही डांस की शौकीन रही हैं। उन्होंने क्लासिकल और वेस्टर्न डांस की ट्रेनिंग ली थी और हमेशा से डांसर बनना चाहती थीं न कि एक्ट्रेस। म्यूजिक एलबम 'थिरकती क्यूं हवा' में वह पहली बार नजर आई थीं। इसके बाद साल 2001 में साउथ की फिल्म 'इष्टम' से उन्होंने एक्टिंग करियर शुरू किया था। 'संतोषम' और 'शिवाजी : द बॉस' जैसी हिट फिल्मों के बाद श्रिया ने 2003 में 'तुझे मेरी कसम' से हिंदी फिल्मों में काम करना शुरू किया। 2007 में आई इमरान हाशमी की 'आवारापन' और अजय देवगन के साथ 'दृश्यम' (2015) ने उन्हें लोकप्रियता दिलाई। साल 2016 मेंश्रिया का नाम वेस्ट इंडीज के पूर्व क्रिकेटर ड्वेन ब्रावो से जुड़ा था। लेकिन ये रिश्ता ज्यादा नहीं चल पाया। बाद में एक्ट्रेस ने रूसी उद्यमी और खेल प्रेमी आंद्रेई कोशचीव से साल 2018 में शादी की। कपल की एक बेटी है।

# जया बच्चन से तुलना पर तापसी की प्रतिक्रिया



**दिग्गज** अभिनेत्री जया बच्चन हमेशा पैपराजी और मीडिया को डांटने-फटकारने को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। मीडियाकर्मियों को देखकर वह अक्सर असहज हो जाती हैं। हालिया रिलीज फिल्म 'गांधारी' की एक्ट्रेस तापसी पन्नू भी अक्सर पैपराजी के साथ भिड़ जाती हैं। इस वजह से उन्हें 'दूसरी जया बच्चन' या 'जया बच्चन लाइट' जैसे उपनाम दिए जाते हैं। तापसी ने हाल ही में इस तुलना पर अपनी राय दी। उन्होंने जया बच्चन से अपनी तुलना को 'कॉम्प्लिमेंट' बताया। जया बच्चन की तारीफ करते हुए तापसी ने उन्हें शानदार एक्ट्रेस और 'सॉलिड वुमन' करार दिया। साथ में कहा कि लोग जया से उनकी तुलना करके उन पर बाहुता मेहरबान हो रहे हैं।

## भाभी डायन है, नाश्ते में खाती है भूत-पिशाच !

## 'नई नवेली' का टीजर

**यामी गौतम** की नई फिल्म 'नई नवेली' का टीजर जारी किया गया है। यह एक हॉरर कॉमेडी फिल्म है और टीजर की छोटी सी झलक काफी दिलचस्प है। शुरूआत एक मध्यम वर्गीय भरे-पूरे संयुक्त परिवार के साथ होती है। सभी बैठे हैं, तभी अचानक एक शख्स आवाज लगता है, ₹जूते चप्पल, नुकीली वस्तुएं सब उतारकर रख दीजिए। यह शख्स कोई और नहीं, बल्कि घर में आई नई नवेली बहू मोहिनी (यामी गौतम) का देवर बंटू है। उसकी बात सुनकर परिवार के सदस्य हैरानी से पूछते हैं, ₹बात क्या है? वह कहता है, ₹बात भाभी के बारे में है।₹ सब परेशान होते हैं कि मोहिनी को क्या हुआ? अगले सीन में बंटू खुलासा करता है कि भाभी डायन है। परिवारवाले उसे डांटते हैं। एक चांटा भी रसीद कर दिया जाता है। फिर एंट्री होती है, भाभी यानी कि यामी गौतम की। चटख लाल रंग की साड़ी में नई नवेली दुल्हन के अवतार में यामी बड़े ही कूल अंदाज में कहती हैं, ₹बस डायन? दो डायन, तीन पिशाच और चार भूत तो मैं सुबह नाश्ते में खा जाती हूं।₹ वह आगे कहती हैं, देवियों और सज्जनों, एक छोटी सी गुजारिश है, बड़ा सोचो।₹ निमार्ता आनंद एल। राय और निर्देशक बालाजी मोहन की यह फिल्म इसी साल दशहरे के मौके पर आएगी।

# Sport

### चामा मिलिंद उपकप्तान, 11 अक्टूबर को त्रिपुरा से पहला मुकाबला

## मोहम्मद सिराज हैदराबाद रणजी ट्रॉफी के कप्तान बने

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज 2026-27 रणजी ट्रॉफी सीजन में हैदराबाद के कप्तान होंगे। हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन ने शनिवार को इसका ऐलान किया। सीजन 11 अक्टूबर से शुरू होगा। हैदराबाद का पहला मुकाबला त्रिपुरा से होगा। तेज गेंदबाज चामा मिलिंद को टीम का उपकप्तान बनाया गया है।

हैदराबाद को रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप इ में रखा गया है। इस ग्रुप में सौराष्ट्र, कर्नाटक, पंजाब, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, असम और त्रिपुरा भी हैं। सिराज ने पिछले रणजी ट्रॉफी सीजन में भी हैदराबाद की दो मैचों में कप्तानी की थी। सिराज हाल ही में तिलक वर्मा की कप्तानी में 2026 की दलीप ट्रॉफी में साउथ जोन के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करते नजर आए थे।



श्रीलंका दौरे के दौरान सिराज की रफ्तार को लेकर चिंता जताई गई थी। उनकी रफ्तार सामान्य 140 किलोमीटर प्रति घंटे के मध्य स्तर से घटकर 120 किलोमीटर प्रति घंटे के आखिरी स्तर तक पहुंच गई थी। दो मैचों की सीरीज में सिराज ने 44 ओवर गेंदबाजी की थी। उन्होंने इस दौरान चार विकेट लिए थे। दलीप ट्रॉफी फाइनल के बाद चेन्नई में सिराज ने कहा, दो महीने के ब्रेक के बाद सीधे मैच में उतरने से मेरी लय पूरी तरह नहीं बन पाई थी। मैं पूरी तरह लय पर निर्भर रहने वाला गेंदबाज हूं। अगर मैं लय में नहीं हूं, तो क्रीज से पूरी ताकत के साथ गेंद नहीं फेंक पाता। उन्होंने कहा, श्रीलंका में यही परेशानी थी। मेरा रन-अप बिखरा हुआ लग रहा था। कुछ कदम बहुत छोटे थे और कुछ बहुत लंबे। इससे मेरा प्रवाह टूट गया और मेरी रफ्तार कम हो गई।

### रणजी ट्रॉफी की शुरूआत 11 अक्टूबर से होगी

रणजी ट्रॉफी 2026-27 11 अक्टूबर 2026 से 3 मार्च 2027 तक खेला जाएगा। यह टूनामेंट दो लेग में खेला जाएगा, जिसमें एलीट ग्रुप में 32 टीमें और प्लेट ग्रुप में 6 टीमें शामिल हैं। 2026-27 के डोमेस्टिक सीजन में कुल 1,788 मैच खेले जाएंगे। इस सीजन की शुरूआत दलीप ट्रॉफी से हुई थी और रणजी ट्रॉफी के अलावा इसमें सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी जैसे टूनामेंट भी शामिल हैं।

### वसीम अकरम ने वैभव सूर्यवंशी की तारीफ की

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने वैभव सूर्यवंशी की बल्लेबाजी प्रतिभा की तारीफ की है। पाकिस्तान को भी सूर्यवंशी जैसी प्रतिभा तैयार करनी होगी, तभी क्रिकेट में सुधार होगा। अकरम ने इसी तुलना के जरिए सवाल उठाते हुए कहा कि 10 साल में लीग से कोई बड़ा बल्लेबाजी टैलेंट सामने नहीं आया।

### नैनो न्यूज

- **भारत-अफगानिस्तान टी20 से पहले ट्रैफिक अलर्ट** – दिल्ली में 13 सितंबर को होने वाले पहले टी20 मैच के मद्देनजर ट्रैफिक पुलिस ने एडवाइजरी जारी की।
- **भारत-अफगानिस्तान टी20 सीरीज तैयार** – दोनों टीमें दिल्ली में पहले मुकाबले के लिए तैयार हैं, मैच 13 सितंबर को अरुण जेटली स्टेडियम में होगा।
- **कुलदीप यादव का शानदार प्रदर्शन** – यॉर्कशायर के लिए खेलते हुए कुलदीप ने एसेक्स के खिलाफ पहली बार फर्स्ट-क्लास मैच में 10 विकेट लेकर शानदार वापसी दर्ज की।
- **पाकिस्तान के डेब्यूटेंट रजाउल्लाह छाए** – इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में 21 वर्षीय रजाउल्लाह ने 81 रन की तूफानी पारी में नौ छक्के लगाए।
- **गावस्कर ने रणजी शेड्यूल पर सवाल उठाए** – सुनील गावस्कर ने रणजी ट्रॉफी को बीच में रोककर आईपीएल-केंद्रित कार्यक्रम बनाने पर बीसीसीआई की आलोचना की।
- **सुप्रीम कोर्ट में बीसीसीआई पर सुनवाई** – राष्ट्रीय खेल प्रशासन कानून के तहत क्रिकेट और बीसीसीआई की स्थिति को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बोर्ड से स्पष्टीकरण मांगा।
- **यूएस ओपन टेनिस में बड़े मुकाबले** – पुरुष फाइनल में जगह बनाने के बाद बेन शेल्टन का सामना अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा; महिला फाइनल में सबालेंका-रिबाकिना भिड़ेंगी।

## भारत जूनियर विमेंस एशिया कप के फाइनल में

चीन में खेले जा रहे अल्त्रङ्म जूनियर विमेंस एशिया कप के सेमीफाइनल में भारत ने साउथ कोरिया को 5-1 से हराया। इस जीत के साथ भारतीय जूनियर विमेंस हॉकी टीम फाइनल में पहुंच गई। ड्रैग फ्लिकर सुप्रिया ने हैट्रिक लगाई।



सुप्रिया ने अपने तीनों गोल पेनल्टी कॉर्नर पर किए। भारत का सामना अब चीन और जापान के बीच दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा।भारत और साउथ कोरिया ने मुकाबले की शुरूआत संभलकर की। भारत ने 13वें मिनट में पहला गोल किया। मधु सिदर ने शानदार फील्ड गोल करके भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। दूसरे क्वार्टर में भारत ने कोरियाई गोल पर लगातार हमले किए।

भारत को 17वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला। सुप्रिया ने इस मौके को गोल में बदलकर टीम की बढ़त 2-0 कर दी। भारत ने गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा। 21वें मिनट में भारतीय विंगर ने कोरियाई गोल के 23 मीटर के भीतर हवा में आई गेंद को लपका। उन्होंने सर्कल के भीतर शानदार क्रॉस दिया। सुखवीर ने इसे गोल में बदलकर भारत का स्कोर 3-0 कर दिया। भारत को 33वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला। सुप्रिया ने इसे गोल में बदलकर भारत को 4-0 से आगे कर दिया। साउथ कोरिया के लिए यूरी जियोंग ने 41वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किया। इससे स्कोर 4-1 हो गया।

यह दक्षिण कोरिया का एकमात्र गोल रहा। आखिरी क्वार्टर में भारत ने बेहतरीन डिफेंस किया और कोरियाई हमलों को नाकाम कर दिया। भारत के लिए पांचवां गोल 56वें मिनट में सुप्रिया ने किया। उन्होंने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके अपनी हैट्रिक पूरी की। भारत ने अपने पिछले मुकाबले में पाकिस्तान को 19-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। इससे पहले मेजबान चीन के खिलाफ भारतीय टीम ने गोलरहित ड्रॉ खेला था।

**दुकान बेचना है**

प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

**आवश्यकता**

अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

**मकान बेचना है**

शहर की मध्यस्थली डाबरी पीठा अखाड़े वाली गली (उज्जैन) में 1000 स्क्वायर फीट का मकान जिस स्थिति में है यथा स्थिति में बेचना है। दलाल बंधु भी आमंत्रित है।
संपर्क सूत्र
भारतसिंह चौहान
9406880595,
8989541154

**किराए से देना है**

शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**खरीदना / किराए से चाहीए**

उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

**जमीन बेचना है**

ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

**मकान बेचना है**

साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**बेचना है**

अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

**किराए से देना है**

ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी
संपर्क करें - रवि गुप्ता
9926466157

**आवश्यकता है**

दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715,
9425094114

**रद्दी बेचना है**

अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**प्रॉपर्टी बेचना है**

प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10। लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**प्रवेश प्रारंभ**

आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय
10 से 01 बजे तक
आवेदन: 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**आवश्यकता**

छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

## न्यूज कॉलम

### पेटलावद-बरवेट मार्ग पर यूरिया से भरा ट्रक पलटा

**झाबुआ।** पेटलावद-बरवेट मार्ग पर शनिवार को बड़ी घाटी में यूरिया खाद से भरा ट्रक बेकाबू होकर खेत में पलट गया। हादसा सिविल अस्पताल से आगे चढ़ाई पर हुआ। ट्रक चालक के मुताबिक चढ़ाई के दौरान गियर नहीं लग पाया, जिससे वाहन पीछे जाने लगा और नियंत्रण खोकर खेत में जा पलटा। हादसे में चालक के सिर में चोट आई। ट्रक मेघनगर रैक पॉइंट से यूरिया खाद भरकर बरवेट जा रहा था। ट्रक मेघनगर के एक ट्रांसपोर्ट व्यवसायी का बताया गया है। चालक ने बताया कि बड़ी घाटी की चढ़ाई पर अचानक गियर नहीं लगा। इसके बाद ट्रक पीछे की ओर जाने लगा। चालक वाहन को संभाल नहीं पाया और ट्रक सड़क किनारे खेत में पलट गया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**झाबुआ।** झाबुआ-रतलाम रोड पर करवड़ चौकी क्षेत्र के गंगाखेड़ी के पास शनिवार सुबह अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार राधेश्याम की मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से भाग गया। राधेश्याम पेटलावद के रामगढ़ में मौसर कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। राधेश्याम बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। सिर में गहरी चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के समय राधेश्याम के कुछ परिचित उनके पीछे आ रहे थे। उन्होंने दुर्घटना देखी और तुरंत परिजनों और पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही करवड़ चौकी प्रभारी प्रहलाद सिंह चुंडावत टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को सिविल अस्पताल पेटलावद भेजा, जहां पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

### वराह मार्च की अनुमति रद्द पुलिस ने बैनर-पोस्टर हटाए

**धार।** शहर में 15 सितंबर को होने वाला वराह मार्च जिला प्रशासन ने रद्द कर दिया है। प्रशासन ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह फैसला लिया है। शुक्रवार शाम पुलिस और प्रशासन की टीम शहर में निकली और मार्च से जुड़े बैनर-पोस्टर हटाए। लोगों से मार्च में शामिल नहीं होने और शांति बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की गई। सनातन प्रहरी की ओर से भगवान वराह जयंती के मौके पर पीजी कॉलेज से विजय मंदिर तक वराह मार्च निकालने की तैयारी थी। संगठन ने शहर में इसका प्रचार भी किया था। 4 सितंबर को हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में अंशुल शर्मा ने बताया था कि संगठन ने मार्च के लिए अनुमति का आवेदन नहीं किया था, बल्कि प्रशासन को इसकी जानकारी दी थी।

### धार में अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



**आबकारी टीम ने सरदारपुर-बदनावर से 124 लीटर शराब जब्त की**

**धार।** धार जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग ने शुक्रवार को सरदारपुर और बदनावर क्षेत्र में कार्रवाई की। टीम ने दो अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर करीब 124 लीटर शराब जब्त की। दोनों मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। सरदारपुर आबकारी टीम ने ग्राम उजाड़िया में मुकेश पिता मोहन जमरा के मकान की तलाशी ली। यहां से 69.78 बल्क लीटर विदेशी शराब बरामद हुई। इसकी कीमत करीब 33 हजार 50 रुपए बताई गई है। मुकेश के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क) और 34(2) के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया। कोर्ट में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया। बदनावर आबकारी टीम ने ग्राम बखतगढ़ में गोपाल पिता राजेंद्र धबई के मकान पर कार्रवाई की। तलाशी के दौरान 6 पेटी देशी शराब मिली। इसमें प्लेन और मसाला शराब शामिल थी।

## नैनो न्यूज

- **मंडी में आवक बढ़ने लगी :** बारिश के बीच कृषि उपज मंडी में नई आवक बढ़ी है। किसानों और व्यापारियों की गतिविधियां सामान्य होने लगी हैं।
- **प्याज बाजार में हलचल बढ़ी :** इंदौर मंडी में प्याज की आवक और भाव को लेकर व्यापारियों में हलचल बनी हुई है। नई आवक पर नजर है।
- **सोयाबीन कारोबार पर नजर :** सोयाबीन बाजार में भावों में उतार-चढ़ाव जारी है। व्यापारियों ने आवक और आगामी मंडी गतिविधियों पर निगाह बढ़ाई है।
- **मंडी रविवार को रहेगी बंद :** इंदौर मंडी में रविवार को अवकाश रहेगा। व्यापारियों और किसानों को मंडी संचालन की जानकारी पहले से दे दी गई है।
- **सियागंज में व्यापारिक गतिविधियां जारी :** न्यू सियांगज मार्ग में शनिवार को थोक कारोबार जारी रहा। किराना और अन्य व्यापारिक गतिविधियों में खरीदारों की आवाजाही बनी रही।
- **कपड़ा बाजार में खरीदारी बढ़ी :** त्योहारों की तैयारी के बीच इंदौर क्लॉथ मार्केट क्षेत्र में कपड़ा कारोबारियों को ग्राहकी बढ़ने की उम्मीद है।
- **थोक बाजार में कारोबार सामान्य :** होलसेल मार्केट क्षेत्र में शनिवार को व्यापारिक गतिविधियां जारी रहीं। बारिश के बावजूद थोक कारोबार प्रभावित नहीं हुआ।
- **रानीपुरा बाजार में ग्राहकी कायम :** शनिवार को दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही बनी रही। आगामी त्योहारों से व्यापारियों को उम्मीदें हैं।

करीब दो दशक बाद यात्री परिवहन सेवा का चेहरा बदलने की हो रही तैयारी

# प्रदेश में आंध्र मॉडल पर चलेंगी बस, एआई से होगी ट्रैकिंग

## स्टॉप पर मिलेगी कनेक्टेड कैब, मोबाइल पर टिकट, रूट बदला तो अलार्म बजेगा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

मध्य प्रदेश में करीब दो दशक बाद यात्री परिवहन सेवा का चेहरा बदलने की तैयारी हो रही है। सरकार अब सिर्फ नई बसें ही सड़कों पर नहीं उतारेगी बल्कि आंध्र प्रदेश के टेक्नोलॉजी आधारित मॉडल को नई परिवहन व्यवस्था में इस्तेमाल करने की दिशा में भी आगे बढ़ रही है।

इसमें बस में सवार सभी यात्रियों को सीट बेल्ट लगाना होगा। साथ ही, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से बस के रूट समेत अन्य डेटा कलेक्ट करने का काम भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में शुक्रवार से शुरू दो दिवसीय यात्री परिवहन विजन समिट-2026 में ये जानकारी दी। इसी दौरान बस निर्माताओं, आईटी (इन्फॉर्मेशन




टेक्नोलॉजी) कंपनियों, वित्तीय संस्थानों और परिवहन क्षेत्र से जुड़े उद्योगों के एक्सपो में सामने आए मॉडल से बताया गया कि आने वाली बस सेवा पारंपरिक व्यवस्था से काफी अलग होगी। बसें बिजली और सीएनजी से चलेंगी। स्टॉप पर पहुंचते ही कनेक्टेड कैब वाहन भी उपलब्ध होंगे, जो यात्रियों को सीधे घर तक पहुंचाएंगे।

सरकार के सेवा संकल्प माह के तहत 25 सितंबर से प्रदेश की सड़कों पर यात्री परिवहन सेवाओं के नए स्वरूप को उतारने की तैयारी है। इसमें बस के रूट की निगरानी डिजिटल सिस्टम से की जा सकेगी। बस निर्धारित रूट से हटती है तो सिस्टम में इसकी जानकारी मिल सकती है। इसी तरह देरी, अनावश्यक ठहराव और संचालन से जुड़े दूसरे डेटा को भी ट्रैक किया जा सकेगा। दूसरा बड़ा फोकस यात्रियों की सुरक्षा है। बसों में यात्रियों के लिए सीट बेल्ट, फायर अलार्म, पैनिक बटन और सीसीटीवी कैमरे जैसी सुविधाएं होंगी। यानी बस के अंदर की गतिविधियों की निगरानी भी संभव होगी और आपात स्थिति में यात्री मदद मांग सकेंगे। तकनीक के जरिए बस और यात्रा की निगरानी को केंद्रीय व्यवस्था से जोड़ने की कोशिश है।

### एक प्लेटफॉर्म पर सरकारी और निजी बसें

इस मॉडल का सबसे बड़ा प्रयोग पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) व्यवस्था में दिखाई देता है। निजी बस ऑपरेटरों को इस नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। अलग-अलग ऑपरेटरों की बसों को एक सिंगल डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाने की योजना है। टिकटिंग, रूट, टाइमिंग और बस की उपलब्धता जैसी जानकारी एक ही डिजिटल सिस्टम पर उपलब्ध कराने की दिशा में काम होगा।

### आंध्र में काम कर चुकी कंपनी

आईटी कंपनी यश टेक्नोलॉजी के धर्मेंद्र जैन ने कहा- हमने हाल ही में आंध्र प्रदेश में इसी तरह का काम किया है। मप्र की नई बस व्यवस्था में टेक्नोलॉजी सिर्फ टिकट काटने का माध्यम नहीं होगी, बल्कि बस नेटवर्क के संचालन और निगरानी का पूरा सिस्टम डिजिटल प्लेटफॉर्म से नियंत्रित करने की योजना है। नई व्यवस्था में एआई और डेटा टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कई स्तरों पर किया जाएगा।

### मोबाइल से टिकट बुकिंग यूपीआई से भुगतान

अभी कई सिटी बसों या आई-बस सेवाओं में यात्रियों को कार्ड लेकर चलना पड़ता है और उसे स्कैन करना होता है। नई व्यवस्था में यात्री मोबाइल फोन से टिकट बुक और यूपीआई से भुगतान कर सकेंगे। डिजिटल सिस्टम के अलावा वैकल्पिक टिकटिंग और भुगतान व्यवस्था भी रखी जाएगी, ताकि यात्री परिवहन सेवा से बाहर न हो।

1 अगस्त से 10 सितंबर तक निजी और सरकारी अस्पतालों से जांच के दौरान

# 292 में से 172 स्वाइन फ्लू पॉजिटिव

### पुणे में होगी वायरस बदलाव की जांच

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

स्वाइन फ्लू यानी एच1एन1 वायरस के संक्रमण के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। एमजीएम मेडिकल कॉलेज के माइक्रोबायोलॉजी विभाग की वायरोलॉजी लैब में 1 अगस्त से 10 सितंबर तक निजी और सरकारी अस्पतालों से कुल 292 सैंपल जांच के लिए पहुंचे।

इनमें 172 सैंपल एच1एन1 पॉजिटिव मिले। सर्दी-खांसी के सामान्य




लक्षण जैसे ही स्वाइन फ्लू के भी लक्षण होते हैं। डॉक्टरों का कहना है कि इससे डरने की नहीं बल्कि सतर्कता की जरूरत है। अगर सर्दी-खांसी ज्यादा हो तो डॉक्टरी सलाह से ही इलाज लें। दरअसल, एच1एन1, इंफ्लुएंजा ए का एक सबटाइप है। इसी संक्रमण को आम भाषा में स्वाइन फ्लू कहा जाता है। निजी अस्पतालों से पुष्टि के लिए आए 199 सैंपलों में से 153 एच1एन1 पॉजिटिव मिले। सरकारी अस्पतालों से आए 93 सैंपल में से 19 पॉजिटिव मिले। इसके अलावा 8 सैंपलों में इंफ्लुएंजा बी की पुष्टि हुई है। यह अलग प्रकार का वायरस है, इसे स्वाइन फ्लू नहीं कहा जाता।

### ये सिर्फ मौसमी इंफ्लुएंजा घबराने की जरूरत नहीं

चेस्ट एंड टीबी विभागाध्यक्ष डॉ. संजय आवासिया के अनुसार फिलहाल स्वाइन फ्लू को लेकर अलग से पैनिक की स्थिति नहीं है। यह मौसमी इंफ्लुएंजा की तरह हर साल सामने आता है। इस समय गंभीरता मुख्य रूप से हाई रिस्क मरीजों में देखी जा रही है। गर्भवती महिलाएं, कैंसर का इलाज करा रहे मरीज, दमा और किडनी की गंभीर बीमारी वाले मरीज संक्रमण के बाद अस्पताल में भर्ती हो रहे हैं। **गंभीर बीमारी वालों की जांच जरूरी :** आईसीएमआर की गाइडलाइन के अनुसार मुख्य रूप से कैटेगरी सी और कैटेगरी बी के हाई रिस्क मरीजों के सैंपल लिए जाने चाहिए। सामान्य सर्दी-खांसी वाले हर व्यक्ति का सैंपल लेना जरूरी नहीं है। कैटेगरी बी में गर्भवती महिलाएं, दमा, कैंसर और किडनी की बीमारी वाले मरीज आते हैं।

## जीतू की एमआईसी में वापसी पर कालरा परिवार सहित धरने पर बैठे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

बीजेपी के वार्ड 65 के पार्षद कमलेश कालरा शनिवार को परिवार के साथ राजबाड़ा स्थित अहिल्या प्रतिमा के नीचे धरने पर बैठ गए। यह धरना जितेंद्र कुमार उर्फ जीतू यादव की मेयर-इन-काउंसिल में दोबारा नियुक्ति के विरोध में दिया जा रहा है। कालरा अपनी पत्नी अरुणा, मां देवकी और बेटे के साथ हाथों में तख्तियां लेकर न्याय की गुहार लगा रहे हैं।

जीतू यादव की एमआईसी में वापसी के साथ जनवरी 2025 में हुआ कालरा-जीतू विवाद एक बार फिर सामने आ गया है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने शुक्रवार देर रात आदेश जारी कर जीतू यादव को एमआईसी सदस्य नियुक्त किया और उन्हें विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग का प्रभार सौंपा है। जनवरी 2025 में कमलेश कालरा के घर पर कुछ लोगों ने हमला किया था। इस मामले में जीतू यादव के समर्थकों के नाम सामने आने के बाद बीजेपी ने उनके खिलाफ कार्रवाई की थी। पार्टी ने जीतू यादव को छह साल के लिए निष्कासित कर दिया था। कार्रवाई के चलते उनका एमआईसी पद भी चला गया था। यह विवाद एक ऑडियो सामने आने के बाद शुरू हुआ था। इसमें कमलेश कालरा द्वारा नगर निगम के एक कर्मचारी के साथ कथित तौर पर अपशब्द कहे जाने की बात सामने आई थी। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ा और मामला कालरा के घर पर हुए हमले तक पहुंच गया।

## भाजपा पार्षद और भजन गायक आमने-सामने

### गन्नू महाराज बोले- तेरे जैसे कई आए और चले गए, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

वार्ड क्रमांक 9 के भाजपा पार्षद राहुल जायसवाल और मशहूर भजन गायक गन्नू महाराज के बीच विवाद का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में दोनों के बीच बिजली के पोल लगाने को लेकर बहस होती नजर आ रही है।

इसी दौरान गन्नू महाराज पार्षद से कहते सुनाई दे रहे हैं- कई आए, कई गए, तेरे जैसे भी कई आए और चले गए। मामला कमला नेहरू कॉलोनी का बताया जा रहा है।

यहां उद्यान विभाग की जमीन पर संस्कार भवन और योग केंद्र बनाया गया है। रविवार को इसका शुभारंभ होना है। नगर निगम कर्मचारी भवन के बाहर शनिवार को बिजली के पोल लगाने का काम कर रहे थे। इसी दौरान पोल की ऊंचाई और स्थान को लेकर गन्नू महाराज और पार्षद के बीच विवाद हो गया। जानकारी के मुताबिक, गन्नू महाराज का घर इस भवन के सामने है। यहां उनके वाहन और किराएदारों के वाहन खड़े होते हैं। निगम कर्मचारी करीब 8 फीट की ऊंचाई पर पोल लगाने की बात कह रहे थे, जबकि गन्नू महाराज 10 फीट की ऊंचाई पर पोल लगाने की मांग कर रहे थे।

## ब्रिज की रेलिंग तोड़कर 50 फीट नीचे गिरी थार, चार घायल



दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर में रात करीब 3.30 बजे राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के प्रतीक सेतु ब्रिज पर तेज रफ्तार थार रेलिंग तोड़ते हुए करीब 50 फीट नीचे जा गिरी। हादसे में कार सवार चार लोग घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। कार पलटने के बाद उसमें सवार लोग अंदर फंस गए थे, जिन्हें बाहर निकाला गया। थार काफी तेज रफ्तार में थी। ब्रिज पर अनियंत्रित होकर वह रेलिंग तोड़ते हुए नीचे जा गिरी और पलट गई। टक्कर के बाद एयरबैग खुल गए। घायलों की पहचान आरती (25), अभिजीत (20), आदित्य और लावण्या के रूप में हुई है। हादसे में थार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, थार अन्नपूर्णा से बिजलपुर की तरफ जा रही थी। गनीमत ये रही कि प्रतीक सेतु ब्रिज पर हादसे के समय सड़क पर कोई वाहन नहीं था।

मांगलिया स्थित सांची पॉइंट पर हादसा

## गर्म मावा उछलने से एक कर्मचारी की मौत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ मुंबई

मांगलिया स्थित सांची पॉइंट पर हादसा हो गया, जिसमें एक कर्मचारी की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हुआ है। बताया जा रहा है कि ज्यादा गर्म होने से स्टीमर में ब्लास्ट हुआ था। इसमें पेड़े बनाने की कड़ाही का गर्म मावा कर्मचारियों पर उछल गया।

एसीपी पराग सैनी के मुताबिक, मांगलिया इलाके में सांची दुग्ध संघ में शुक्रवार शाम पेड़े बनाने की यूनिट में हादसा हुआ। इसमें दो कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में विनोद कुमार चडार निवासी सागर की मौत हो गई, जबकि तेज सिंह पुत्र सज्जन सिंह निवासी सिंगापुर टाउनशिप गंभीर रूप से घायल हुआ है। पुलिस ने विनोद के शव को बॉम्बे अस्पताल भेजा है। वहीं, तेज सिंह का अस्पताल में उपचार चल रहा है। जल संसाधन मंत्री



तुलसीराम सिलावट ने मांगलिया में हुई दुर्घटना को अत्यंत दुखद बताते हुए शोक व्यक्त किया है। उन्होंने आज बॉम्बे हॉस्पिटल पहुंचकर दुर्घटना में घायल आष्टा निवासी तेजसिंह के स्वास्थ्य की जानकारी ली। मंत्री सिलावट ने चिकित्सकों से चर्चा कर घायल को बेहतर से बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि घायल का निःशुल्क उपचार कराया जाएगा। मंत्री सिलावट ने बताया कि दुर्घटना में मृत सागर निवासी विनोद कुमार चढ़ार के परिजन को मुख्यमंत्री सहायता कोष से 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जा रही है।




# ब्यूटीशियन मौत मामले में कारोबारी दोस्त का सरेंडर

### पत्नी-बच्चों को पुलिस ने बुलाया तो पहुंचा थाने पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिलने के बाद होगी एफआईआर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

ब्यूटीशियन सोनिला शर्मा की मौत के मामले में कारोबारी दीपक खंडेलवाल को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। सूत्रों के मुताबिक, मामले की तहकीकात कर रही तिलक नगर पुलिस ने खंडेलवाल की पत्नी और बच्चों को पूछताछ के लिए थाने बुलाया था। इसके बाद ही फरार चल रहा खंडेलवाल सरेंडर करने पहुंचा।

हालांकि, पुलिस की तरफ से बताया गया है कि दीपक खंडेलवाल को शुक्रवार देर रात बायपास इलाके से हिरासत में लिया गया है। बता दें कि सोनिला की मौत के बाद दीपक फरार चल रहा था। सुराग पाने के लिए पुलिस ने उसकी पत्नी और बच्चों से पूछताछ की थी।

पत्नी ने पुलिस को बताया था कि उसका दीपक से संपर्क नहीं हो रहा है। इस पर पुलिस ने उसे जरूरत पड़ने पर थाना बुलाने की बात कही थी। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है, लेकिन अभी मौत की वजह




### होटल के स्टाफ से कहा था- दोस्त की तबीयत खराब है

दरअसल, 9 सितंबर को इंदौर के तिलक नगर स्थित एलएक्स होटल के कमरे में 32 वर्षीय ब्यूटीशियन सोनिला शर्मा की मौत हो गई थी। सुंदर नगर निवासी सोनिला, पाइप कारोबारी दीपक खंडेलवाल के साथ होटल पहुंची थी। दोनों ने कमरा किराए पर लिया था। कुछ घंटे बाद दीपक कमरे से निकलकर होटल स्टाफ के पास पहुंचा। उसने कहा- मेरी दोस्त की तबीयत खराब है। उसे अस्पताल ले जाना है। इसके बाद दीपक सोनिला को अक्षत अस्पताल ले गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद दीपक फरार हो गया।

को लेकर किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद एफआईआर दर्ज करने को लेकर फैसला हो सकता है।
















मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com